

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -171, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 22.8° अधिकतम तापमान | 19.8° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 :46 सूर्यास्त 5 : 55

कानपुर, रविवार, 11 फरवरी 2024


रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...2

## एक नजर

### महशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

### पाकः गठबंधन सरकार के लिए जोड़-तोड़ शुरू

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान के आम चुनाव में किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के मद्देनजर गठबंधन सरकार के गठन के लिए चर्चाएं और जोड़-तोड़ की कोशिशें शुरू हो गई हैं। त्रिशंकु संसद बनने के आसार के बीच गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को तब गति मिली, जब पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों से पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए हाथ मिलाने की अपील की।

# लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

## गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



### लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

### सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

# पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी भारत की ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह है, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'



- लोकसभा चुनाव से पहले सदन में आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री
- बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

### सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

### सभी सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पारित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए।

# पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है।



- पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

# ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

- पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

# कश्मीर में 10 जगहों पर एनआईए का छापा

जम्मू, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने में कथित रूप से शामिल तत्वों के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत शनिवार को यहां छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि जम्मू शहर के गुज्जर नगर और शहीदी चौक समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक निजी स्कूल और उसके अध्यक्ष समेत तीन अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एनआईए के अधिकारियों ने छापा मारा। 28 फरवरी, 2019 को यूएपी अधिनियम के तहत एक गैरकानूनी संघ घोषित होने के बाद भी जमात-ए-इस्लामी को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग गतिविधियों को अंजाम देते हुए पाया गया है।



- आतंकवादी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने की कार्रवाई

### इधर, तमिलनाडु में कार बम ब्लास्ट को लेकर 27 जगहों पर तलाशी

**चेन्नई।** एनआईए के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था। एक सूत्र ने बताया कि चेन्नई, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और कोयंबटूर जिलों में उन लोगों के परिसरों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिन पर आईएसआईएस या उसके समर्थकों से संबंध होने का संदेह है। छापेमारी शनिवार सुबह शुरू की गई।

# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को ईडी का समन

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है। यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के दुरुपयोग से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि उन्हें पीएमएलए के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। बरेली में सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की थी। सलमान खुर्शीद संप्रग सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं।



- दिव्यांग उपकरण वितरण में हेराफेरी मामले में 15 फरवरी को तलब किया

# बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा, होगी मजिस्ट्रेट जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है, लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा। यहीं एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर उपद्रवियों ने भीषण आगजनी और तोड़फोड़ की थी। हिंसा की घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच 15 दिन के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कुमाऊं के आयुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रेट जांच करेंगे और 15 दिन के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शनिवार को कर्फ्यू बनभूलपुरा तक सीमित करने का आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि नैनीताल-बरेली मोटर रोड पर वाहनों की आवाजाही और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर कोई पाबंदी नहीं रहेगी। इस बीच शनिवार शाम हल्द्वानी में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं।

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) एपी अंशुमन ने बताया, 'प्रभावित इलाके में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है।'

### हल्द्वानी की हिंसा



- कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत करेंगे दंगे की जांच

### पांच गिरफ्तार गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में हिंसा और आगजनी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान का काम जारी है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे के अनुसार जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें महबूब आलम, जिशान परवेज, अरशद, जावेद सिद्दीकी और असलम उर्फ असलम चौधरी शामिल हैं।

# आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियनः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' इसी दौरान सदन में किसी ने शिवपाल यादव का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चौ. चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।



- विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान
- योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

### काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

### पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें: योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।


करौली शंकर महादेव धाम

करौली शंकर महादेव

के द्वारा पूज्यनीय बाबा श्री राधा रमण मिश्र जी के 140 वां भव्य जन्मोत्सव में आप सभी भक्तों का हार्दिक स्वागत है

दिनांक : 10 से 14 फरवरी 2024

पूज्यनीय बाबा श्री राधा रमण मिश्र जी 140 वां जन्मोत्सव

बसंत पंचमी बुधवार 14 फरवरी सायं 6 बजे से



श्री करौली शंकर (गुरुजी)



कानपुरः करौली शंकर पूर्वज मुक्ति धाम, लव कुश आश्रम, ग्राम करौली, कानपुर | हरिद्वार : श्री करौली शंकर धाम, भारत माता पुरम कॉलोनी, भूपत वाला, हरिद्वार | YouTube Karauli Sarkar - Ishwariya Chikitsa Vigyan Kendra

निवेदक : शंकर सेना – सुबोध चोपड़ा (प्रदेश अध्यक्ष, शंकर सेना, उत्तर प्रदेश) | अरुण कुमार अग्रवाल (प्रदेश अध्यक्ष, शंकर सेना, कर्नाटक) | कुमार बदलानी (अध्यक्ष, शंकर सेना, मुंबई) | शिव राज सिंह सिकरवार (प्रदेश अध्यक्ष, शंकर सेना, मध्य प्रदेश)

**बुमराह से हुई अपनी बात को इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन से किया साझा**

# बुमराह को खुद को सफेद गेंद का विशेषज्ञ कहना पसंद नहीं: शास्त्री

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं।

विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर 9 विकेट झटके। इससे यह खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट लेने वाला भारतीय बन गया। शास्त्री ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया। शास्त्री ने कहा कि कोलकाता में मैंने बुमराह से पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था और देखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा कि तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं उसे दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं। बुमराह ने जनवरी 2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया।

# छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल: बेनोनी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी



भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रुलाया था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

कप्तान सहारन ने बेनोनी से दिए साक्षात्कार में कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं।

भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्रॉफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गयी है। अंडर-19 विश्व कप ने युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, कोहली, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार क्रिकेटर दिये हैं। लेकिन उन खिलाड़ियों की सूची इससे भी ज्यादा बड़ी है जो 'स्टारडम' हासिल करने के बाद शीर्ष स्तर तक पहुंचने में असफल रहे।

**भारत**

उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

**ऑस्ट्रेलिया**

ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर



**वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3 .5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

### मार्कोस ने शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराया

**डलास, एजेंसी।** गैर वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन ने शुक्रवार की रात शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को हराकर उलटफेर करते हुए हार्डकोर्ट टूर्नामेंट डलास ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गिरोन ने क्वार्टरफाइनल में टियाफो पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में गिरोन का सामना आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। बेन शेल्टन ने जोर्डन थॉम्पसन को 6-7 (2), 6-4, 6-4 से हराया और इस तीसरे वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी का सामना सेमीफाइनल में हमवतन टॉमी पॉल से होगा। दूसरे वरीय पॉल ने जर्मनी के डोमिनिक कोफर पर 7-5, 6-3 से जीत हासिल की।

### रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

### मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद्द



**हांगकांग, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

# कोहली शृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

## बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट शृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से शृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी शृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं।

बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट शृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर





खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं।

मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो



**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

**टाटा आईपीएल 2024 के लिए वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज 3 करोड़ रुपए में टीम से जुड़े**



लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया।

पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा।

आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने दूसरी पारी में सात विकेट झटके थे जिससे वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस घोषणा का मतलब वुड आईपीएल के आगामी सत्र के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि इसका कारण नहीं पता है। वह इस समय भारत दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के साथ हैं।

# जॉनसन को अच्छे प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की उम्मीद

मेलबर्न, एजेंसी



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ की राशि में टीम में शामिल किया था।

यह 28 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को एडीलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने को तैयार है। जॉनसन ने कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच में शानदार प्रदर्शन करना अच्छा होगा लेकिन विश्व कप में अभी लंबा समय है और अगर मेरा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा रहता है तो पूरी उम्मीद है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं।

जॉनसन ने अभी तक एक वनडे और दो टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने 2023-24 में बिग बैश लीग में सफल अभियान में 11 पारियों में 19 विकेट झटके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बिग बैश लीग में मैंने जो प्रदर्शन किया है, उम्मीद है कि वह काफी होगा। आईसीसी टी20 विश्व कप आईपीएल खत्म होने के बाद जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।



शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

## बॉलीवुड हलचल

### यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

### 8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा



निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

### रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह



दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

### रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी



**नई दिल्ली।** 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6 .1 करोड़ की कमाई की है. जबकि लाल सलाम ने केवल 4 .3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

### अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू




**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### लापता बालक को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

मऊ (चित्रकूट)। ऑपरेशन मुस्कान के तहत क्षेत्राधिकारी लाइंस राजकमल की अगुवाई में पुलिस टीम ने बालक को ढूंढकर परिजनों को सौंपा। 24 जनवरी को पूजा तिवारी पत्नी देवेंद्र तिवारी निवासी शिवनगर (मानिकपुर) ने थाने में सूचना दी कि उसका बेटा विकास तिवारी उर्फ बाबू (14) घर से बिना बताए निकला और अभी तक घर वापस नही आया। इस पर सीओ ने पुलिसकर्मियों के साथ गुमशुदा को ढूंढा और परिजनों को बुलाकर सकुशल सौंपा। परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

### कालूपुर में दो दिवसीय किसान मेला 12 को

चित्रकूट। 12 फरवरी को मंदाकिनी भवन कालूपुर में दो दिवसीय किसान मेला लगेगा। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने दी। उन्होंने किसानों को बताया है कि मेले में औद्योनिक फसलों में हो रहे नए प्रयोगों की जानकारी दी जाएगी। संकर शाक भाजी बीज का वितरण भी कार्य किया जाएगा। बताया कि इसके लिए किसानों को आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा विभागीय ऑनलाइन पंजीयन की पावती की छायाप्रति लानी होगी।

### जुआ खेलने के आरोप में तीन लोग पकड़े गए

चित्रकूट। चौकी सीतापुर के एसआई मेवालाल मौर्या ने जुआ खेलने के आरोप में अभिषेक गिरि निवासी राघवपुरी, अशोक गिरि निवासी चौगलिया बाजार तथा लल्लू निवासी कछियाना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मालफड़ से 1240 रुपये व जामातलाशी से 290 रुपये बरामद किए। इनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह और शिवपूजन शामिल रहे।

# फुटपाथ पर लगाई जा रही दुकानों का जब्त करें सामान: जिलाधिकारी

## थाना समाधान दिवस पर सुनीं लोगों की समस्याएं, दिए दिशा-निर्देश


जनसमस्याएं सुनते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार


राजापुर में समस्याएं सुनते उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को कर्वी कोतवाली में थाना समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं जानीं। इस मौके पर उन्होंने एसडीएम सौरभ यादव और ईओ लालजी को निर्देश दिए कि शहर में फुटपाथ पर लगाई जा रहे दुकानों को अभियान चलाकर हटवाएं और सामान जब्त कर नगर पालिका में रखें। इसे जुर्माना लगाने के बाद ही छोड़ें।

दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थों को समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने पिछले थाना दिवसों में आई शिकायतों और उनके समाधान के बारे में भी जाना। बताया कि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्याग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि फुटपाथों पर साइन बोर्ड भी लगवाएं। भूमि संबंधी मामलों को कानूनगो व लेखपाल को मौके पर भेजकर निस्तारित कराएं। डीएम ने कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों का निस्तारण परिवार परामर्श केंद्रो पर प्राथमिकता से कराएं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अजित पांडेय आदि अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल मौजूद आदि रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही कर्मचारियों पर भारी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को फरियादियों की समस्याओं को न सिर्फ गंभीरता से सुनना चाहिए बल्कि उसका समाधान निकालने का भी प्रयास करना चाहिए।

**स्वयंभू स्टेशन इंचार्ज उगाही करते मिले तो होगी कार्रवाई: राजापुर:** उप जिलाधिकारी प्रमोद झा व क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने थाना समाधान दिवस में जनसमस्याएं सुनीं। तीन शिकायती पत्रों में से एक का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके बाद हुई वाहनचालकों व मालिकों की बैठक में एसडीएम ने कहा कि अगर बिना परमिट डग्गामार वाहन चलते पाए गए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वयंभू स्टेशन इंचार्ज को पैसा दिए जाने की बात सामने आई तो कड़ी कार्रवाई होगी। काम में शिथिलता किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी। इसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

एसडीएम ने एसओ मनोज सिंह को परमिटयुक्त वाहनों के संचालन के लिए बाईपास तिराहे की नजूल की जमीन पर चारों रूटों कमासिन, मऊ, कर्वी व मानिकपुर के परमिटयुक्त वाहनों को खड़ा कराने के निर्देश दिए। आगाह किया कि विभिन्न मार्गो पर चल रहे टेंपो, टैक्सी और ई-रिक्शा को चौराहे, तिराहे और मेन रोड से 200 मीटर की दूरी पर खड़ा कराएं। ईओ बीएन कुशवाहा को कड़े निर्देश दिए कि बस अड्डों में यात्री शेड, पेयजल शौचालय आदि सुविधाओं की व्यवस्था कराएं। कहा कि डग्गामारी व बिना परमिट के वाहन चलाने पर वाहन स्वामियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। गाड़ियां सीज करा दी जाएंगी और वाहनों में परमिट तथा संपूर्ण अभिलेख रखने होंगे। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, देव कुमार यादव, रामनरेश पांडेय, मनीष पांडेय आदि मौजूद रहे।

# गौरव महोत्सव से बुंदेलखंड की लोक संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा: डीएम


अभिषेक आनंद, जिलाधिकारी।

**चित्रकूट कार्यालय:** पर्यटन विभाग के तत्वाधान में बुंदेलखंड के सातों जिलों में होने वाले बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत चित्रकूट में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत 13 फरवरी से होगी।

डीएम ने बताया कि आयोजन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रेरणा से किया जा रहा है। हॉट एयर बैलून की उड़ान पहले दिन प्रातः साढ़े छह बजे से सीआईसी मैदान से होगी। गणेश बाग में योगाभ्यास और हेरिटेज वाक मड़फा किला में, वाटर स्पोर्ट्स गुंता बांध में होंगे। सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम सीआईसी मैदान में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्घाटन जनप्रतिनिधि करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने भी कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि विद्यालयों में हो रही चित्रकला प्रतियोगिताओं में प्रत्येक तहसील से प्रथम आने वाले आठ वर्ष के ऊपर की आयु के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉट एयर बैलून की फ्लाइट का अवसर मिलेगा। हेरिटेज वाक के तहत विद्यार्थियों के ज्ञान संवर्धन की मंशा है। हेरिटेज वॉक एवं योगाभ्यास में आने वाले प्रथम 100 व्यक्तियों को बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की टीशर्ट दी जाएगी। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में राई, गायन, कोलाई नृत्य, कथक नृत्य नाटिका आकर्षण का केंद्र रहेंगे। भजन गायिका स्वाति मिश्रा की प्रस्तुति राम आए हैं...भी होगी। 14 फरवरी की शाम साढ़े छह बजे से रोमी बैंड के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। महोत्सव का समापन आतिशबाजी से होगा।

## परीक्षा ड्यूटी को जिम्मेदारी से करने के दिए निर्देश

**चित्रकूट।** एसपी ने राघव प्रेक्षागार में 11 फरवरी को होने वाली समीक्षा अधिकारी परीक्षा ड्यूटी के संबंध में बैठक कर पुलिसकर्मियों को जिम्मेदारी से कर्तव्यनिर्वहन के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि गहनता से प्रत्येक अभ्यर्थी की तलाशी करें व प्रतिबंधित वस्तुओं को परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं जाने दें।

बताया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों के मेन गेट परीक्षा शुरू होने के 10 मिनट पूर्व ही बंद कर दिए जाएं। इस दौरान सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, नगर हर्ष पांडेय, मऊ जयकरन सिंह, यातायात राजकमल आदि मौजूद रहे।

## पुत्री को जहर देकर मारने का आरोप, दी तहरीर

**चित्रकूट कार्यालय:** बरगढ़ थानांतर्गत गाहुर गांव निवासी बद्री प्रसाद शुक्ला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को ससुरालीजनों ने जहर देकर मार डाला। उधर, एसओ का कहना है कि बिसरा रिपोर्ट आने के बाद ही एफआईआर दर्ज की जाएगी। बद्री प्रसाद ने बताया कि उसने अपनी बेटी मोनू देवी की शादी एक गांव में की थी। आरोप लगाया कि उसके दामाद की हरकतों का विरोध करने की वजह से उसकी बेटी के साथ मारपीट और गालीगलौज की जाती थी। इसकी शिकायत जब वह सास-ससुर से करता तो दोनों अपने बेटे का ही पक्ष लेते। उसकी बेटी को इन लोगों ने घर से भी निकाल दिया था और तब 14 अगस्त 23 को लिखित समझौता हुआ था और बेटी वापस ससुराल जा सकी थी। बताया कि बेटी ने कई बार अपनी हत्या होने की आशंका भी जताई थी। 30 जनवरी 24 को ससुर ने फोन करके बताया कि मोनू ने जहर खा लिया है और अस्पताल भेज रहे हैं। जब वह वहां पहुंचा तो एंबुलेंस में उसका शव पड़ा था। उसने आशंका जताई है कि ससुरालीजनों ने बेटी को जहर देकर मार डाला है। उसने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुहार की। उधर थाना प्रभारी राकेश मौर्या ने बताया कि मामला संज्ञान में है। बिसरा रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

# नालानुमा गड्ढे से हो रही परेशानी

चित्रकूट कार्यालय


गड्ढे से राहगीर आए दिन हो रहे हादसे के शिकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरकारी विभागों का गजब हाल है। कब कौन सी सड़क उखाड़ दें, फिर बिना काम छोड़ दें, कहा नहीं जा सकता है। मिर्जापुर-झांसी हाईवे की तो बात ही निराली है। बेड़ी पुलिया से लेकर पुल तक पहले इसे नाले के लिए खोदा गया। विवादास्पद नाला जैसे तैसे बनकर तैयार हुआ तो पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई की गई। अब एक बार फिर इसे इंटरलाकिंग डालने के नाम पर खोद दिया गया है।

उल्लेखनीय यह कि इसे खोदकर इससे निकली मिट्टी ठेके पर उठवा दी गई और सड़क लगभग एक फुट गहरा और दो फुट के आसपास चौड़ा नालानुमा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। अब आए दिन लोग इसमें गिरकर चुटहिल हो रहे हैं और विभाग के जिम्मेदारों को चिंता नहीं है। लोगों ने जिलाधिकारी से ध्यान देने का अनुरोध किया है।

## अनियमित भुगतान के लपेटे में आए पांच और सचिव

**चित्रकूट कार्यालय:** पहाड़ी और मानिकपुर ब्लाकों में अनियमित भुगतान के आरोप के लपेटे में पांच और सचिव आए हैं। इनको भी निलंबित कर दिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि इस मामले में कई और लोगों पर भी कार्रवाई की गाज गिरेगी।

दोनों ब्लाकों की 77 ग्राम पंचायतों में ग्राम निधि के खाते से दो फर्मों को अनियमित तरीके से 22 लाख 82 हजार रुपये भुगतान का मामला है। इसके तहत डीपीआरओ, एडीपीआरओ, मंडलीय उप निदेशक पंचायत के साथ सात सचिव पहले ही निलंबित किए जा चुके हैं। तीन संविदाकर्मियों की सेवासमाप्ति भी हो चुकी है। अब कार्रवाई की जद में पांच और ग्राम पंचायत और ग्राम विकास अधिकारी आए हैं। इनमें पहाड़ी ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार, मान सिंह और राहुल सिंह और ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका शुक्ल व रामभरोस शामिल हैं। गौरतलब है कि ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से दोनों विकास खंडों में प्राइवेट पर्सन राजू इंप्लाइड और अर्नव टेक्नोलाजी को अनियमित भुगतान किए जाने का आरोप है। इस मामले में 22 ग्राम पंचायतों के 17 सचिवों पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा चुकी है। दो अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है।

# पुलिसकर्मियों की तैनाती में फेरबदल, 169 इधर से उधर

## कर्वी कोतवाली से 10 कांस्टेबल भेजे गए थाना बरगढ़

**चित्रकूट कार्यालय:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों की तैनाती में भारी फेरबदल किया है। 169 कांस्टेबिल, हेड कांस्टेबिलों का तबादला किया गया है। एसपी ने बताया कि जनदीय स्थापना बोर्ड नौ फरवरी को हुई बैठक पर लिए गए निर्णय के आधार पर ये स्थानांतरण किए गए हैं। सबसे अधिक 20 तबादले कर्वी कोतवाली में हुए हैं। यहां से नौ पुलिसकर्मियों को बरगढ़ भेजा गया है। हेड कांस्टेबिल बाबूलाल को भरतकूप, भारत सिंह को बरगढ़, कांस्टेबिल अबरार हुसेन को पहाड़ी भेजा गया है। आकाश कुमार, सुलभ पटेल, रोहित यादव, पीयूष शरन श्रीवास्तव, रंजीत यादव, संजीव कुमार, रोहित सिंह, शिवम राजपूत, गोलू भार्गव का तबादला बरगढ़ किया गया है। अमरेंद्र प्रताप सिंह को मारकुंडी, धीरेंद्र किशोर को मानिकपुर, दिनेश यादव को राजापुर, जयनारायण पटेरिया को पहाड़ी, अमित कुमार, विनोद यादव और विवेक कुमार को मानिकपुर भेजा गया है। निवेदता चौधरी का स्थानांतरण रैपुरा हुआ है। सीतापुर चौकी से चार, शिवरामपुर चौकी से छह, महिला थाना से तीन, बहिलपुरवा से नौ, भरतकूप से आठ, राजापुर से 17, गनीवां चौकी से दो, रैपुरा से 10, पहाड़ी थाने से 16, मऊ से 13, मानिकपुर से 13, सरैंया चौकी से दो, बरगढ़ से 15, मारकुंडी से आठ, पुलिस लाइंस से 15,चौकी परिक्रमा मार्ग से एक पुलिसकर्मी का तबादला किया गया है। हेड कांस्टेबल तहरूनिशा को ग्राम न्यायालय मानिकपुर से जीआरपी थाना मानिकपुर संबद्ध किया गया है।

# नानाजी चाहते थे गांवों में न हो बेरोजगारी

## महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ग्रामोदय महोत्सव का तीसरा दिन

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)



व्याख्यान माला को संबोधित करते अभय महाजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में ग्रामोदय महोत्सव के तीसरे दिन व्याख्यानमाला में नानाजी देशमुख के ग्रामोदय मॉडल पर चर्चा हुई। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव अभय महाजन ने कहा कि नानाजी चाहते थे कि गांवों मे कोई अशिक्षित और बेरोजगार न रहे।

महाजन ने विद्यार्थियों को नानाजी की ग्रामोदय संकल्पना एवं कार्यशैली को अपनाने की अपील की। बताया कि नानाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर 25 से 27 फरवरी तक सतत् विकास के लक्ष्य को लेकर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत विचार प्रमुख राकेश तिवारी ने ग्रामोदय और ग्रामोत्थान के लिए स्वदेशी विचार को क्रांति लाने वाला बताया। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा ग्रामोदय की दिशा में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। स्वागत उद्बोधन प्रो. आईपी त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन प्रो. नंदलाल मिश्रा ने किया।

संचालन डॉ. ललित कुमार सिंह ने किया। नारी सशक्तिकरण संगोष्ठी का विषय वर्तमान परिदृश्य में नारी शक्ति था। बौद्धिक प्रतियोगिता 13 प्रतिभागियों ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान खेल, सांस्कृतिक और ललित कला प्रतियोगिताएं और अन्य कार्यक्रम हुए। इनमें शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों, छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता की।

## पुलिस ने 105 वाहनों का किया ई-चालान

**चित्रकूट:** सड़क सुरक्षा माह के परिपेक्ष्य में यातायात पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 105 वाहनों का एक लाख 72 हजार का ई-चालान किया। एसपी अरुण कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी यातायात राजकमल के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह की ओर से कर्वी शहर के धनुष चौराहा, बेड़ी पुलिया, चकरेही चौराहा, गल्ला मंडी, पटेल तिराहा आदि प्रमुख मार्गों पर ओवरलोड वाहनों, दो पहिया वाहनों में बिना हेलमेट तथा चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाए लोगों की चेकिंग की गई।

# पहले किया रेप फिर फोटो कर दी वायरल

**राजापुर, चित्रकूट:** थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ गांव के एक युवक ने दुराचार किया और विरोध करने पर सोशल मीडिया में उसकी फोटो वायरल कर दी। उसने इस संबंध में सीओ को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की है। एसओ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी 15 वर्षीया पुत्री को बरगलाकर गांव का एक युवक लगभग एक माह से दुराचार कर रहा था। लोकलाज के भय से उसकी बेटी चुप थी। जब बेटी ने उसका विरोध करना शुरू किया तो आरोपी ने उसकी फोटो वायरल कर दी। फोटो को दिखाकर आरोपी के भाई ने भी बेटी के साथ छेड़छाड़ की और संबंध बनाने का दबाव डाला। परेशान होकर बेटी ने घरवालों को यह बात बताई। बताया कि छह फरवरी को राजापुर थाने में सुलहनामा लिखकर अंगूठा लगवा लिया गया। अब आरोपी घर आकर धमकी देता है कि वह उसकी बेटी को घर से उठा ले जाएगा। उसने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गुहार की है। उधर, एसओ मनोज चौधरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने की पूजा-अर्चना

**सीतापुर, चित्रकूट:** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से तीर्थ क्षेत्र में बरहा के हनुमान जी के बाद आरती स्थल में लगातार पूजन कार्यक्रम हो रहा है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने यहां सांध्यकालीन आरती की। संस्कृत विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष कथावाचक विपिन विराट ने बताया कि कामतानाथ पर्वत की आरती लगातार हो रही है। बताया कि इस पर्वत पर वनवास काल में श्रीराम ने जानकी और लक्ष्मण के साथ 11 साल 11 महीने 11 दिन बिताए थे। आरती के लिए पांच लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। तीन सेवादार समेत 10 की टोली रोजाना शाम छह बजे आरती करा रही है।

अभियान

प्रदूषण से कराह रही मंदाकिनी नदी की सुधि लेंगे युवा, नयागांव रपटे से बूढ़े हनुमानजी मंदिर तक पटी है लाल रंग की जलीय काई

# अब फिर नदी का स्वरूप निखारने के लिए जुटेगी बुंदेली सेना

चित्रकूट कार्यालय


अजीत सिंह। अमृत विचार


मंदाकिनी नदी में व्याप्त गंदगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भीषण गंदगी और प्रदूषण का सामना कर रही मंदाकिनी नदी की एक बार फिर युवाओं ने सुधि लेने की ठानी है। बुंदेली सेना की अगुवाई में एक बार फिर जोरदारी से सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मंदाकिनी में इन दिनों भीषण प्रदूषण है। कर्वी के घाटों के साथ तीर्थक्षेत्र में नयागांव रपटे से लेकर बूढ़े हनुमानजी मंदिर तक लाल रंग की जलीय काई से नदी पटी है। चोई और चारे का तो अंबार लगा है। बताया कि ऐसे में बुंदेली सेना ने एक बार फिर युद्ध स्तर पर नदी सफाई अभियान शुरू करने और मंदाकिनी को सदानीरा बनाने का लक्ष्य बनाया है। बताया कि मंदाकिनी नदी में साल दर साल पानी कम होता जा रहा है। उद्गम स्थल से ही पानी कम आ रहा है। इससे नई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पहले जहां सफाई की आवश्यकता अप्रैल के आसपास होती थी, वहीं अब की बार जनवरी के दूसरे पखवारे से प्रदूषण बढ़ा है। अब नदी की सफाई का अभियान बुंदेली सेना जल्द ही शुरू करेगी। कार्ययोजना बनाकर एक तरफ से सफाई शुरू होगी। अजीत ने कहा कि जिससे जितना बन पड़े नदी की सेवा जरूरी है जो सफाई नहीं कर सकते, वे नदी में पालीथिन, कचरा गंदगी न फेंके, यही उनकी नदी सफाई अभियान में आहुति होगी। जल है तो कल है।

### सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं

अजीत सिंह ने कवि दुष्यंत कुमार की पक्तियों से तंज कसा, सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं, मेरी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठन नदी को लेकर आरोप प्रत्यारोप और बयानबाजी तक सीमित हैं। अपील की कि वे भी बिना समय गंवाए नदी सफाई अभियान में जुटें।

## पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली कर्वी का मुआयना

**चित्रकूट कार्यालय:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, बंदीगृह, मालखाना, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, आवासीय परिसर का भ्रमण किया और प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय को निर्देश दिए। थाना परिसर में निर्माणाधीन आवासीय बिल्डिंग को देखा, कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक आशुतोष तिवारी, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोठिलिहाई, विकास खंड मानिकपुर चित्रकूट**

**निविदा**

विकास खंड मानिकपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोठिलिहाई में सासंद निधि योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी।
दिनांक 9/2/2024से 13/2/2024 तक

| क्र0सं0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेघराज के घर के सामने से माताबदल के घर की ओर इंटर लाकिंग निर्माण | 5 लाख | 10000 | 500 |

रामसिंह, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोठिलिहाई
विकास खंड- मानिकपुर, चित्रकूट

संगीता देवी, सचिव
ग्राम पंचायत कोठिलिहाई
विकास खंड- मानिकपुर, चित्रकूट

## एक नजर

### नशे में युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा, अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र के शिवलोचन पुरवा मवई गांव निवासी अज्जू यादव (25) पुत्र विजय यादव शुक्रवार की रात नशे की हालत में घर आया। कमरा बंद कर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंची पत्नी नेहा ने दरवाजा खुलवा लेकिन वह बाहर नहीं निकला। दरवाजा तोड़कर परिजन कमरे के अंदर पहुंचे देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि अज्जू मजदूरी करता था। घटना का कारण अज्ञात है।

### कर्जदार किसान ने फांसी लगा जान दी

**बांदा :** बिसंडा थाना क्षेत्र के जरोहरा गांव निवासी राजाबाबू यादव (45) पुत्र जौहरी ने शनिवार दोपहर अपने घर के कमरे में लकड़ी की धन्नी में लुंगी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी राजरानी ने कुछ देर बाद कमरे में उसका शव फंदे पर लटकते देखा। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी रामआधार सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि चार-पांच माह पूर्व बरसात में बिजली गिरने से 13 बकरियां खत्म हो गई थी। बच्चों के पढ़ाई लिखाई व अन्य खर्चों के लिए गांव में साहूकारों से थोड़ा बहुत कर्ज लिए हुए थे। जिसको लेकर वह अक्सर परेशान रहते थे।

### युवती ने जहर खाया

**तिंदवारी :** थाना क्षेत्र के धौसड़ गांव निवासी पूनम (35) पत्नी अमर ने शुक्रवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर ससुराल में जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हादसों में तीन घायल

**अतर्रा :** थाना क्षेत्र के आऊ गांव निवासी कल्ली (53) व शहर कोतवाली क्षेत्र के डिंगवाही गांव निवासी रज्जाक (18) ई-रिक्शा में सवार होकर आऊ से अतर्रा आ रहे थे। बिसंडा-अतर्रा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पहले गुठिल्ला पुरवा मोड़ के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य घटना मे गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव निवासी रामचंद्र (21) बाइक से गांव लौट रहा था। अचानक मवेशी आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने से वह घायल हो गया। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### फांसी लगा खुदकुशी का प्रयास

**बांदा :** शहर कोतवाली क्षेत्र के बिजली खेड़ा निवासी राजेंद्र (40) पुत्र रामसिया का शनिवार की दोपहर भतीजी प्रदीप से सौ रूपए के लेन देन को लेकर विवाद हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजेद्र की पत्नी शोभा ने बताया कि राजेंद्र और भतीजा पांच दिन पहले पूना से घर आए है। भतीजा प्रदीप खर्चा के लिए रूपया मांग रहा था।

### सुलह होने के बाद फिर साथ रहने को राजी हुए दंपत्ति

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम व समाजसेवियों द्वारा पारिवारिक झगड़े को आपसी सुलह समझौते से निपटाते हुए एक परिवार को टूटने से बचा लिया। थाना बबेरू क्षेत्र की रहने वाली आवेदिका उमा देवी ने पुलिस अधीक्षक को पति के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक ने यह मामला परिवार परामर्श केंद्र की उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी को सौंपा, जिस पर शिकायतकर्ता की शिकायत सुनी गई और दूसरे पक्ष से संपर्क कर उन्हें केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों को समझा बुझाकर सुलह कराई गई। दोनों पति-पत्नी साथ रहने के लिए सहमत हो गए। उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी, काउंसलर सीमा सिंह, डॉ.सबीहा रहमानी, कनीज जहरा मौजूद रहीं।

# फाइलेरिया की दवा पूर्णतः सुरक्षित, सभी सेवन करें : जिलाधिकारी

**झंडी दिखाकर जिलाधिकारी ने रैली को किया रवाना**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करतीं जिलाधिकारी।

**अमृत विचारः** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन (आईडीए राउंड) कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला पुरुष अस्पताल में स्वयं दवा खाकर किया। फाइलेरिया से मुक्ति के लिए जिले में 20.86 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। डीएम ने इस अभियान में आमजन मानस को आगे आकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। इससे पहले डीएम ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

डीएम ने स्वयं दवा खाने के बाद फाइलेरिया उन्मूलन के लिये जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल नर्सिंग छात्र छात्राओं ने जन-जन का है एक ही नारा, फाइलेरिया मुक्त हो देश हमारा, स्वस्थ होगा शहर व गांव, जब जड़ से मिटेगा हाथी पांव... जैसे प्रेरक नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। साथ ही लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए 10 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जानकारी दी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और लोगों को फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए दवा खाने और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान शुभारंभ करने के बाद डीएम ने इंदिरा नगर क्षेत्र स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल पहुंची। यहां उन्होंने उपस्थित छात्राओं को अपने हाथों से फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करवाया।

उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्यकर्मी जब भी घर पर दवा खिलाने आयें तो दवा का सेवन जरूर करें। दवा पूरी तरह फाइलेरिया से बचाव में कारगर और सुरक्षित है। कहा कि वह खुद दवा का सेवन करें और आसपास के लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है। पांच साल में तीन बार यानी साल में एक बार इस दवा का सेवन कर लेने से फाइलेरिया (हाथीपांव व हाइड्रोसील) से बचाव होगा। उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई और अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर भी किया। एसीएमओ डॉ.अजय कुमार ने दवा खिलाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सभी स्वास्थ्य उप केंद्र, सभी स्वास्थ्य केंद्र, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सभी वार्ड कार्यालय को बूथ बनाया गया है। यहां दवा का सेवन कराया जाएगा। एसीएमओ वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ.मुकेश पहाड़ी ने बताया अभियान के लिए 1814 टीम गठित कर 300 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। बताया कि जिले में हाथीपांव के 732 मरीज चिन्हित हैं।

**अफसरों ने भी किया दवा का सेवन**

जिला पुरुष अस्पताल में डीएम द्वारा अभियान का शुभारंभ करने के बाद जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आरके गुप्ता समेत सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आम जनता ने फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया। इस अवसर पर मलेरिया निरीक्षक, यूनिसेफ, स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर), पीसीआई और पाथ के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

**आशा व स्वास्थ्यकर्मी खिलाएंगे दवा**

जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) पूजा अहिरवार ने कहा कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाएंगे और अपने सामने ही दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराएंगे। गर्भवती व अति गंभीर बीमार को दवा का सेवन नहीं करना है। एक से दो वर्ष तक के बच्चों को सिर्फ पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी।

# 72 लाख से ज्यादा की संपत्ति जब्त

## पुलिस ने की कार्रवाई, अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर समेत संगीन मामलों में केस दर्ज

**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर हुई कुर्की की कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, बांदा


अभियुक्त का मकान सील करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अपराधियों एवं माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति के क्रम में बांदा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 2 अभियुक्तों की अवैध रुप से अर्जित लगभग 72 लाख 78 हजार 200 रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ने 31 जनवरी को कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए थे। अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत हत्या का प्रयास और डकैती समेत आर्म्स एक्ट क मुकदमे पंजीकृत हैं।

प्रदेश में माफियाओं व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से सम्पति का अर्जन करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार की शाम को बड़ी कार्यवाही की गई। थाना कमासिन क्षेत्र के ओझा नगर मजरा लोहरा के निवासी अभियुक्तों कैलाश पटेल पुत्र क्षंगू पटेल व सूरज सिंह पुत्र राजेश कुमार सिंह द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई कुल 72 लाख 78 हजार 200 रुपये की अवैध सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। अभियुक्त कैलाश पटेल पुत्र क्षंगू पटेल के ऊपर गैंगस्टर एक्ट, डकैती व आर्म्स एक्ट समेत कुल 4 अभियोग तथा अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र राजेश कुमार सिंह के ऊपर गैंगस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास, डकैती व आर्म्स एक्ट समेत कुल 6 अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तों पर गिरोह बनाकर समाजविरोधी क्रियाकलाप करने तथा समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संपत्ति अर्जित करने के संबंध में थाना अतर्रा में धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बदौसा ननकूलाल सोनकर द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में अभियुक्तों के आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की के लिए न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट दी गई थी। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ने 31 जनवरी को कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए थे। इस दौरान उपजिलाधिकारी बबेरु नमन मेहता, नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार मिश्र, थानाध्यक्ष फतेहगंज ननकूलाल सोनकर, थानाध्यक्ष कमासिन जयचंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

**अभियुक्तों की जब्त की गई यह अचल संपत्ति**

पुलिस ने कैलाश पटेल पुत्र क्षंगू पटेल का जो मकान जब्त किया उसकी कीमत 28 लाख रुपये और जमीन की कीमत 10 लाख 89 हजार 800 रुपये कुल कीमत 38 लाख 89 हजार 800 रुपये आंकी गई है, जबकि दूसरे अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र राजेश कुमार सिंह की जब्त अचल संपत्ति में मकान की कीमत 32 लाख 5 हजार रुपये और जमीन की कीमत 1 लाख 83 हजार 400 रुपये कुल कीमत 33 लाख 88 हजार 4 सौ रुपये आंकी गई है।

# ई-रिक्शा चालक ने अधेड़ को घूंसा मारा, मौत

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** ई रिक्शा के किराए को लेकर हुए विवाद में चालक ने अधेड़ के नाक में घूसा मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बिजलीखेड़ा निवासी राजबहादुर (50) पुत्र शिवरतन शुक्रवार की सुबह ई-रिक्शा में बैठकर गौरिहार जाने के लिए क्योटरा स्थिति बस स्टैंड जा रहा था। तभी बिजलीखेड़ा के पास राजबहादुर ने ई रिक्शा चालक को दस रुपये दिए। लेकिन ई-रिक्शा चालक अधिक रूपया मांग रहा था। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इस पर ई-रिक्शा चालक ने राजबहादुर के नाक में घूस मार दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। नजदीक में खड़ी महिला ने राजबहादुर को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के साले अशोक ने बताया कि राजबहादुर के दो पुत्र है। दोनों पुत्र रेलवे में ट्रैक मैन है। राजाबाबू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेसजनों से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान


बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पहुंचने पर लोकसभा क्षेत्र को-ऑर्डिनेटर का गर्मजोशी से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने उन्हें जनपद की संगठनात्मक स्थिति से अवगत कराते हुए ब्लॉक प्रकोष्ठों के पुनर्गठन की अनुमति मांगी। को-ऑर्डिनेटर ने लोकसभा चुनाव से पहले संगठन के विस्तार का भरोसा दिलाया। स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला पार्टी कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न दुबे लालू की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र को-ऑर्डिनेटर रामबहादुर त्रिपाठी का जोरदार स्वागत किया। संसदीय क्षेत्र को-ऑर्डिनेटर ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की जानकारी ली। साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए स्थानीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे। को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि कांग्रेस पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर युकां जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, पूर्व शहर अध्यक्ष राजबहादुर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बी.लाल, अफसाना शाह, जिलानी दुर्रानी, शोएब रिजवी, डॉ.केपी सेन, द्वारकेश यादव, राममिलन सिंह पटेल, अशोकवर्धन कर्ण, शिवबली सिंह, जीतेंद्र गौरव, रफत खां गोगा, अशरफ अली रंपा, अशद अल्वी, लवकुश निषाद, नाथूराम सेन अंबिका खेंगर, राजेश गुप्ता, कैलाश बाजपेई, गेंदा प्रसाद, शिवाकांत, जहांगीर खान आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे। उधर, पार्टी में शामिल होने वाले जमुना गुप्ता, अब्दुल करीम व पप्पू खान का को-ऑर्डिनेटर ने माला पहनाकर स्वागत किया।

**लोकसभा क्षेत्र को-ऑर्डिनेटर का किया गया स्वागत**

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के अलीगंज सट्टन चौराहा निवासी वाहिद (25) पुत्र चुन्ना खां शुक्रवार की रात नशे की हालत में घर आया। उसे उल्टी होने लगी। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घर वालों को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार होने से पहले उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई कासिम ने बताया कि वाहिद प्राइवेट ड्राइवर था। उसके दो बेटी एक बेटा है। पत्नी तकरीबन आठ माह पहले अपने मायके चली गई थी। तब से वह आ नहीं रही थी। पत्नी के जाने के बाद वाहिद नशे का आदी हो गया था। उल्टी होने से उसकी मौत हो गई।

# धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव, छात्रों को दिलाई गई शपथ


छात्र को सम्मानित करते सीएमएस आरके गुप्ता। अमृत विचार


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**पैरा मेडिकल कॉलेज एंड नर्सिंग स्कूल में कार्यक्रम**

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** नरैनी रोड में ग्राम तिंदवारा स्थित बांदा पैरामेडिकल कॉलेज एंड नर्सिंग स्कूल में शपथ समारोह एवं वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। जीएनएम, एएनएम व डीपीटी के पासआउट छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम एवं डीपीटी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को कॉलेज में शपथ दिलाई गई तथा बीएससी नर्सिंग के द्वितीय, तृतीय और फाइनल वर्ष, जीएनएम द्वितीय और फाइनल वर्ष, एएनएम द्वितीय वर्ष तथा डीपीटी द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपने जूनियरों का कॉलेज में स्वागत किया तथा जीएनएम, एएनएम व डीपीटी के पासआउट छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर मेडिकल कालेज प्राचार्य डा.सुशील कुमार कौशल, जिला अस्पताल सीएमएस डा.आरके गुप्ता, महिला महाविद्यालय प्राचार्य डा.दीपाली गुप्ता, डा.सबीहा रहमानी, मनोज यादव, डा.सुमन मिश्रा, अयूब खान, फात्मा गर्ल्स इंटर कालेज प्रधानाचार्य राबिया खान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आरिफ खान, ताज, फसी उल्ला खान, बिलाल खान, जाहिर बाबू, प्रीती पाल, जौनी, रोहिणी, अशफाक, सीमा खातून, प्रिंसिपल डीपीटी डा.ज्ञानप्रकाश, डा.आनंद, मंसूर अली खान, मंजूर अली खान, मनोज त्रिपाठी, डॉ.फिरदौस बानो, डॉ.प्रदीप, शमीम खान, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। कॉलेज चेयरमैन मकबूल अली खान और डायरेक्टर डा.जरीना खान ने सभी का आभार जताया।

## सार-संक्षेप

### भांजी को पीटकर युवक ने खुद को लगा ली आग, मौत

**संवाददाता, बबेरू (बांदा), अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के भदेहदू गांव निवासी किशन उर्फ किन्नी पुत्र चुनबाद (38) ने शनिवार को शराब के नशे में दोपहर बाद अपनी भांजी सपना पत्नी रोहित (20) के साथ मारपीट किया, जिसमें परिजनों ने सपना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया वही मामा ने किराना स्टोर में दरवाजे बंद कर आग लगा लिया। आग की लपटें देख लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड व कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक युवक किशन की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के वक्त मृतक पत्नी पुष्पा ने परिवार में कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। मृतक के पास मात्र एक बीघा खेती है।

### चिकित्सा शिविर में 101 मरीजों का हुआ उपचार



शिविर में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** बुंदेलखंड आसमा फाउंडेशन और यूनिट हेल्थ केयर हास्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को शहर के अलीगंज में आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.नीलम सिंह ने किया। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में अनेक रोगों से ग्रस्त मरीजों की भीड़ लगी रही, जिसमें चिकित्सकों द्वारा 101 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई गई। अनेक मरीजों को स्वस्थ्य रहने के टिप्स देते हुए नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। मेडिकल कालेज के ईएमओ डॉ.प्रदीप सिंह मौजूद रहे, जबकि शिविर में नसीम खां, खुशबू सिद्दीकी, आशमा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशमा खातून, सचिव शहाना परवीन, निहाल अहमद, निसार अहमद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव शहाना परवीन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### चोरी की बाइक बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा, अमृत विचार :** वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए की जा रही कार्रवाई के अंतर्गत थाना मरका पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त राजेन्द्र द्विवेदी उर्फ कल्लू पुत्र प्रमोद द्विवेदी निवासी इंगुवा थाना मरका को गिरफ्तार किया। गौरतलब हो कि शुक्रवार की शाम को थाना मरका पुलिस ने मरका बबेरु रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से गाड़ी के कागजात मांगा, तो वह इधर-उधर की बातें करने लगा। संदिग्ध होने पर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने करीब एक माह पूर्व कामतानाथ परिक्रमा मार्ग जनपद चित्रकूट से चुराई थी। उसका नम्बर प्लेट निकालकर फेंक दिया और आज इसे बेचने अपने ग्राम इंगुवा ले जा रहा था। पुलिस ने तत्काल मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर व्यक्ति को हिरासत में लिया। थाना मरका में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### कवि सम्मेलन एवं मुशायरा 14 को

**बांदा, अमृत विचार :** ड्रीम्स ऑफ लाइफ के तत्वावधान में शहीदों की याद करते हुए एक शाम पुलवामा शहीदों के नाम कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन 14 फरवरी की शाम 4 बजे किया गया है। जानकारी देते हुए आयोजक मन्तशा कातिब ने बताया है कि शहर के खानकाह इंटर कालेज में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरा के मुख्य अतिथि अपर आयुक्त झांसी उमाकांत त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद, समाजसेविका रानी गुप्ता, डा.संगीता सिंह, डा.मो.रफीक खान, डा.रीमा आर्या मौजूद रहेंगे। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में झांसी से अर्जुन सिंह चांद, हकीम बुरहान संभली, दिल्ली से मनोज मधुर, अजरा संभली, शिवम हथगामी, बांदा से शमीम बांदवी, रायबरेली से राघवेंद्र राघव, इलाहाबाद से शाहिद सफर, आयुषी त्रिपाठी, अभिजीत मिश्रा, कौशांबी से अभिलाषा सिंह अजान, फतेहपुर से वारिस अंसारी आदि मशहूर शायर व कवि शिरकत करेंगे। जबकि कार्यक्रम की सदारत लखनऊ के सैफ बाबर और निजामत अनुराग विश्वकर्मा करेंगे।

# मृत्युलोक में कभी नहीं हुई श्रीकृष्ण-सुदामा जैसी मित्रता

**कार्यालय संवाददाता, बांदा, अमृत विचार :** छोटी बाजार स्थित फूलमती मंदिर गली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में सातवें दिन प्रयागराज के सच्चा बाबा आश्रम अरैल तट से आए कथा वाचक आचार्य राघव महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता मृत्युलोक में न तो पहले कभी हुई और न आगे कभी होगी। सुदामा की दीन दशा का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि सांसारिक जीवन में जब एक मित्र को पद और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो जाती है तो वह स्टेटस मेन्टेन करने के लिए अपने गरीब मित्र का परित्याग कर नए अमीर मित्र से मित्रता कर लेता है। वह सारा जीवन समझ ही नहीं पाता कि नए मित्र सिर्फ उसकी पद और प्रतिष्ठा तक ही सीमित रहने वाले हैं, जबकि पुराना और सच्चा मित्र भले ही गरीब हो, लेकिन जीवन में हर दुख और सुख का साथी होता है। श्रीकृष्ण और सुदामा की भी कुछ ऐसी ही मित्रता थी। सुदामा ने श्रीकृष्ण के हिस्से के चने खा लिए, जिससे उन्हें दोष लगा और वे गरीबी के गुरबत में फंसते चले गए। हालातों ने सुदामा के परिवार को यहां तक पहुंचा दिया उन्हें दोनों वक्त का भोजन भी नसीब नहीं होने लगा। सुदामा की धर्मपत्नी सुशीला ने पति को मित्र सुदामा के यहां जाने को प्रेरित किया, लेकिन वे संकोचवश उनसे मिलने जाने तक को तैयार नहीं थे। बाद में धर्मपत्नी की जिद के आगे झुकते हुए उन्होंने द्वारिकानाथ के यहां जाना स्वीकारा। कथा परीक्षित के रूप में एडवोकेट वीरेंद्र कुमार शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी राजकुमारी, चेयरमैन नगर पालिका परिषद मालती बासू, विनोद शुक्ला ने अपने बंधु-बांधव के साथ कथा श्रवण की। कल रविवार को हवन-पूजन, पूर्णाहुति और भंडारा होगा।


कथा सुनते श्रद्धालु और कथा सुनाते आचार्य राघव महाराज (इनसेट में)।

**तैयारियां** — ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के अलावा उनकी समस्याओं से हो रहे रूबरू

# गांव चलो अभियान को सफल बनाने में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, बांदा


ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते भाजपा कार्यकर्ता।

**अमृत विचारः** बीती 7 फरवरी से शुरू हुए गांव चलो अभियान के तहत भाजपाई दिन रात एक किए हुए हैं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांवों में पहुंचकर जहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके चुनावी रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के अलावा उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अबकी बार 400 पार के नारे साथ लोकसभा चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज कराते हुए मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प पूरा करना है।

जहां एक ओर विपक्ष अभी तक गठबंधन की गांठों को सुलझाने से पार नहीं पा सका है, वहीं, सत्ताधारी भाजपा ने लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लगभग पूरा कर लिया है। भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार गांव-गांव, बूथ-बूथ जाकर अपने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव की रणनीति बता रहे हैं। वहीं, ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निस्तारण और सरकार की योजनाओं से रूबरू कराने की कवायद चला रहे हैं। बड़ोखर खुर्द मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल की अगुवाई और मंडल प्रवासी जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में बूथ प्रवासियों की टोलियां गांव-गांव जाकर बूथस्तरीय बैठकें कर रहे हैं। शनिवार को मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने बोधीपुरवा गांव के बूथ संख्या 335 में प्रवास किया और कार्यकर्ताओं को संगठन हित में काम करने की नसीहत दी। वहीं, मंडल अध्यक्ष पाल की अगुवाई में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश तोमर व मंडल उपाध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी ने त्रिवेणी के बूथ संख्या 307 में प्रवास किया।

**शहर के बूथों में जुट रहे प्रवासी कार्यकर्ता**

बांदा नगर दक्षिणी और उत्तरी में भी भाजपा पदाधिकारियों की टीमें लगातार प्रवास करके चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं। शनिवार को नगर दक्षिणी की प्रवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा और नगर अध्यक्ष राकेश गुप्ता दद्दू की अगुवाई में बाकर गंज मोहल्ला स्थित बूथ संख्या 72 व 73 में बूथ प्रवासी अमित सेठ भोलू ने प्रवास किया और कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज कराने का आह्वान किया। कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई वाली भाजपा की सरकार आम जन मानस के हितों का ध्यान रखते हुए देश को तरक्की की राह पर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत समेत तमाम नेता मौजूद रहे। ऐसे ही नगर उत्तरी के उपाध्यक्ष सुरेश कान्हा की अगुवाई में शहर के सुतरखाना के बूथ संख्या 31 पर प्रवास किया और लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से रूबरू कराया। इस मौके पर ब्रजकिशोर द्विवेदी, सौरभ साहू, सभासद बिहारी साहू, महिला मोर्चा से सुनीता विश्कर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

**कुरारा, अमृत विचार।** पड़ुई गांव निवासी संदीप 16 पुत्र जगरूप निषाद शनिवार को घर वालों से नाराज होकर दोपहर 2 :00 बजे जहरीला पदार्थ खाकर अपने कमरे में लेट गया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत खराब होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**मौदहा।** कस्बे के सीएचसी में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हो गया। जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षक उच्च प्राथमिक विद्यालय बिगहना की प्रधानाचार्या नेहा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान में वृद्धि और सकारात्मक दृष्टिकोण को बढाना है। दस से उन्नीस आयुवर्ग के बच्चों में स्वास्थ्य व्यवहार को बढावा देना और जीवन कौशल का विकास करना है। जबकि चार चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चार बैचों में सम्पन्न किए जाएंगे।

### समाधान दिवस पर आईं तीन शिकायतें

**मौदहा।** महीने के दूसरे शनिवार के मौके पर कस्बे की कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा ने की। इस दौरान कुल तीन शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से दो शिकायतें राजस्व विभाग से सम्बंधित दो शिकायतें दर्ज की गई। पुलिस विभाग से जुड़ी एक शिकायत दर्ज की गई जिसे मौके पर निस्तारित कर दिया गया। वहीं राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें निस्तारण के लिए भेजी गई हैं। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने शातिर अपराधी पवन कुमार राजपूत को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना चिकासी, राठ एवं जनपद जालौन के डकोर थाने सहित आठ मामले दर्ज हैं। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रमाकांत शुक्ल, हेड कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह व कांस्टेबल सत्यपाल सिंह मौजूद रहे।

### अलग अलग दो सड़क हादसों में तीन गंभीर

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरदना निवासी शिवम सिंह (58) पुत्र जयकरन सिंह और बरभौली निवासी शिवम (26) पुत्र रामकिशोर, इंद्रजीत (28) पुत्र सद्दू सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से शिवम और इंद्रजीत को गंभीर चोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों को गंभीर चोंटें बताई जा रही है।

### कुछेछा टीम ने 58 रन से जीता मैच

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के पड़ुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को मुसरिया व कुछेछा टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें कुछेछा ने 7 ओवर में 2 विकेट खोकर एक रन से जीत दर्ज की। विकासखंड क्षेत्र के पड़ुई गांव में शनिवार को मुसरिया व कुछेछा के बीच दस ओवर का मैच खेला गया। जिसमें मुसरिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं जवाब में उतरी कुछेछा टीम ने 7 ओवर में दो विकेट खोकर 58 बनाकर एक रन से जीत दर्ज की। 26 रन व 3 विकेट लेने वाले विपिन को मैन आफ दी मैच दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमित कुमार निषाद, पूर्व प्रधान राम सजीवन, शशि आदि मौजूद रहे।

# सुधरेगी लघु डाल पंप कैनालों की दशा

**231** लाख रुपये खर्च आने की उम्मीद

- एक माह के अंदर केबल, गेट व क्वार्टर सहित बदले जाएंगे बार्ज, बढ़ेगी सिंचाई क्षमता

**हमीरपुर, अमृत विचार।** जिले की 10 लघु डाल पंप कैनालों की सेहत सुधारने के लिए लघु डाल नहर विभाग ने टेंडर निकाले हैं। इनमें केबल, गेट व क्वार्टर सहित बार्ज बदले जाने हैं। जिसमें करीब 231 लाख खर्च आएगा। इनकी दशा सुधरने से सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी। जिन्हें 15 दिन से एक माह के अंदर पूरा किया जाना है।

जिले में लघु डाल नहर विभाग की 10 से अधिक पंप कैनालें संचालित हैं। जो दशकों से जर्जर हालत में संचालित हैं। इनकी दशा सुधारने के लिए विभाग ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा था। जिनकी स्वीकृति शासन ने दे दी है। जिसके टेंडर भी निकाले जा चुके हैं। जो आगामी 15 फरवरी को खोले जाने हैं। इनमें पौथिया, पत्योरा, सहुरापुर, बैजेमऊ, छानी, सहजना, रमेड़ी, सुरौली खुर्द आदि पंप कैनालों में केबल, गेट, बार्ज आदि कार्य कराए जाने हैं। जिसमें विभाग 231.88 लाख की धनराशि खर्च करेगा। इन पंप कैनालों की दशा सुधरने से किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

**होंगे यह कार्य :** पत्योरा पंप कैनाल सहित बैजेमऊ, सहजना, सहुरापुर, छानी में 4285 मीटर नई एल्यूमीनियम कंडक्टर केबल बदली जाएंगी। वहीं पौथिया व सहुरापुर में तीन गेट बनेंगे। जबकि बैजेमऊ में एक स्टाफ क्वार्टर बनाया जाना है। जिसमें 149.76 लाख खर्च होंगी। वहीं शहर की रमेड़ी, सहजना, मीरापुर, सुरौली खुर्द पंप कैनाल में 82.32 लाख की लागत से कंट्रोल पैनेल, पाइप, बोल्डर पिचेन, गेट, केबल आदि कार्य कराए जाएंगे। जो हर हाल में 15 मार्च तक पूरे किए जाने हैं।

> पंप कैनालों में केबल, गेट, स्टॉफ क्वार्टर, बोल्डर पिचेन सहित अन्य कार्य कराए जाने के टेंडर निकाले गए हैं। जो आगामी 15 फरवरी को खोले जाने हैं। सभी कार्य एक माह के अंदर पूरे कर लिए जाएंगे।
> –**जगन्नाथ प्रसाद,** अधिशासी अभियंता, लघु डाल नहर

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के बताए गुर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी/ ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत शक्ति वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें समूह की महिलाओं ने चिप्स, पापड़, आचार, टिफिन सर्विस, सिलाई कढ़ाई इत्यादि उद्योगों के माध्यम से जुड़कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी होने को लेकर दयावती रुचि मिश्रा, ज्योति गुप्ता, छाया गुप्ता द्वारा अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला महामंत्री संयोजक उमाकांत राजपूत आदि जनप्रतिधियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ल, एडीएम नागेन्द्र नाथ यादव, एसडीएम/परियोजना अधिकारी खालिद अंजुम, एनआरएलएम के जिला प्रबंधक प्रशांत एवं समूह की महिलाएं तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए " शक्ति वंदन" कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह की महिलाओं को सम्मान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली सक्रिय समूह की महिलाओं प्रशस्ति पत्र एवं शक्ति किट का वितरण कार्यक्रम 13 फरवरी को नगर पालिका के अंबेडकर पार्क व 14 फरवरी को रामलीला मैदान राठ में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

**चाय पर चर्चा**

- प्रशस्ति पत्र एवं शक्ति किट का वितरण 13 व 14 फरवरी को


चाय पर चर्चा कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

# अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की कम संख्या देखकर डीएम ने जताई नाराजगी

## स्टाफ नर्स एवं एएनएम की कमी देखकर मानक के अनुरूप नियुक्ति के निर्देश

संवाददाता, मुस्करा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शनिवार को जिलाधिकारी राहुल पांडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की कम संख्या देखकर नाराजगी जताई।

जिलाधिकारी राहुल पांडे ने शनिवार को शाम 5:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अस्पताल का विधिवत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम अस्पताल परिसर की साफ सफाई, पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष, लैब, हेल्थ एटीएम मशीन, दंत विभाग, ओपीडी, आयुष्मान कार्ड कक्ष, लेबर रूम, ओ टी एवं महिला/ पुरुष वार्डों की व्यवस्था देखी। जो चुस्त दुरुस्त मिली। उन्होंने अस्पताल में तैनात सभी कर्मियों की हाजिरी रजिस्टर एवं बायोमेट्रिक मशीन को चेक किया। उन्होंने सीएचसी में स्टाफ नर्स एवं एएनएम की कमी देखकर सीएमओ को मानक के अनुरूप नियुक्ति करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही निर्धारित अवधि से ज्यादा समय से तैनात कर्मचारियों की सूची बनाकर उनके जिले के भीतर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से सीएचसी को मिलने वाले बजट और उसके आय व्यय का ब्यौरा देखा तथा अवशेष धनराशि को उसे संबंधित मदों पर शीघ्र ही खर्च करने के लिए कहा।

वहीं मौके पर मौजूद पत्रकारों ने सीएचसी में एक्स-रे मशीन न होने की बात कही, जिस पर डीएम ने सीएमओ को जल्द ही सीएचसी में एक्स-रे मशीन लगाये जाने के लिए निर्देशित करते हुए आश्वासन दिया कि बहुत ही कम समय में एक्स-रे टेक्नीशियन और मशीन उपलब्ध हो जाएगी। निरीक्षण के समय सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, नोडल अधिकारी डॉ.अनूप निगम, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीएस राजपूत सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


मुस्करा सीएचसी का निरीक्षण करते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

# एचयूएल में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा स्थित हिंदुस्तान यूनीलीवर (एचयूएल) व उसकी सहायक कंपनी यूनिलीवर इंडिया लिमिटेड (यूआईएल) में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर हिंदुस्तान यूनीलीवर के सीनियर एग्जीक्यूटिव प्रभात गुप्ता ने कंपनी से जुड़े कर्मचारियों के खिलाफ ठगी व जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। इन लोगों ने जाली नियुक्ति पत्र भी दिए हैं। एचयूएल के सीनियर एग्जीक्यूटिव ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी बहु राष्ट्रीय फास्ट मूविंग उपभोक्ता सामान कंपनी का कारखाना सुमेरपुर में है। वहीं सहायक कंपनी यूआईएल का भी कारखाना है। दोनों कंपनियों ने 1000 से अधिक लोगों को रोजगार दिला स्थानीय अर्थ व्यवस्था को बल दिया है। दोनों इकाइयां जानी मानी हैं। बताया कि उनके कर्मचारी वीरेंद्र के माध्यम से उन्हें पता चला कि कंपनी की ठेकेदार निशांत इंटरप्राइजेज के कर्मचारी नरेश अधिकारियों से अपनी पहुंच बता लोगों को पैसे के बदले रोजगार की बात कह रहा है। उसने 10-12 लोगों को रोजगार का वादा भी किया है। जिनसे 15-16 लाख रुपये वसूले हैं। वीरेंद्र ने सीनियर एग्जीक्यूटिव को नकली नियुक्ति पत्र भी दिखाए। जिन्हें ठगी के शिकार भोले-भाले लोगों को दिए गए थे। वीरेंद्र ने यह जानकारी इसलिए दी, क्योंकि लोग उससे ज्वाइनिंग की तारीख पूछ रहे हैं। बताया कि पांच लोगों ने कंपनी में प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें उन्होंने वीरेंद्र पर रुपये लेने का आरोप लगाया है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा दलित पिछड़ा विरोधी : रामप्रकाश


चौपाल में मौजूद सपाई। अमृत विचार

**सुमेरपुर, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने पीडीए पखवारा के तहत शनिवार को टेढ़ा एवं बिरखेरा में चौपाल का आयोजन कर भाजपा पर जमकर हल्ला बोला। कहा केंद्र एवं प्रदेश की सरकारें दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक एवं किसान विरोधी हैं। शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा एवं बिरखेरा में पीडीए चौपाल का आयोजन कराया गया। चौपाल में विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति ने भाजपा को पिछड़ा किसान विरोधी बताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की गलत नीतियों से सभी वर्ग परेशान है। प्रदेश सचिव अजय यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह एकजुट होकर भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करें। चौपाल में प्रदेश सचिव माया बाल्मीकी, नीरज कश्यप, सलीम खान, टेढ़ा प्रधान नोखेलाल यादव, बिरखेरा प्रधान अशोक यादव, फैजल खान, राजकरन पाल, मुशाहिद बेग, महावीर प्रजापति, परशुराम प्रजापति, रामचरण, रणबहादुर, पप्पू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### मकान के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 7 घायल

**राठ।** कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी ईश्वरदयाल पुत्र भगवानदास ने बताया कि पड़ोसी मंगल सिंह पुत्र भइयालाल व उसके परिजनों से मकान को लेकर विवाद चल रहा था। बताया उसी विवाद के चलते मंगल सिंह, देवेंद्र व धर्मेन्द्र ने साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होते देख जब उसका पुत्र मदन के अलावा विजय व अजय पुत्र कामता प्रसाद बचाने दौड़े तो आरोपियों ने लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से हमला कर उसके पुत्र मदन सहित अजय और विजय को भी बेरहमी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के मंगल सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते कामता प्रसाद, ईश्वरदयाल, मदन, अजय व विजय उसकी पत्नी सुनीता के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। पत्नी सुनीता को बचाने दौड़ा तो आरोपियों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमलाकर मारपीट की। बताया उसी दौरान पुत्र देवेंद्र भी उसे बचाने दौड़ा तो उसे भी पीटा। इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सवाल का जवाब न देने पर प्रधानाध्यापक ने छात्रा को पीटा


कोतवाली में घटना की जानकारी देती छात्रा की मां साथ में छात्रा अनन्या।

**राठ।** बहगांव निवासी विमलेश कुमारी ने बताया कि उसकी पुत्री अनन्या गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 में पढ़ती है। आरोप लगाया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 11 बजे स्कूल में इंचार्ज प्रधानाध्यापक दीपमणि बुधौलिया ने पुत्री से दो सवाल पूछे। बताया उसकी पुत्री एक सवाल का जबाव नहीं दे पाई तो आक्रोशित टीचर ने उसकी पुत्री को डंडों से जमकर पीटा। करीब तीन बजे जब स्कूल की छुट्टी हुई तब कहीं जाकर घर जाने दिया। बताया कि घर पहुंचकर पुत्री अनन्या ने घटना की पूरी जानकारी दी। शनिवार को विमलेश कुमारी अपनी पुत्री अनन्या को लेकर कोतवाली पहुंची। जहां उसने पुलिस ने को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वहीं इस संबंध में जब इंचार्ज प्रधानाध्यापक दीपमणि बुधौलिया ने छात्रा के साथ मारपीट की घटना को स्वीकार करते हुए अपनी गलती मानी। वहीं एबीएसए संतोष कुमार वर्मा का कहना था कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### छानी पंप कैनाल किसानों के लिए बनी मुसीबत


कैनाल के ओवरफ्लो से लाही की फसल में भरा पानी। अमृत विचार

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के भटुरी गांव में छानी पंप कैनाल के ओवरफ्लो होने से 8 किसानों के 100 बीघा से अधिक की लाही की कटने को खड़ी फसल जल मग्न हो गई। इससे उनका लाखों का नुकसान हुआ है। प्रधान दिनेश कुमार ने इसकी सूचना पंम्प कैनाल के अवर अभियंता को देने के साथ ही तत्काल नहर बंद करवाई। लाही के खेतों में पानी इस कदर भर गया है कि इस फसल से किसान मायूस होकर सर पीट रहे हैं। भटुरी के प्रधान दिनेश कुमार सविता ने बताया कि अचानक छानी पंम्प कैनाल की यह नहर ओवरफ्लो हो गई और उनके खेत जो नहर के पानी से लबालब भर गए। इतना ही नहीं उनके परिवार के 60 बीघा से अधिक लाही की फसल बर्बाद हुई तो निकट के अन्य किसान मातादीन व कैलाश की 13-13 बीघा, रामस्वरूप तथा छंगू लाल के अलावा जगमोहन, रामलाल आदि की भी लाही फसल जलमग्न होने से बर्बाद हुई है। उन्हें लाखों की क्षति होगी। इसके बाद कोई फसल भी वह नहीं बो सकते और दाने-दाने को किसानों को मोहताज होना पड़ेगा। उधर छानी पंम्प कैनाल के अवर अभियंता अवनीश कुमार ने बताया कि पंप कैनाल की मुख्य नहर की भटुरी माइनर का कोलाबा निजी चौकीदारों के रखवाली के बावजूद भी ओवरफ्लो होने से किसानों ने खोल दिया। जिससे भटुरी गांव के इस माइनर के आखिरी में पड़ने वाले ग्राम प्रधान सहित उनके परिजन व अन्य किसानों के खेतों में पानी भरा है। सूचना पर तत्काल पानी रोका गया है। उन्होंने बताया कि कोई सरकारी कर्मचारी नहर की देखरेख के लिए न होने से वह निजी ऑपरेटर और चौकीदार को रखते हैं।

# हाईवे पर डंपर आमने-सामने भिड़े, हेल्पर घायल



हाईवे में खड़ा क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को तड़के पांच बजे नेशनल हाईवे 34 में नरायनपुर के समीप दो डंपर आमने सामने टकरा गए। इस घटना में एक डंपर का हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने हाईवे की टीम के साथ मिलकर घायल को डंपर से निकालकर इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया।

शनिवार को तड़के नरायनपुर गांव के समीप हाईवे में दो डंफर आमने-सामने टकरा गए। इस घटना में कानपुर से कबरई जा रहे डंपर का हेल्पर सुशांत सविता (32) निवासी जटपुरवा थाना सफीपुर उन्नाव केबिन क्षतिग्रस्त होने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पाकर पुलिस के साथ हाईवे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और केबिन में फंसे हेल्पर को निकालकर एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां से हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

# फाइलेरिया महाअभियान शुरू

मौदहा, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शनिवार से आखिर फरवरी तक चलने वाले फाइलेरिया महा अभियान का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। हालांकि इसके पहले फाइलेरिया अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया था।

जनपद को फाइलेरिया मुक्त करने के उद्देश्य से शनिवार को कस्बे के सरकारी अस्पताल में फीता काटकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अन्य स्टाफ के साथ फाइलेरिया की दवा खाईं। साथ ही जगह जगह फाइलेरिया उन्मूलन के लिए बनाए गए बूथों पर भी दवा खिलाई। साथ ही सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और मरीजों से बातचीत की। नगर पालिका के सभासद, आंगनबाड़ी, एएनएम के साथ ही प्राइमरी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी लगाया गया है। जो डोर टू डोर आम लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाएंगे। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी, डा.उमाकांत, डा.शानिब शाहिद, डा.संदीप पाल, डा.शाहिद, अजय शिवहरे, अंकित सचान, अखिलेश सचान, सोम नारायण त्रिपाठी सहित स्टाफ मौजूद रहा। वहीं कस्बे के प्राथमिक विद्यालय प्राचीन उपरौस के प्रधानाचार्य मो सईद सिद्दीकी के नेतृत्व में स्कूल में बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई। इस दौरान वार्ड सभासद अरविंद कुमार सहित स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते सीएमओ। अमृत विचार

### पहले दिन 28,934 लोगों ने फाइलेरिया की दवा खाई

फाइलेरिया अभियान की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मौदहा अस्पताल में फीता काटने के साथ स्वयं दवा खाकर शुरुआत की। इसके बाद शनिवार को देर शाम तक कुल मिलाकर 28934 लोगों ने फाइलेरिया की दवा खाई है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि सभी ने एक जुटता के साथ इस अभियान में भाग लिया।

शनिवार को दोपहर बाद तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जिला अधिकारी के आगमन की प्रतीक्षा में लग रहे। लेकिन किन्हीं कार्यों की वजह से वह यहां नहीं आ सके और फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह कार्य किया।

**अलर्ट**

## पिछले दो सालों में बी व सी के मिले कुल 26 मरीज, लिवर में होता संक्रमण

# बढ़ रहे हेपेटाइटिस के मामले, जिला अस्पताल में नहीं विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में हेपेटाइटिस बी के मरीजों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस बीमारी में पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए जिले में ट्रीटमेंट सेंटर बनना तो दूर लिवर से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती तक नहीं हुई है। पिछले दो सालों में कुल 26 मरीज हेपेटाइटिस बी व सी के पाए गए हैं। नतीजा संबंधित मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ती है।

पाचन तंत्र के लिए लिवर शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। यह शरीर के अधिकांश रासायनिक स्तरों को नियंत्रित करने के साथ ही पित्त का उत्पादन करता है। इसके अलावा अपशिष्ट उत्पादों को शरीर से बाहर निकालने का काम भी लिवर करता है। ऐसे में लिवर में होने वाली किसी भी समस्या का प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ सकता है। हेपेटाइटिस लिवर में दबे पांव दस्तक देती है। यह बीमारी ए, बी, सी, डी, ई पांच प्रकार की होती है। जिसमें बी व सी सबसे खतरनाक माने जाते हैं। इसके इलाज के लिए जिला अस्पताल में अलग से ट्रीटमेंट सेंटर की व्यवस्था रहती है, लेकिन जिले की स्थिति काफी खराब है। जिला अस्पताल में ट्रीटमेंट सेंटर नहीं है। किसी मरीज में हेपेटाइटिस की पुष्टि जिला अस्पताल की लैब में होती है। जिसे अस्पताल प्रशासन उस रिपोर्ट को शासन को भेजता है। जहां से उसे एम्स भेजा जाता है। इसके बाद एम्स से रिपोर्ट कन्फर्म होती है। फिर दवा की सप्लाई दी जाती है। तब कहीं मरीज का इलाज शुरू होता है।




**दो वर्ष के आंकड़े एक नजर में**

| वर्ष | बी पीड़ित मरीज | सी पीड़ितों की संख्या |
|---|---|---|
| 2022 | 8 | 3 |
| 2023 | 10 | 5 |

**बीमारी के लक्षण**

थकान व भूख न लगना, उल्टी आना, पेट दर्द, सिर दर्द, आंखों में पीलापन, गहरे पीले रंग का मूत्र आना, जोडों व मांसपेशियों में दर्द व आंखों व त्वचा का पीला पड़ जाना मुख्य लक्षण होते हैं।

### इन कारणों से होती बीमारी

दूषित खाने व दूषित पानी से, संक्रमित व्यक्ति का खून चढ़ाने से, असुरक्षित यौन संबंधों, नशे के इंजेक्शन लगाने, टैटू या बॉडी पियरसिंग, बिना स्टरलाइज की गई निडिल्स, संक्रमित गर्भवती से उसके बच्चे को बीमारी का खतरा रहता है।

> जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस बी व सी की जांचें होती हैं। बताया कि पिछले दो सालों में बी के 18 व सी के आठ मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। कहा कि अस्पताल में इस रोग से संबंधित कोई अलग से ट्रीटमेंट सेंटर नहीं बना है। फिजीशियन ही मरीजों का इलाज करते हैं। कोई विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हैं।
> –**डॉ. एसपी गुप्ता,** सीएमएस

### अभिभावकों को मतदाता जागरूकता अभियान की दी गई जानकारी

**हमीरपुर।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी (पीटीएम) व चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के आदेश पर प्रत्येक विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया। जिसमें अभिभावकों को थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे। मतदान का महत्व बताया गया। प्रत्येक विद्यालय में स्वीप थीम सहित मतदाता जागरूकता अभियान का बैनर मुख्य द्वार पर स्थायी रूप से लगा रहेगा। खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों व शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले ग्रामों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और एक अच्छा लोकतंत्र बनाने में सहयोगी बनेंगे। शिक्षक अभिभावक गोष्ठी व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का कोआर्डिनेशन बीएसए आलोक सिंह, नगर शिक्षा अजीत कुमार निगम अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली ने किया।

# गुम हो रही लोक विधाओं के लिए गौरव महोत्सव करेगा संजीवनी का काम

## बुंदेलखंड में इस महोत्सव से उपेक्षित पड़े पर्यटन स्थलों के प्रति भी लोगों में बढ़ेगी जागरूकता



सरोवर के बीच बना चंदेल कालीन खखरामठ। अमृत विचार

### आल्हा गायन सुनाकर दर्शकों में भर दिया जोश

रायबरेली से आए आल्हा सम्राट रामरत पांडेय की टीम के साथ आल्हा गायन की प्रस्तुति देखकर लोगों की भुजाओं को फड़कने को मजबूर कर दिया। जोशीले अंदाज में गाया गया आल्हा गायन ने आल्हा ऊदल की शौर्य गाथाओं की याद ताजा कर दी। आल्हा सम्राट ने बड़े लड़ईए महोबे वाले, जिनसे हार गई तलवार, एक को मारे द्विई मर जाए, तीसरा खौफ खाए मर जाए जैसी बुंदेली गीत की पंक्तियां सुनाई। नवलकिशोर एंड पार्टी के कलाकारों द्वारा बधाई लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई।

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का आयोजन चंदेल कालीन पुरातात्विक अवशेषों, धार्मिक और पर्यटन केंद्रों को उजागर कर उनके विकास के उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है साथ ही महोत्सव बुंदेलखंड की कला संस्कृति राई नृत्य, रावला, डिमरियाई नृत्य और गुम हो रही लोक कलाओं को बचाने और उनको बढ़ावा देने के साथ साथ जलोक कलाकार जो इन विधाओं में रम चुके हैं उनके उत्थान के लिए संजीवनी का काम करेगा।

पर्यटन विभाग द्वारा उपेक्षित पड़े पर्यटन स्थलों के प्रति जागरुकता पैदा करने के साथ साथ लोगों को ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों की पहचान कराने में भी यह महोत्सव खासा कारगर साबित होगा। अब इस युग में भी कलाकारों को अताश होने की जरुरत नहीं है, क्योंकि कलाकार इसी कला के भरोसे अपना जीवन यापन करते हैं और बच्चों की शिक्षा के साथ साथ इनकी परवरिश भी करते हैं। अब बुंदेलखंड में इस तरह के महोत्सव होने से कलाकारों को नई उम्मीद जागी है। महोत्सव के बहाने पर्यटन और ऐतिहासिक स्थलों पर पहुंचे पर्यटन अधिकारी सहित तमाम अधिकारियों ने युवाओं और बच्चों को पर्यटन स्थलों की पहचान कराई।

पिछले माह अयोध्या में हुए कार्यक्रम के दौरान तमाम लोक कलाकरों ने प्रस्तुतियां भी दी थी, सरकार ने अब लोककला के प्रति खासी रुचि दिखानी शुरू कर दी है अयोध्या के बाद बुंदेलखंड के सातो जिलों में बुंदेली और लोक विधाओं को बढ़ावा देने की गरज से बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के बहान कलाकारों को मंच दिया गया साथ ही विलुप्त हो रहीं बुंदेली विधाओं को प्रदर्शित करने का कलाकारों को मौका मिला। सरकार के इस ओर रुचि दिखाने से अब कलाकारों को अपना भविष्य उज्जवल दिखने लगा है। इस महोत्सव से बुंदेली और लोक कलाकारों में नई उम्मीद जागी है।

### सरकार की रुचि दिखाने से होगा संरक्षण

बुंदेलखंड में कछियाई नृत्य, डिमरियाई नृत्य, लोकनृत्य, दिवारी नृत्य और आल्हा गायन जैसी बुंदेली और लोक विधाओं की उपेक्षा के चलते नई पीढ़ी इस कला से दूर होती जा रही थी। बुंदेली और लोक कलाकारों को सरकार की अनदेखी के चलते रोजी रोटी के लाले पड़ जाते थे, जिससे तमाम कलाकारों के बच्चे व नई पीढ़ी इस कला से दूर होती जा रही थी, लेकिन अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से सरकार द्वारा बुंदेली और लोक कलाओं के प्रति रुचि दिखाई जाने के साथ साथ इन कलाकारों को मंच भी मयस्सर कराए जाने शुरू कर दिए हैं, जिससे दूर भाग रही नई पीढ़ी का भी अब बुंदेली और लोक कलाओं क प्रति रूझान बढ़ेगा और इन कलाओं का संरक्षण भी हो सकेगा।



आसमान में उड़ने को तैयार टेथर्ड फ्लाइट व कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### टेथर्ड फ्लाइट के जरिए लोगों ने की आसमान की सैर

मोदी ग्राउंड में शाम को टेथर्ड फ्लाइट का आयोजन किया गया। टेथर्ड फ्लाइट के जरिए आसमान की सैर करने के लिए भारी संख्या में लोग मोदी मैदान में पहुंच गए थे, लेकिन आयोजकों द्वारा पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पहले जाने वाले लोगों को कूपन वितरित किए गए। देरी से पहुंचने वाले लोग कूपन न मिलने के कारण टेथर्ड फ्लाइट की सैर नहीं कर सके। दर्शकों ने टेथर्ड फ्लाइट पर अपने साथियों को आसमान पर उड़ता देखकर आनंद लिया। उनके मित्रों ने टेथर्ड फ्लाइट के सेल्फी और फोटो ली, वहीं सैर कर रहे लोगों ने भीड़ का अभिवादन भी किया। 300 मीटर की ऊंचाई से सैर कर रहे लोगों ने शहर का नजारा देखा।

### कलाकारों द्वारा नृत्य के जरिए लोक विधाओं को किया जीवंत



लखनऊ से आई कलाकार मनीषा यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया लोक नृत्य देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इस अदाकारा की कला खासी सराहनी रही। इसके बाद सुप्रिया द्वारा प्रस्तुत किया गया लोक नृत्य खासा सराहा गया। इस मौके पर अन्य कलाकारों द्वारा राई नृत्य, बेडनी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपनी का बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। इन कलाकारों ने बुंदेली नृत्य और लोक नृत्य के माध्यम से लोक विधाओं को जीवांत कर दिया।



आसमान में उड़ने को तैयार टेथर्ड फ्लाइट व कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

### बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की पहली शाम रही लोक कलाकारों के नाम

▸▸ कलाकारों ने फिल्मी गीतों, संगीत और नृत्य के जरिए मंच पर मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, महोबा। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की पहली शाम लोक कलाकारों के नाम रही। दूर दराज से आए लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम, बेड़नी नृत्य, राई नृत्य और गीत संगीत की धूम रही। अलग अलग कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति को देखकर दर्शक आनंदित हो उठे, वहीं बालीवुड सिंगर एश्वर्या पांडित ने धार्मिक गीत और फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सिंगर द्वारा गीतों के साथ किए गए नृत्य ने दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। युवा अपनी सीटो पर शांत नहीं बैठ सके और अपने सीटो पर खडे.होकर डांस करने लगे, जिससे माहौल ठंड के मौसम में भी गर्म हो गया। मुंबई, लखनऊ, रायबरेली सहित बड़े बड़े शहरों से आए नामी गिरामी कलाकारों की कला को देखने और गीत संगीत का आनंद लेने के लिए शुक्रवार की देर शाम से ही लोगों की भारी भीड़ कार्यक्रम स्थल डाकबंगला मैदान में जमा हो गई, जहां पर कलाकारों ने अपनी जादुई कला से दर्शकों का दिल जीत लिया। सांस्कृति कार्यक्रम दौरान जहां लोग शांत वातावरण में कलाकारों की कलाओं का आनंद लेते रहे, वहीं बालीवुड सिंगर के गीत संगीत ने मंच पर धूम मचा दी। पुरुषों के अलावा इस मशहूर सिंगर को देखने के लिए महिलाओं की भी भारी भीड़ जुटी। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्या इंतजाम किए जाने के कारण कार्यक्रम दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं हो सकी।

### बालीवुड सिंगर ने गीतों से थिरकने को किया मजबूर

मशहूर बालीवुड सिंगर एश्वर्या पंडित के मंच पर आते ही लोग ने तालियों के साथ जोरदार आवाज देकर स्वागत किया। कलाकार भी इस तरह से किए गए स्वागत से खासी गदगद दिखी। गायिका ने सबसे पहले धार्मिक गीत मेरे झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे, राम आयेंगे राम आयेंगे, मेरे जन्मो के पाप धुल जाएंग, राम आयेंगे सुनाया, इसके बाद सिरडी वाले सांईबाबा आया है दर पर तेरे सवाली सुनाकर वातावरण भक्ति मय कर दिया। इसके बाद भीड़ का रुख देखकर सिंगर ने फिल्मी गीत लग जा गले फिर वो हंसी रात हो न हो, शायद इस जनम में मुलाकात हो न हो सुनाया। इसके बाद कजरारे कजरारे तेरे कारे कारे नैना गीत सुनाया। फिर एक दो तीन चार पांच छह सात आठ नौ दस ग्यारह गीत सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। दर्शकों की मांग पर कलाकार ने लैला मै लैना, कैसी हूं मैं लैला हर कोई चाहे मुझसे मिलना अकेला गीत पर किए गए नृत्य को देखकर दर्शक भी अपने अपने स्थानों पर थिरकने लगे। भीड़ भीड़ नृत्य देखने के लिए मंच की तरफ बढ़ने लगी, जिसे पुलिस कर्मियों ने संभाला।



गीत सुनाती बालीवुड गायिका।

## एक नजर

### नकली खाद बेचने पर तीन लोगों पर मुकदमा

**महोबा।** ग्राम चंदौली खरेला निवासी राकेश, देशराज, महेंद्र, दश्झरथ आदि किसानों ने 16 नवम्बर 2023 को उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र दिया था कि तीन लोगों द्वारा मूल्य से अधिक पर डीएपी खाद बेंची जा रही और करीब 57 बोरी नकली खाद बेचने के लिए ला रहे हैं। सूचना पर पुलिस द्वारा नकली खाद को पकड़ कर जब्त की गई थी। जिला कृषि अधिकारी ने डीएपी खाद का नमूना प्रयोगशाला में भेजा, जहां खाद नकली पाई गई। जिला कृषि अधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में खाद नकली बताते हुए 40 बोरी खाद महंगे दामों पर किसानों को भी बेचे जाने की पुष्टि की गई। कृषि अधिकारी की तहरीर पर ढाई माह बाद पुलिस ने रमेश कुमार निवासी ग्राम चंदौली, प्रमोद कुमार निवासी ग्राम जलौरी और हरदयाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### पुलिस बल को कराया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास

**महोबा।** एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी लाइन दीपक दुबे के नेतृत्व में पुलिस लाइन महोबा में पुलिस बल द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को एंटी राइट गन, अश्रुगैस के गोले, रबर बुलेट, हेलमेट, ग्रेनेड, वाडी प्रोटेक्टर, डंडा, हैंडगार्ड, कैंशील्ड सहित तमाम जानकारियां प्रदान की गई साथ ही इन उपकरणों के साथ दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया गया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित जिला पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# आगामी चुनाव को लेकर कमिश्नर ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

महोबा कार्यालय

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा अजय कुमार एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के साथ वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में पहुंचकर मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दौरान बारीकी के साथ मत दे स्थलों को जांचा परखा और संबंधित महाविद्यालय के प्रचार को मतदेय स्थल के बावत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही जिस मतदेय स्थल पर रैंप नहीं है वहां पर रैंप बनाए जाने की भी बात कही। इसके बाद राजकीय पॉलिटेक्निक महोबा में मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारिओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि जहां भी कोई छोटी सी भी कमी हो उसको तुरंत दुरुस्त कराएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम सदर जितेंद्र सिंह तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मतदेय स्थलों का निरीक्षण करते कमिश्नर, डीआईजी। अमृत विचार

**लिया जायजा**

▸▸ आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारिओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

### स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ के शिवकुमार जिलाध्यक्ष

**महोबा, अमृत विचार।** स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष पद चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव की चित्रकूट धाम मंडल बांदा के मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार निगम की अध्यता और अपर मुख्य अधिकारी डा0 अनिल कुमार की मौजूदगी चुनाव कराया गया। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ महोबा के जिलाध्यक्ष पद पर शिवकुमार निर्विरोध चुने गए।

चुनाव संपन्न होने के बाद अधिकारियों, सहयोगी कर्मियों द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का फूल का हार और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस मौके पनर सीएमओ डा. आशाराम, गीता द्विवेदी, अजय तिवारी सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाइक सड़क पर गिरने से दो बाइक सवार घायल

**महोबा।** बाइक से रिश्तेदारों को स्टैंड छोड़कर लौटते समय असंतुलित होकर बाइक गिर जाने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया, थाना खन्ना के ग्राम ग्योडी में अपनी ससुराल आए जनपद हमीरपुर के ग्राम कैंथा निवासी अमरनाथ 30 शनिवार को अपने रिश्तेदार बबलू 32 पुत्र मोहन निवासी पता मध्य प्रदेश के साथ ससुराली जनों को घर से ग्योदी बस स्टैंड छोड़ने गए थे वापस लौटते समय अचानक बाइक सड़क पर असंतुलित होकर गिर गई। जिससे अमरनाथ और बबलू दोनों बुरी तरह घायल हो गए। जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

## कृषि मण्डी और खेल मैदान न होने से किसान व युवा परेशान

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

▸▸ नगर पंचायत चेयरमैन मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मंडी निर्माण की उठाई मांग

**अमृत विचार।** कस्बा कुलपहाड़ में कृषि उत्पादन मंडी और खेल मैदान की सालों से की जा रही मांग के बाद भी जनप्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहे है। जनप्रतिनिधि चुनाव से पहले आकर बड़े बड़े वायदे करके चले जाते है और चुनाव के बाद फिर क्षेत्र में झांकने तक नहीं आते हैं, इससे लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति खासा असंतोष दिखाई दे रहा है। नगर पंचायत कुलपहाड़.के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कुलपहाड़ में कृषि मंडी का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

कुलपहाड़ नगर में कृषि उत्पादन मंडी एवं खेल के मैदान न होने से किसानों और युवाओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, यहां के किसानों को जैतपुर मंडी या महोबा मंडी में अपनी उपज को बेचने जाना पड़ता है। वहीं युवाओं को खेल मैदान न होने से खेतों व ग्राम समाज की जमीन को साफ करके फील्ड बनानी पड़ती है। किसानों और खिलाड़ियों का कहना है कि इस बावत जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका। लोकसभा चुनाव अब अनकरीब है, जनप्रतिनिधि और नेताओं का क्षेत्र में जमावड़ा भी लगने लगा साथ ही एक बार फिर जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र वासियों की याद आई। अब क्षेत्रवासी भी इनकी मांगों को अनदेखा किए जाने से जनप्रतिनिधियों को अपने पूर्व मे किए गए वायदों को याद दिलाने के लिए तैयारी के साथ बैठे हुए हैं।



सीएम से वार्ता करते चेयरमैन कुलपहाड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वन रेंज अधिकारी की सांठगांठ के चलते काटे जा रहे हरे पेड़



ट्रैक्टर में लकड़ी ले जाते वन माफिया। अमृत विचार

▸▸ पेड़ों की जबदस्त कटान के चलते पर्यावरण पर बढ़ गया संकट

**संवाददाता, जैतपुर महोबा।** प्रदेश सरकार वनो की सुरक्षा और वृक्षारोपण के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन पौधों के पेड़ तैयार हो जाने के बाद वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से धड़ल्ले से वनो का कटान हो रहा है। इस बावत विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी हरे भरे पेड़ों की कटान बंद नहीं हो रही है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण को भी खतरा बढ़ गया है। सबसे ज्यादा वनो की कटान पनवाड़ी और जैतपुर रेंज में हो रही है। हर साल वृक्षारोपण के लिए अभियान चलाया जाता है, जिससे अधिक से अधिक पौध रोपण हो सके और उनकी सुरक्षा के इंतजाम भी हो सकें, वहीं दूसरी तरफ वन विभाग के कर्मचारी भी अवैध कटान में शामिल होकर विभाग को चूना लगा रहे हैं। अजनर रेंज में महीनों से चल रही हरे पेड़ों की कटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रतिबंधित हरे पेड़ों पर दिन रात कुल्हाड़े चल रहे हैं। जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और वन विभाग सब देखते हुए भी मौन है।जैतपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत बने वन रेंज अजनर व जैतपुर में हरे वृक्षों का अवैध कटान बड़े पैमाने पर जारी है। जैतपुर वन रेंज सैकड़ो हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है, जिसका भू माफिया कुल्हाड़ी चला कर सफाया करने में लगे हैं। वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी अवैध कटान को देखकर भी भूमाफिया पर कार्रवाई करने में चुप्पी साधे हुए हैं। दो दशक पूर्व वन क्षेत्र ऊंटनी, हिलोनी, मटेया, खरका व सतारी बीट में जंगल इतना घनघोर था कि पैदल चलना भी संभव नहीं था, लेकिन इस समय लकड़ी माफियाओ ने वन कर्मियों से साठ गांठ कर सैकड़ों एकड़ क्षेत्रफल के जंगल का सफाया कर दिया है, जिससे जंगल वीरान हो गया है। ईट गुम्मा का भट्ठा लगाकर लकड़ी माफिया पूंजीपति हो गए हैं। जंगल के निकट नालों में कई ट्राली लकड़ी भर दी गयी है, जिससे ईंट भट्ठो के सीजन में लकड़ी का पूरा लाभ लिया जा रहा है। वन रेंज अधिकारी जंगल की दुर्दशा देखने के लिए कभी झांकने तक नहीं गए हैं, जिससे अस्थाई रूप से रखे गए वाचर लकड़ी चोरों से मिलकर बड़े पैमाने पर जंगल कटवाने में लगे हुए। रोड किनारे किसानों के मकान के अंदर व बाहर लगे प्रबन्धित महुआ, शीशम, नीम के पेड़ धड़ले से काटे जा रहे हैं यही कहा गया है। वन रेंज अधिकारी की सांठगांठ के चलते वन माफिया धड़ल्ले से अवैधा कटान में जुटे हुए हैं। इस बाबत वन रेंज अधिकारी छेदालाल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अवैध कटान की उनको जानकारी नहीं है अवैध कटान की सूचना तथा हरे वृक्षों का कटान होने की सूचना पर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### गृहकर पंजिका में नामांतरण के लिए 3 साल से भटक रही महिला

**महोबा कार्यालय।** नगर पालिका चरखारी में गृहकर पंजिका में नामांतरण करने के लिए एक महिला तीन साल से नगर पालिका के चक्कर काट रही है इसके बाद भी उसकी समस्या का समाधान न होने पर शनिवार को महिला ने उप जिला अधिकारी चरखारी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कस्बा चरखारी के मोहल्ला रायनपुर निवासी सुमन पत्नी सुजीत ने एसडीएम चरखारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि पिता लक्ष्मी प्रसाद के नाम नगरपालिका परिषद चरखारी के वार्ड रायनपुर में गृहकर पंजिका में क्रमाक 323में मकान दर्ज चला आ रहा था माता पिता की तीन बर्ष पुर्व मृत्यु हो गई थी,उन दोनों की मृत्यु के बाद हम दो बहिन वारिश है, कृषि भूमि पर सुमन व शिखा गुप्ता के नाम के नाम वरासत भूमि हो गई लेकिन पैतृक मकान में नगर पालिका परिषद चरखारी के कर्मचारियों ने महज शिखा गुप्ता का नाम दर्ज कर दिया जबकि तहसील से जारी वारिश प्रमाण पत्र में दो बहनों सुमन,शिखा का नाम अंकित हैं, इसके बावजूद प्रार्थीया का नाम गृहकर पंजिका में दर्ज नहीं किया गया, प्रार्थीया सुमन ने बताया कि नगरपालिका परिषद के गृहकर पंजिका में नाम दर्ज कराने के लिए निरन्तर तीन साल से भटक रही हैं। इस प्रकरण की जांच कर रहे नायाब तहसीलदार आलोक कुमार मिश्र ने जांचकर तीन दिवस के अंदर पालिका गृहकर पंजिका में नामांतरण प्रकिया के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ।



प्रार्थना पत्र लेकर भटकती महिला।

**जनसुनवाई** कमिश्नर और डीआईजी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की शिकायतें

# थाना समाधान दिवस पर फरियादियों का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी और पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का शहर कोतवाली में आयोजन किया गया। जहां पर आला अधिकारियों ने समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना और फरियादियों की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण विधिक तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर और डीआईजी के आने से फरियादियों की सुबह से ही भारी भीड़ जुटना शुरु हो गई।

कमिश्नर और डीआईजी ने समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी शिकायतों को सुनने के बाद प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के आदेश दिए। जमीन संबन्धी मामले में लेखपाल, कानूनगो, और पुसिस कर्मियों को मौके पर भेजकर भूमि की नापतौल करने के निर्देश दिए तथा अन्य समस्याओं को सुनने के बाद उनका समाधान करने के लिए संबन्धित राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी मृदुल चैधरी, एसपी अपर्णा गुप्ता, सीओ सदर सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

उधर उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद और पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार की मौजूदगी में थाना अजनर में थाना समाधान दिवस, जहां पर फरियादियों की भारी भीड़ जुटी। अधिकारियों ने एक एक फरियादी की समस्या को सुना और प्राथमिकता के साथ उनका निस्तारण करने के संबन्धित को निर्देश दिए। इस मौके पर भूमि की नापतौल संबन्धी मामले अधिक आए, जिसे उपजिलाधिकारी ने निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस कर्मचारियो को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया।

**दिशा-निर्देश**

▸▸ संबन्धी मामले की सुनवाई में जिलाधिकारी मृदुल चैधरी, एसपी अपर्णा गुप्ता, सीओ सदर सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे



फरियादियों की शिकायत सुनते कमिश्नर और डीआईजी। अमृत विचार

### स्व. पुष्कल सिंह की स्मृति पर होगा सम्मान कार्यक्रम

**महोबा।** 11 फरवरी 1995 को महोबा लंबे इंतजार के जिला बना था। महोबा को जिला बनाने के लिए आंदोलन हुआ और बहुत से लोगों ने संघर्ष किया। बुंदेली समाज इस आंदोलन के मुख्य स्तंभ स्व0 पुष्कल सिंह की स्मृति पर सभी विभूतियों को सम्मानित करता है, जिन्होंने इस आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और महोबा को जनपद का दर्जा दिलाकर जनसेवा कर रहे हैं। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकार ने बताया कि 11 फरवरी को अंबेडकर पार्क में सुबह 11 बजे 11 विभूतियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने इस लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराए जाने की अपील की है।

# कागज पर सड़कें दुरुस्त, मिले गड्ढे

## नवंबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का था दावा, अनदेखी से कुछ सड़कों का अस्तित्व मिटा

कार्यालय संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** सड़कों के गड्ढे हादसे का सबब तो हैं हीं। स्पाइन की बीमारियां भी दे रहे हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चलाया और नवंबर तक हर सड़क को गड्ढा मुक्त करने के आदेश दिए। कागज पर सड़कें गड्ढा मुक्त भी हो गईं पर हकीकत तो कुछ और ही है। हालत यह है कि जिले की तमाम ऐसी सड़कें हैं जिन पर चलना दूभर हो गया है। बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से आए दिन दो पहिया वाहन सवार गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। शिकायतें भी खूब हो रही हैं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यही नहीं कई सड़कों का तो अस्तित्व ही नहीं रह गया है।


जालौन स्टेट हाईवे से हरकौती जाने वाली सड़क। अमृत विचार

### स्टेट हाईवे से हरकौती मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त

जालौन स्टेट हाईवे से हरकौती गांव जाने वाले मार्ग की स्थिति बहुत ही खराब है। कई जगहों पर इस मार्ग का अस्तित्व ही मिट गया है। कागज पर तो पांच किलोमीटर लंबा यह मार्ग पूरी तरह दुरुस्त है लेकिन हकीकत कुछ और ही है। अगर कोई इन गड्ढों को गिनना चाहे तो नहीं गिन सकता क्योंकि इनकी संख्या लाखों में है। इस मार्ग पर हरकौती समेत तीन गांव हैं। दो से तीन हजार लोग हर दिन इससे गुजरते हैं।


नदीगांव से कोंच रोड की स्थिति। अमृत विचार

### नदीगांव से कोंच रोड पर सिर्फ गड्ढे

नदी गांव से कोंच रोड की लंबाई 22 किलोमीटर है। इस मार्ग की स्थिति भी ठीक नहीं है। नदी गांव से सदूपुरा तक 10 किलोमीटर तक यह मार्ग पूरी तरह से खत्म हो गया है। कोई दिन ऐसा नहीं होता जब इस पर हादसे न होते हों। गड्ढों से तो वाहनों के टायर पंचर होते हैं और कमानी भी टूट जाती है। विस चुनाव हो या लोकसभा चुनाव हर बार उम्मीदवार यही कहते हैं कि सड़कें दुरुस्त कराएंगे लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है।


आटा से इटौरा मार्ग की जर्जर हालत। अमृत विचार

### आटा से इटौरा मार्ग आठ साल से नहीं बना

10 किलोमीटर लंबा आटा- इटौरा मार्ग आठ साल से नहीं बना है। न तो क्षेत्रीय सांसद और विधायक को इस मार्ग की बदहाली दिखती है और न ही प्रशासनिक अधिकारियों को। कई बार तहसील दिवस में इस मार्ग की बदहाली का मुद्दा उठ चुका है पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। 10 हजार से अधिक लोग इस मार्ग से गुजरते हैं पर उनका दर्द महसूस करने वाला कोई नहीं है। इससे लोग नाराज भी हैं।


सिम्हारा से कानपुर देहात जनपद सीमा तक जाने वाली सड़क। अमृत विचार

### सिम्हारा से कानपुर देहात जाने वाली सड़क भी टूटी

सिम्हारा गांव से कानपुर देहात की सीमा को जोड़ने वाली यह सड़क भी बदहाल है। लोग कहते हैं कि उन्हें तो याद ही नहीं है कि यह सड़क कब बनी थी। इस पर अब गिट्टी के रोड़े फैले हुए हैं। आसपास के गांवों के लोगों का कहना है कि वे शिकायत करके निराश हो चुके हैं अधिकारी उनकी सुनते ही नहीं ऐसे में शिकायत करने का कोई लाभ नहीं है। चुनाव के समय जब उम्मीदवार आएंगे तब उनसे पूछेंगे कि वे अब तक कहां थे।

## संगीतमयी श्री राम चरितमानस का हुआ आयोजन

**कुठौंद जालौन।** न्यू विजन इंटरनेशनल स्कूल मदनेपुर में 15वें स्थापना दिवस पर गीतमय श्री रामचरितमानस का पाठ किया गया। शनिवार को मानस पाठ समापन के बाद भंडारा आयोजित किया गया। सरोज तिवारी, संरक्षक सुनील तिवारी, प्रबंधक अरुण तिवारी, प्रधानाचार्य कपिल सक्सेना, हरिओम अवस्थी, काउंसलर प्रिंसी दुबे, आशीष द्विवेदी (पिंटू माधौगढ़) शुभेच्छु मुरली मनोहर त्रिपाठी, ब्रह्मेश तिवारी, मनोज तिवारी, राधा कृष्ण सक्सेना, प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, दीनबंधु पांडे आशुतोष मिश्रा सत्यम शुक्ला अभिषेक तिवारी राजू प्रदीप दीक्षा, हर्षिता, नेहा, मोहिनी, काजल, पूजा, वैष्णवी, शिवानी, सपना, सुरक्षा गार्ड राजकुमार, रमाकांत , बुआ जी सुनीता रावत के विशेष सहयोग से शिक्षण संस्थान में शिक्षा के तौर पर काफी लग्नशीलता एवं अनुशासन के तौर पर छात्र-छात्राओं को शिक्षा दीक्षा प्रदान की जाती है।

# छत से गिरकर घायल महिला ने दम तोड़ा

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** शुक्रवार को बन्दरो के हमले से बचने के दौरान छत से गिरकर घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से नगर की जनता भयभीत है और छतो पर जाने के दौरान सतर्कता बरत रहे हैं।

सूत्रो की माने तो जनपद हमीरपुर के ग्राम शीतलपुर निवासी बलराम पाल लगभग 15 वर्षो से नगर के मुहल्ला आलमपुर इलाहाबाद बैंक के सामने गली में मकान बनाकर सपरिवार रह रहे हैं और कपडो की फेरी लगाकर आजीविका चलाते है। शुक्रवार दोपहर उनकी 45 वर्षीय पत्नी सियादुलारी घर की छत पर धूप में गेहूं सुखा रही थी। इसी दौरान बन्दरो का झुण्ड आ गया जिन्हे भगाने के लिए उसने शोर मचाया तो वे हमलावर हो गए। महिला ने बन्दरो से बचने के लिए सडक पर छलांग लगा दी थी जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। आनन फानन परिजनो ने उसे सीएचसी में दाखिल कराया था, लेकिन हालत गंभीर होने पर डाक्टरो ने उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया था और देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पडोसियो के मुताबिक महिला के दो पुत्रो में से एक की शादी हो चुकी है।



● बंदरों के हमले से बचन के लिए छत से नीचे कूद गई थी

### जनता कई बार कर चुकी है बंदरों को पकडने की मांग

ऐसा भी नहीं है कि बन्दरो का उत्पात कोई नया हो बल्कि वर्षो से जनता इनसे परेशान है वह कब और किसका क्या नुकसान कर दे कोई भरोसा नहीं है इसी वजह से नगर के कई मुहल्लो में सभी घरो में जाल लगाये गए है लेकिन फिर भी वह नुकसान कर ही देते हैं।

### बंदर इससे पहले भी बने रहे मौत की वजह

सूत्रो की माने तो वर्ष 2013 में 26 जुलाई को नगर के मुहल्ला आलमपुर खोयामण्डी के पास बन्दरो ने एक भवन की चहारदीवारी में धक्का दे दिया था जिससे मायके आई सगी बहिनें पानकुवँर और ममता की मौके पर ही मौत हो गई थी। वर्ष 2023 में रावगँज मुहल्ला स्थित एक मकान में निर्माण के दौरान राजमिस्त्री को बन्दरो ने खदेड लिया था जिससे सीढियो से गिरकर मौत हो गई थी।

### 40 दिनो में 300 को काटा

नगर में बन्दरो की मौजूदगी काफी पहले से है पर विगत एक दशक से इनकी आबादी में बृद्धि हुई है और जगह और खाना कम होने से खूँखार भी हो गए हैं। आलम यह है कि आमतौर पर लोगो से डरने वाले बन्दर अब लोगो का सामान ही नहीं छीनते हैं बल्कि काट भी रहे हैं। सीएचसी के डा विशाल सचान के अनुसार बन्दर काटने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। 1 जनवरी से 9 फरवरी तक वे 300 को इन्जेक्शन लगा चुके हैं।

# सभी 467 पोलियों बूथों में तैयारियां हुई पूर्णः एसडीएम

**कालपी।** लोकसभा के आम चुनाव की तैयारियों के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। कालपी विधानसभा क्षेत्र के सभी 467 बूथों पर मूलभूत सुविधाएं अब पूरी कर ली गई हैं। एसडीएम हेमंत पटेल ने बताया कि कालपी विस क्षेत्र के 467 बूथों पर चुनाव होना है। बूथों में शौचालय, प्रकाश, पेयजल तथा रैम्प की व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। एक सरकारी विद्यालय का भवन ध्वस्त हो चुका है, इसलिए आंगनबाड़ी के भवन में मतदान बूथ बनाया गया है, जिसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मेरे द्वारा, तहसीलदार नायब तहसीलदारों तथा जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त अधिकारियों के द्वारा प्रत्येक बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है, जिन बूथों में कमियां पाई गई थी, उन कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए थे। उपजिलाधिकारी के अनुसार अगर निर्वाचन नामावली में किसी भी मतदाता के नाम में त्रुटि है, तो वह अपना नाम ठीक करवा सकता है।

## सार-संक्षेप


बच्चों एवं लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाते प्रधान। अमृत विचार

### बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाई

**माधौगढ़ जालौन।** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का प्रधान द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शुभारंभ किया, जिसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल व फाईलेरिया की दवा खिलाई गई। 10 फरवरी से 28 फ़रवरी तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को कन्या प्राथमिक विद्यालय टीहर में बनाये गए बूथ पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने किया। उस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को एल्बेंडाजोल एवम फाईलेरिया की दवा खिलाई। प्रधान ने कहा कि ये फाइलेरिया की बीमारी मच्छर के काटने से फैलती है। जरूरी नहीं कि इसका असर तुरंत हो, इसका असर सालों बाद भी हो सकता है। इसके तहत हाथी पांव, हाइड्रोसील की बीमारी होती है। हर एक को इस दवा का सेवन करना चाहिए। सीएचओ सोमप्रताप सिंह ने बताया कि एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर बीमार लोगों को दवा नही खानी है। एएनएम कुसुम ने बताया कि इस दवा का कोई साइड इफेक्ट्स नही है। इस मौके पर प्रधान प्रदीप कुमार गौरव, सीएचओ सोमप्रताप सिंह, सुपरवाइजर रवि पराग, एएनएम कुसुम, हेडमास्टर गीता, आंगनवाड़ी से मीरा देवी, चित्रा देवी, आशा राजपति, पप्पी, अध्यापक अख्तर, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### भागवत नारायण नहीं रहे

**माधौगण जालौन।** वरिष्ठ पत्रकार सुखदेव सिंह के पिता भागवत नारायण सिंह (87) के निधन पर सुरेंद्र श्रीवास्तव के आवास पर शोक सभा का आओजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में पत्रकार मोनू शर्मा, मनोज शिवहरे, मानसिंह, दीपक सिंह, अजीत उपाध्याय आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

### 664 वां सलाना उर्स 13 और 14 फरवरी को

**कालपी।** स्थानीय नगर के मोहल्ला रावगंज में लंका मीनार के पास स्थित हजरत ख्वाजा हकीमुद्दीन तवीवे दिल्हा मखदूम साहब का दो दिवसीय सलाना उर्स मुबारक 13 व 14 फरवरी को धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए इंतिजामिया कमेटी के द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के सयोजक व कमेटी के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने बताया कि दरगाह परिसर में आयोजित होने वाले सालाना उर्स में मौलाना सैयद शाह सूफी अब्दुर्रहमान बरेलवी, मौलाना सैयद नय्यर अशरफ किछौछा शरीफ, मुफ़्ती ए शहर मौलाना अशफाक अहमद बरकाती, मौलाना तारिक बरकाती, रिजवान, हाफिज शान, कारी अहसान बरकाती उर्स के मौके पर तकरीर करेंगे। इसके अलावा हाफिज मु. इमरान, मसूद रजा बरेली, आफताब रजा, नात ख्वाह हाफिज शाहनबाज अत्तारी के द्वारा कलाम एवं नात का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। उर्स के मौके पर कुरआन ख्वानी, ग़ुस्ल मजारे पाक, फातिहा ख्वानीज के धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

### थाना दिवस में आई मात्र एक शिकायत

**कालपी।** जनता की जमीन संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी हेमन्त पटेल तथा सीओ डॅ. देवेन्द्र पचौरी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। आलमपुर निवासिनी मीना पत्नी प्रेम पाण्डेय ने कहा कि हाईवे किनारे स्थित उसकी करोड़ों रुपये कीमत की जमीन पर दबंगों ने निर्माण करा लिया है। एसडीएम ने मामले के कागज देखने के बाद पुलिस को निर्माण कार्य बन्द करने के निर्देश दिए। पुलिस ने काम बन्द करा दिया। वहीं अन्य आधा दर्जन शिकायतों को भी एसडीएम ने मौके पर मौजूद राजस्व, नगरपालिका और पुलिस को समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफ सहित बडी संख्या में पुलिस बल व लेखपाल भी मौजूद रहा।

### डीएम व एसपी ने सुनीं जनता की समस्याएं

**उरई (जालौन)।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस डकोर में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया। डीएम ने कहा कि प्राप्त शिकायतों को समयाबधि के अन्तर्गत निस्तारण के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं द्वारा दी गई शिकायत प्रार्थना पत्र को गुणवत्तापूर्ण व गुणदोष के आधार पर निस्तारण किया जाये। यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद संबंधी शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाये तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उक्त शिकायतों को निस्तारित किया जाए।

### किसान 14 फरवरी तक जमा कर सकते हैं टोकन फार्म

**उरई (जालौन)।** उप कृषि निदेशक एसके उत्तम ने बताया कि कृषि निदेशालय ने पीएम-कुसुम योजनान्तर्गत के आवेदक किसानों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे कृषक जिनके द्वारा सोलर पम्पों के लिए आवेदन किया था और टोकन कन्फर्म करने के पश्चात अवशेष अंश की धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि 25 जनवरी एवं पांच फरवरी थी पर नहीं नहीं कर सके। ऐसे कृषकों का पुनः 07 फरवरी 2024 को टोकन कन्फर्म कर दिया गया है। अवशेष कृषक अंश की धनराशि जमा करने की अन्तिम तिथि 14 फरवरी 2024 कर दी गई है। संबंधित कृषक को पोर्टल के माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर मैसेज भी प्रेषित किया गया है।

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर जताई खुशी

**उरई (जालौन)।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केन्द्र की सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार को बधाई दी। जिलाध्यक्ष विपिन शिवहरे, मनोज बुधौलिया बुंदेलखंड संगठन महासचिव, संजीव कुमार जिला प्रवक्ता, अरशद शताब्दी छात्र संघ जिलाध्यक्ष, शिवम वर्मा, सोहिल, अनुराग दुवे, अनिल सिंह चौहान, विलाल खान, मोहन गुप्ता, गोलू गुप्ता, विकास कुशवाहा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान आरएलडी नेताओं ने केंद्र की सरकार द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चौधरी को भारत रत्न से नवाजे जाने पर बधाई दी।


बैठक में भाग लेते कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

# अंतिम सांसे गिन रही कांग्रेस को संजीवनी देने आयीं प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, जालौन

● पार्टी में रिक्त चल रहा जिलाध्यक्ष का पद, रेहान सिद्दीकी को सौंपा प्रभार

**अमृत विचार।** आज शनिवार को जनपद जालौन में अंतिम सांसे ले रही कांग्रेस पार्टी को संजीवनी देने के लिए लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक श्रीमती प्रतिभा अटल पाल ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय शहीद भवन अजनारी रोड़ में जनपद के कांग्रेसियों की बैठक ली। जिसमें मात्र समूचे जनपद से लगभग 50 कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता ही जुट सके। बताते चले कि जनपद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद खाली चल रहा है। इस पद का अतिरिक्त भार शहर कांग्रेस अध्यक्ष रेहान सिददीकी को सौपा गया है।यहीं कारण रहा कि लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक श्रीमती प्रतिभा अटल पाल द्वारा ली गयी कांग्रेसियों की बैठक में मात्र 50 कांग्रेसी ही जुट सके। नेताओं ने पर्यवेक्षक से कहा कि जनपद में मुख्यालय से लेकर ब्लाक स्तर पर संगठन के अध्यक्ष नहीं है वहीं जिला मुख्यालय उरई के 34 बार्डो में कांग्रेस के बार्ड अध्यक्ष तक गठित नहीं हो सके है। सूत्रों की अगर मानें तो कांग्रेस शहर अध्यक्ष लगभग 15 वर्ष से इस पद पर काबिज होने के बाद भी शहर के 34 बार्डो संगठन को खड़ा नहीं कर पा सके और न ही नगर पालिका परिषद के चुनाव में प्रत्याशी उतार सके है।

## सरकार की नीतियों को जन जन-जन तक पहुंचाने की चर्चा

**उरई (जालौन)।** भाजपा जिला अध्यक्ष उर्वीजा दीक्षित ने शक्ति संवाद एवं चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को जन- जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि हमें जनता तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों के बारे में जनता को बताना है। डूडा के माध्यम से एनजीओ संचालित किए जा रहे हैं जिससे शहरी क्षेत्र की महिलाओं को समूह के माध्यम रोजगार के अवसर सरकार द्वारा प्राप्त कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीसीएनआरएल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफ व सीएफ एवं समूह के माध्यम से सभी को सरकार रोजगार के अवसर प्राप्त प्रदान कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में 9095 समूह हैं। जिससे 95 हजार 931 परिवार समूह के माध्यम से जुड़े हैं। प्रत्येक समूह में 11 महिलाएं जुड़ी हैं। मुख्य रूप से उपस्थित ऊषा गुप्ता, गायत्री वर्मा, मीना मिश्रा, नर्मदा गौतम, रजनी खरे, प्रवेश, गायत्री देवी रहीं।

# सामाजिक भाईचारा कर संगठन को मजबूत करना है: अतरसिंह

कार्यालय संवाददाता, उरई जालौन



बसपा की कैडर बैठक के दौरान मुख्य अतिथि धीरेन्द्र चौधरी।

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आदेशानुसार कालपी विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर बरखेरा की बैठक ग्राम पंचायत गररेही में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश पाल प्रधान ने की। मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर ने बहुत ही कठिन समय में हम आपको को वोट डालने का अधिकार दिया। इसी वोट से हम ग्राम पंचायत सदस्य से लेकर एमपी एमएलए तक को बनाते हैं हमें किसी के बहकावे न आकर आने वाले 2024 के चुनाव में बसपा को वोट देना है और पार्टी अध्यक्ष मायावती को प्रधानमंत्री बनाना है। महेन्द्र प्रताप सिंह झांसी मंडल प्रभारी पे कहा कि गरीबों का हित बसपा ही कर सकती है। विधान सभा प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल ने कहा बाबा साहब ने कहा कि पहले शिक्षित बनो संगठित रहो और फिर संघर्ष करो। हमे बहुत सूझ बूझ के साथ बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को घर तक पहुंचाना है। पार्टी प्रमुख को पीएम बनाने को लेकर हम सब को गिले शिकवे को भुला कर बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करने का कार्य करना है

पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सतीश चन्द्र श्रीवास, देशराज, होरी लाल अहिरवार ने कहा कि सामाजिक भाईचारा बनाकर बहन मायावती की सरकार में जो भी नीतियां लागू की गई थीं उन्हें जनता तक पहुंचाना है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी मुखिया मायावती को पीएम बनाना है। बीएसपी की चार बार की सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, महामाया योजनान, कांशीराम शहरी विकास योजना व अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को बताना है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष राजेश गौतम, सतीश श्रीवाश पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ,देशराज अहिरवार जोल्हुपुर, होरी लाल अध्यापक आटा, सेक्टर अध्यक्ष राहुल अंबेडकर बरखेरा, कृपा शंकर बोस कालपी, राजेन्द्र कुमार आचार्य प्रभारी गरेंही राहुल गौतम सेक्टर अध्यक्ष कालपी , सुशील पाल, संजय पाल, प्रेम सिंह, करन सिंह, प्रमोद कुमार, कप्तान सिंह, रंजीत सिंह राजकमल मिस्त्री, जयपाल सिंह पाल, गुसाई दीन कठेरिया कुआखेड़ा, शिव पाल दादी, बाबूराम, रमेश, शिवसेवक, बाबूराम भास्कर, मनोज रहे।

**धर्म अध्यात्म** — श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास आचार्य विष्णु ने किया श्रीकृष्ण की माखनचोरी की व्याख्या

# परमात्मा ही परम सत्य, कोई वस्तु उससे अलग नहीं

कार्यालय संवाददाता, जालौन


आचार्य विष्णु से आशीर्वाद लेता पुलिसकर्मी। अमृत विचार


कथा का आनंद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माधौगढ जालौन गल्ला मंडी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास आचार्य विष्णु ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया।प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर परीक्षित बाबूराम शिवहरे गनेशी देवी, मनोज मिश्रा कैलोर,गोरे गुप्ता , रामसेवक शिवहरे उर्फ मुन्ना शिवहरे, राधाकृष्ण शिवहरे, अनिल शिवहरे, मनोज शिवहरे पत्रकार, संजीव शिवहरे अहमदाबाद, राजेश शिवहरे, अंकित, राहुल, ब्रजनन्दन गुप्ता लल्ला भैया शिवहरे राकेश शिवहरे, संतोष शिवहरे, आदित्य शिवहरे अनुराग देवेंद्र शिवहरे, सत्यनारायण शिवहरे रूपापुर राम लक्ष्मन शिवहरे पूर्व प्रधान ईंटों डाक्टर हरिओम शिवहरे सुभाष शिवहरे राहुल शिवहरे रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उरई (जालौन)।** जिला मुख्यालय उरई के कोंच बस स्टैंड के पास स्थित एसआर इंटर कालेज उरई में कक्षा नवमी में पढ़ने वाली छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्रा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा कुठौंद की रहने वाली गुगुन याज्ञिक उरई में अपने मामा के यहां रहकर एसआर इंटर कालेज उरई कक्षा 9 की छात्रा थी। जिसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरा मामला कोंच बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास का है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक छात्रा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बुआ के घर आई पत्नी पर फायर कर खुद को गोली से उड़ाया

## पत्नी से चल रहा था विवाद, मायके में रह रही थी, मृतक के पिता ने बहू व रिश्तेदारों पर लगाया हत्या करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



मृतक की पत्नी विमलेश कुमारी से जानकारी लेते सीओ सदर कमलेश कुमार।


घटनास्थल के निकट मौजूद भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुआ के घर सदर कोतवाली के गांव सलेमपुर तारा बॉगर आई पत्नी पर फायर करने के बाद युवक ने खुद को गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच छानबीन की। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के पिता ने बहू और उसके रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा काटा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बधवा निवासी अमित पाल (28) पुत्र राम विलास का पत्नी विमलेश कुमारी से विवाद चल रहा था। इसी के चलते पत्नी गांव छोड़ कर चार वर्षीय पुत्री के साथ सरायमीरा के देविन टोला में किराये के घर पर रहने लगी। इसके बाद अपने मायके मैनपुरी के थाना वेवर गांव वरहा जाकर रहने लगी।

शुक्रवार को वह जिला अस्पताल में दवा लेने जाने को सलेमपुर तारा बांगर गांव निवासी बुआ गंगा देवी के घर आई थी। इसकी जानकारी पर पति अमित शनिवार को दिन के 11 बजे के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी अपने दोस्त राम खिलावन पुत्र सोवरन के ऑटो पर बैठकर सलेमपुर गांव पहुंच गया। घर में घुसते ही उसने देसी तमंचा 315 बोर निकाल कर पत्नी विमलेश पर फायर किया। गोली चलते ही वह जमीन पर गिर गई। इससे गोली उसके दोनों पैरों के बीच से निकल गई। इधर पत्नी पर गोली चलाने के बाद अमित छत पर गया और उसी तमंचे से कनपटी में गोली मार ली। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने से मौके पर हड़कंप मच गया। गांव से लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई।

### अमित के पास मिले तीन जिंदा कारतूस

**कन्नौज।** पुलिस की छानबीन में मृतक के पास तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा तमंचे के अंदर व एक शव के निकट पड़ा मिला। जहां पत्नी पर फायर किया गया वहां बुलेट पड़ी मिली। मौके के हालात इशारा कर रहे थे कि कि अमित ने पत्नी व खुद पर गोली चलाई। वह पांच कारतूस व तमंचा लेकर पत्नी को मारने पहुंचा था।

इधर सूचना पर सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी व फॉरेंसिक टीम प्रभारी एसआई धीरज कुमार ने मौके पर पहुंच छानबीन की। इसमें पाया कि गोली कनपटी से सटा के चलने से आर-पार हो गई। पुलिस को मौके पर तमंचा व कारतूस खोखा बरामद हुए। पत्नी की फौती सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

उधर, सूचना पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक अमित के पिता राम विलास ने बहू व उसके रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा।


मृतक के पैरों के पास पड़ा तमंचा।

# चक मार्ग, खलिहान व आम रास्ते पर दबंगों का कब्जा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अतिक्रमण**

▸▸ राज्यपाल, मुख्यमंत्री व कमिश्नर से शिकायत करने पर भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव में दबंग बीते कई बरसों से चक मार्ग, खलिहान और आम रास्ते पर कब्जा किए हुए हैं। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कमिश्नर व जिलाधिकारी से शिकायत करने तथा उक्त सभी लोगों के आदेश पर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कब्जा हटाए जाने को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके बाद ग्रामीण ने शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में पुनः लिखित प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटाए जाने तथा अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के सरसई गांव के निवासी ग्रामीण करन सिंह विश्वकर्मा पुत्र स्व.बद्री प्रसाद ने कोतवाली में आयोजित थाना दिवस में लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव स्थित गाटा संख्या 990 मुख्य चक मार्ग में एवं गाटा संख्या 991 खलिहान में तथा गाटा संख्या 1020 आम रास्ता में कागजों में दर्ज है। लेकिन गाटा 990 और 991 पर गांव के ही जगदीश, श्यामल व निर्दोष अवैध रूप में कब्जा किए हुए हैं तथा गाटा 1020 में गांव के ही ठाकुरदास, सुनील और सुशील कब्जा किए हुए हैं। आरोप लगाया कि पूर्व ग्राम प्रधान की मिली भगत से उक्त व्यक्तियों ने कब्जे किए हैं। मुख्यमंत्री, कमिश्नर व जिलाधिकारी से शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीण ने प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटवाने और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। उसका कहना है कि इस वजह से आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर विरोध करो तो धमकाया जाता है जिस वजह से कोई भी इन व्यक्तियों का विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता और इनके हौसले बुलंद हैं। इस मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर से बात की गई तो उनका कहना है कि प्रकरण की जांच करा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अनुपम दुबे का घर व कॉलेज सहित 45 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस नें माफिया अनुपम दुबे का घर और डिग्री कालेज सहित कुछ खेत भी कुर्क किये हैं। माफिया के गांव में सन्नाटा पसरा है।

तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार कई थानों की पुलिस नें सहसापुर स्थित महेश दुबे अपूर्वा महाविद्यालय के साथ ही गाँव में बने आलीशान घर पर भी सरकारी ताला लगा दिया गया। डिग्री कालेज और घर सहित कुल लगभग 45 करोड़ की सम्पत्ति शनिवार को कुर्क की गई। जबकि पूर्व में माफिया और उसके परिवार की 198 करोड़ 73 लाख की सम्पत्ति कुर्क की जा चुकी है।

मौके पर अनुराग दुबे पत्नी अर्चना दुबे मौजूद रहीं। कार्यवाही मोहम्मदाबाद में दर्ज मुकदमें के क्रम में की गयी है।

# चोरो ने नकदी समेत 12 लाख का माल किया पार

**बांदा, अमृत विचार:** गोदरेज अलमारी का लॉकर और बक्से का ताला तोड़कर चोर नगदी समेत 12 लाख के सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह घरवालो को घटना की जानकारी हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।



देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव के मजरा रामरतनपुरवा निवासी लालबाबू पुत्र रामआसरे शुक्रवार की रात अपने परिवार के साथ कमरे में सो रहा था। तभी सूना मौका पाकर चोर कमरे के अंदर घुस आए। कमरे का ताला खोलकर अंदर घुस गए। वहां पर रखी गोदरेज अलमारी का लॉकर और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 50 हजार नगद समेत सोने चांदी के 12 लाख के जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह गृहस्वामी की नीद खुली तो देखा पूरा सामान छत में विखरा पड़ा था। आलमारी में रखे गहने गायब थे। सामान गायब देख महिलाए बदहवास हो गई।

मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया। गृहस्वामी लालबाबू का कहना है कि सवा सौ ग्राम सोने और डेढ किलो चांदी के गहने चोर ले गए। उसने बताया कि वह अपने मकान का निर्माण कार्य करवा रहा है। कमरे की चाबी चैनल के पास टगी थी।जेवर और नगदी पिछले हिस्से में रखी थी।

# प्रोजेक्ट अलंकार में तीन कॉलेजों का चयन

**फर्रुखाबाद, अमृत विचार:** प्रोजेक्ट अलंकार के तहत जिले के तीन विद्यालयों का चयन कर लिया गया है। मुख्यमंत्री जनवरी के प्रथम सप्ताह में इन विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि आवंटित करेंगे। अपर शिक्षा निदेशक ने जिला विद्यालय निरीक्षक से चयनित विद्यालयों की आख्या मांगी है। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में जीर्णोद्धार, मरम्मत व निर्माण व अवस्थापना सुविधाओं के लिए शासन ने माध्यमिक विद्यालयों की सूची मांगी थी। जून में जनपदीय समिति द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार के तहत करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा विद्यालयों की सूची भेजी गई थी। शासन ने इनमें से राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज नवाबगंज, पुरुषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज राजेंद्र नगर व भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज महेशनगर मोहम्मदाबाद का चयन प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कर लिया है।

# पंच कुंडीय महायज्ञ से होगा संकट का नाश

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार :** पचखुरा बुजुर्ग गांव में मां बड़ी दाई सिद्ध आश्रम में श्री पंचकुंडीय नौ दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। मां बड़ी दाई तट से महिलाएं जल भरकर बैंड-बाजे के साथ यज्ञ स्थल पहुंचीं। कलश यात्रा में परीक्षित रोहित सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी स्नेहा आगे चल रही थीं। मंत्रोच्चार से हवन यज्ञोपवीत सम्पन्न हुआ।

बृंदावन से आए आचार्य अनुज नारायण शास्त्री ने प्रवचन में कहा कि पंच कुंडीय महायज्ञ से संकट का नाश होता है। प्राणियों का कल्याण होता है। चारों तरफ सुख शांति और समृद्धि का विकास होता है। उन्होंने यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। जो वेदों से प्रवाहित होता आ रहा है। जो मनुष्य के जीवन में सुखों का संचय करने वाला होता है। कलयुग में जीवन को कलात्मक ढंग से जीने का मार्ग प्रशस्त यज्ञ करता है। रात में बरसाना से आए अंतराष्ट्रीय श्यामा श्याम रासलीला मंडल द्वारा रासलीला की प्रस्तुति देख कर दर्शक भावविभोर हो रहे हैं। पंडाल में बनी भगवान विष्णु की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। महिला पुरुष सहित बच्चे श्रद्धालुओं की भीड़. यज्ञ स्थल पर उमड़. रही है। समिति के सदस्य जगरूप सिंह, सुनील भदौरिया, बलवान भदौरिया, आशाराम यादव, कामता विश्वकर्मा, कुबेर सिंह, लाला गौर आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।


महायज्ञ में शामिल परीक्षित रोहित सिंह पत्नी के साथ। अमृत विचार

### भागवत कथा में भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई

**कुरारा (हमीरपुर), अमृत विचार :** विकासखंड के पारा गांव में समाधि आश्रम मंदिर यज्ञशाला में श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक ने भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। पारा स्थित समाधि आश्रम मंदिर यज्ञशाला में पांचवे दिन चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आचार्य हितेश नंदन (सत्यम व्यास) ने भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि राजा हिरण्य कश्यप भगवान विष्णु को अपना दुश्मन मानता था, वह बहुत बड़ा नास्तिक था। घमंड होने के कारण स्वयं को भगवान कहलाता था। राजा हिरण्य कश्यप का पुत्र प्रहलाद विष्णु भगवान का परम भक्त था। जब यह बात राजा हिरण्य कश्यप को पता चली तो उसने अपने पुत्र को समझाया, लेकिन भक्त प्रहलाद ने भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी। वहीं उन्होंने एक दिन प्रहलाद को मारने के लिए अपनी बहन होलिका से मदद ली। होलिका को भगवान शंकर से वरदान मिला हुआ था कि वह आग से नहीं जलेगी। वरदान में एक ऐसी चादर मिली थी जिसे ओढ़ने पर आग उसे जला नहीं सकती थी। होलिका उस चादर को ओढ़कर प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। लेकिन वह चादर उड़कर भक्त प्रहलाद के ऊपर आ गई और प्रहलाद की जगह होलिका जल गई। इस तरह से हिरण्य कश्यप और होलिका के गलत इरादे पूरे नहीं हो पाए। कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। इस कथा में परीक्षित उदित नारायण तिवारी, मोहन भदौरिया, प्रकाश भारती, रिशाल सिंह, रणधीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, बाबू मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


कथावाचक हितेश नंदन।

# राम-सीता के जीवन पर आधारित वेषभूषा प्रतियोगिता हुई

**आयोजन**

▸▸ कृषि विश्वविद्यालय में हुआ श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला सप्ताह उत्सव

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में 9 व 10 फरवरी को अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वाधान में विश्वविद्यालय सांस्कृतिक सामिति द्वारा श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण, वेशभूषा कार्यक्रम, ड्राइंग व पेटिंग प्रतियोगिता के साथ प्रदर्शनी आयोजित की गई।



माता सीता का किरदार निभाती एक छात्रा। अमृत विचार

प्रथम दिवस शुक्रवार को कार्यक्रम का आरम्भ प्रतिभागियों द्वारा पांच प्रकार के वृक्षों पीपल, काकर, जामुन, आम व वट के वृक्षारोपण से किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ.शालिनी पुरवार, डॉ. अभिषेक कालिया, डॉ.धीरेन्द्र सिंह व डॉ. यश गौतम ने अपना सहयोग प्रदान किया। वृक्षारोपण के बाद वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित हुई, जो भगवान राम व माता सीता के जीवन के विभिन्न आयामों पर आधारित रहा। वेशभूषा कार्यक्रम में स्नातक की सुकीर्ति, आकांक्षा, अपूर्वा, लवी गुप्ता, मोहनी, निशा देवी आदि ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय एवं उद्यान महाविद्यालय की छात्राओं ने माता सीता की छवि व उनके आदर्शों को वेशभूषा के माध्यम से धरातल में उकेरा। छात्र शेखर सिंह ने श्रीराम की वेशभूषा के अनुरूप प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत पूजन किया। वेशभूषा कार्यक्रम के आयोजन में डॉ.बालाजी विक्रम, डॉ.धीरेन्द्र सिंह एवं डॉ.यश गौतम का सराहनीय योगदान रहा। ड्राइंग व पेटिंग प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ.धीरज मिश्रा, डॉ.सौरभ एवं डॉ.दीप्ती भार्गव ने प्रशंसनीय योगदान दिया। छात्र-छात्राओं ने अपने कला कौशल से श्रीराम के जीवन के अनेक पहलुओं को अपने कलर एवं पेंसिल की सहायता से चार्ट पेपर पर सजीवता प्रदान की। दूसरे दिन शनिवार को छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गयी ड्राइंग व पेटिंग की प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का परिशीलन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.अजय कुमार सिंह, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.सुनील कुमार एवं सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.पूनम पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ.पूनम पाण्डेय, सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने किया।

### हाईवे पर सांड़ ने बाइक सवार को पटका, मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, अमृत विचार :** हाईवे पर घूम रहे सांड़ ने बाइक सवार युवक को पटक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले गए, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शहर के मोहल्ला चौधरियान 32 वर्षीय बिलाल पुत्र हाजी जमाल सिद्दीकी शुक्रवार की देर शाम गुरसहायगंज में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था। पूर्वी बाईपास पर हाईवे पर खड़े सांड़ के पास से वह जैसे ही निकला तो उसने हमला बोल दिया, जिससे वह बाइक समेत वहीं गिर गया। इसके बाद सांड़ ने उसे उठाकर पटक दिया। आसपास के दुकानदारों ने शोर मचाया तो सांड़ भाग गया। गंभीर रूप से घायल बिलाल को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन उसे फर्रुखाबाद ले गए जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया।

# ब्रेक डाउन होने से सात घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** बिधूना सब स्टेशन से अछल्दा की 33 केवीए की हाईटेशन लाइन में शनिवार सुबह 6 बजे फाल्ट हो गयी। इससे कस्बे के साथ क्षेत्र के फीडर से जुड़े सैकड़ों गांवों में बिजली लगभग साढ़े सात घंटे सप्लाई ठप रही। करीब साढ़े सात घंटे बाद लाइन सही करके लगभग दोपहर डेढ़ बजे सप्लाई चालू हो सकी। बिजली सप्लाई बाधित होने से जलापूर्ति भी बाधित हो गई।

शनिवार सुबह में बिधूना से अछल्दा आई 33 केवी की हाईटेंशन लाइन 132 सबस्टेशन बिधूना के पास ही फाल्ट हो गयी। जिससे अछल्दा उपकेंद्र की सप्लाई ठप हो गई थी। अछल्दा उपकेंद्र से रुरुगंज, गुनौली, मुहम्मदाबाद व अन्य फीडर से जुड़े सैकड़ों गांवों में सप्लाई ठप हो गयी। इससे बैसोली, छछुंद, तेजपुर, मुहम्मदाबाद, बझेरा, गुनौली, मुखे की मड़ैया, दिलीपपुर, घसारा, तुरुकपुर सहित सैकड़ों गांवो की सप्लाई बाधित हो गई है। लाइन के तार जर्जर हाल में कस्बावासियों का आरोप है कि क्षेत्र से निकली 33 केवी लाइन आये दिन फाल्ट व ब्रेक डाउन होती है।पिछले हफ्ते भी 33 केवी लाइन फाल्ट होने से 10 घंटे आपूर्ति ठप रही थी। जिसके बाद भी क्षेत्र के गांवों की बिजली सप्लाई प्रभावित होती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इन जर्जर तारों को ठीक कराने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक किसी ने भी सुध नहीं ली। एसडीओ ऋषभ कुमार ने बताया कि बिधूना पावर हाउस मे 33केवी लाइन ब्रेक डाउन से विधुत सप्लाई ठप हो गयी थी सूचना पर पहुंच कर कर्मचारियों द्वारा सही करा दिया गया।

**कार्यक्रम** पीडीए की जनचौपाल में समाजवादी पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराया

# भाजपा को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर राज पैलेस गोहन में पीडीए की जनचौपाल का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर और पार्टी के माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष परमात्मा शरण फौजी ने पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत कराया। साथ ही भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।


पीडीए की जनचौपाल में एकत्र लोग। अमृत विचार

जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने कहा कि वर्ष 2014 में सिलेंडर 400 रुपये में मिलता था। आज 1200 रुपये में मिल रहा है। पहले किसानों की कम लागत में अच्छी फसल होती थी आज फसल आधी रह गई। खाद, बीज, डीजल, के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं अन्ना पशु आज भी आवारा घूम रहे हैं और किसानों की फसल को नष्ट कर रहे हैं। समाजवादी सरकार में किसानों को उचित मात्रा में खाद, बीज और सिंचाई के लिए समय से पानी बिजली उपलब्ध होती थी। आज किसान की आवश्यकता है कम दर पर खाद, बीज और सिंचाई के साधन। उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा आयेगा कि चुनाव नहीं होगा और आप अपनी बात नहीं कह पायेंगे। आज गांव- गांव बिजली के मीटर लगाये गये। आज विद्युत बिल के नाम पर उत्पीड़न हो रहा है। वहीं पानी के मीटर लगाकर मीटर का हजारों का बिल लिया जायेगा। आप अपने बच्चों को नौकरी की आशा में पढ़ाते हैं लेकिन इन्हें नौकरी नहीं मिलेगी। आज बेरोजगारी इतनी है कि गांव- गांव खाली पड़े हैं, क्योंकि युवा रोजगार की तलाश में बाहर गये हैं। जब सपा सरकार थी तो लोगों को नौकरी मिल रही थी, बेरोजगारी भत्ता मिल रहा था,कन्या विद्या धन मिल रहा था, किसानों का कर्जा माफ हुआ। उन्होंने कहा कि यदि आप लोगों को संविधान बचाना है और आने वाली पीड़ी का भविष्य सुरक्षित करना है तो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर केंद्र सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है। सपा जीतेगी तभी लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा और संविधान बचेगा। अंत में कार्यक्रम के आयोजक विधानसभा अध्यक्ष माधौगढ़ परमात्मा शरण फौजी ने कहा कि इस सरकार ने सबका साथ सबका विकास नहीं किया बल्कि सबका सत्यानाश कर दिया। उन्होंने कहा कि पांच किलो अनाज से जीवन नहीं चलेगा हमें नौकरी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा राम की दुहाई देकर हम लोगों से वोट लेना चाहते हैं। ऐसे लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। अंत में कुरसेंड़ा निवासी राम किशुन डंडा वाले के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

# ट्रक की टक्कर से चाचा और भतीजे की मौत

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** भागवत कथा का भंडारा खाकर घर से वापस आते समय तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। देर रात हुए हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना ठठिया के लक्ष्मनपुर सिमरिया गांव निवासी दिव्यांशु (28) पुत्र महेश चंद्र शुक्रवार को सौरिख क्षेत्र के पूर्वगांव निवासी बहन पिंकी के यहां भागवत कथा के समापन पर आयोजित भंडारे में गया था। देर रात भंडारा समाप्त होने के बाद वह अपने चाचा प्रेम चंद्र (35) पुत्र राजाराम के साथ बाइक से वापस लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार इंदरगढ़ थाना के विशैनेपुरवा गांव के सामने पहुंची तो तो अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे मे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए जिन्हे मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां डॉक्टरों ने देखते ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वे कह रहे थे कि दोनों को रात में जाने से मना किया था लेकिन नहीं माने।

### छत से गिरी बालिका की उपचार के दौरान मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** मोहल्ला झील निवासी आसाराम सक्सेना की 11 वर्षीय पुत्री संध्या छत पर खेल रही थी। वह छत से पक्की गली में गिर गई, जिससे घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से परिजन उसे कानपुर ले गए। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं शिवम पाल पुत्र श्री बाबू पाल निवासी पिटाकपुर तहसील परगना सिकंदरा जिला कानपुर देहात का निवासी हूं। एलआईसी द्वारा जारी पालिसी संख्या 231213883 में त्रुटिवश मेरा नाम शुभम बाबू पाल पुत्र श्री बाबू पाल अंकित हो गया है। यह घोषणा करता हूं कि शुभम बाबू पाल और शिवम पाल एक ही व्यक्ति हैं।

**आवश्यकता है**

**ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
रेताही मानिकपुर, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)
(सम्बद्ध प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ.प्र.)
में बी.काम में अध्यापन हेतु 03 शिक्षकों की आवश्यकता है।
योग्यता– उपरोक्त पदों पर यू.जी.सी./उ.प्र.शासन द्वारा निर्धारित योग्यतानुसार।
नोट– इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रावली के साथ विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अन्दर सम्पर्क कर सकते हैं।
वेतनमान – उ.प्र.शासन/यूजीसी के मानकानुसार देय होगा।
प्राचार्य- 8765312453,9532071072

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैने अपने पुत्र डेनिस बाल्मीकि और पुत्रवधु निशा के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके किए कार्यो एवं लेनदेन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
–ओमप्रकाश पुत्र मन्नीलाल 166/ठ –1 बीबीपुर चकेरी एरोड्रम, कानपुर

**सूचना**

मेरे पुराने पासपोर्ट पर मेरे पिता का नाम तुर्टिवश बशीर अहमद अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम छेदा है। समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का नाम छेदा ही माना जाये। मो0 गुफरान पुत्र छेदा निवासी मोहल्ला खत्राना कस्बा परगना थाना बिलग्राम हरदोई

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखे जाएंगे प्रश्नपत्र

## यूपी बोर्ड परीक्षाएं कराने की तैयारियों तेजी पर, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को लेकर अफसर बेहद गम्भीर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखा जाएगा। जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा।

### तीन जिम्मेदार अफसर संभालेंगे दायित्व

- स्ट्रांग रूम के दरवाजे की चाबी केंद्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में सुरक्षित रखी जाएगी। इस कमरे को प्रत्येक बार खोलने, लाक, सील किए जाने की कार्यवाही अनिवार्य रूप से केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में की जाएगी। इसका विवरण लाग बुक रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड के निर्देशों का पालन होगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी।

बोर्ड के दिशा निर्देश पर प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र व्यवस्थापक, एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त होगा। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा एवं उनके सुरक्षित रहने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्ट्रांग रूम स्थापित किया जाएगा। यह स्ट्रांग रूम प्रधानाचार्य कक्ष से अलग होगा। स्ट्रांग रूम एवं इसमें रखी डबल लाक आलमारी 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगी।

परीक्षा प्रभारी ने बताया कि जिला मुख्यालय के डबल लाक स्ट्रांग रूम से पुलिस अभिरक्षा में प्रश्नपत्रों के सील्ड बाक्स को बंद करके बंद गाड़ी में डीआईओएस संबंधित परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को दिलाया जाएगा। इसके बाद इन्हें परीक्षा केंद्र पर बने स्ट्रांग रूम में अनिवार्य रूप से केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में डबल लाक आलमारी में रखवाकर सील कराया जाएगा।

जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रश्न पत्रों के बंडल प्राप्त होते ही परीक्षा केंद्र पर आवंटित परीक्षार्थियों की कक्षावार एवं विषयवार संख्या के अनुसार प्रश्नपत्रों की संख्या का मिलान कर लें। अतिरिक्त प्रश्नपत्रों की मांग होने पर तत्काल डीआईओएस को जानकारी दें। ताकि समय से प्रश्नपत्रों की व्यवस्था करा कर उन्हें परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जा सके।

# पुलिस को मिला विक्षिप्त बालक, परिजनों को सौंपा

संवाददाता औंग

**अमृत विचार।** स्थानीय थाने की पुलिस शुक्रवार की रात गश्त पर थी, तभी नेशनल हाईवे स्थित रानीपुर पुल के पास करीब 13 वर्षीय बालक रोता दिखाई पड़ा। जिसे पुलिस थाने लेकर पहुंची। जहां थानाध्यक्ष ने उसे जलपान कराया और उसे सुरक्षित होने का अहसास कराते हुए पूछताछ की

बालक ने पुलिस की काफी मशक्कत के बाद अपनी पहचान विष्णुकांत पुत्र गुलाब सिंह निवासी गोविंदपुरी स्टेशन सी ब्लॉक गांधी पार्क थाना बाबूपुरवा जिला कानपुर नगर बताया, लेकिन कोई मोबाइल नम्बर नहीं बता सका। तब गुगल में सर्च करने पर समाजसेवी तरुण का नंबर प्राप्त हुआ जिसके माध्यम से सूचना भेजी गई। पिता अपने बड़े पुत्र शशीकांत को लेकर थाने पहुंचे और मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चे की पहचान की। जिसके बाद पुलिस ने बालक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक की पहचान में लगे एसओ कांती सिंह, एसआई रामानुज यादव, हेड मोहर्रिर नन्दलाल और कांस्टेबल लोकेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर

### हाईटेंशन की चपेट में आया

**जहानाबाद।** कस्बे के मोहल्ला तालाब ऊपर निवासी शौकीन का 13 वर्षीय पुत्र नफीस शनिवार की दोपहर बाद पास में ही एक बाग में पेड़ में चढ़कर पत्ते तोड़ रहा था तभी पेड़ के करीब से गुज़री हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जहानाबाद लेकर पहुंचे, जहां सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत

**बहुआ।** ललौली थाना क्षेत्र के कीर्ति खेड़ा गांव निवासी राम प्रताप सिंह चौहान (70) गांव में खेत किसानी करते थे। परिजनों ने बताया कि वह फौज से सेवानिवृत्त थे। शुक्रवार को वह खेत जाने के लिए घर से निकले थे। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### छत से गिरकर युवक घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बलदी का पुरवा गांव निवासी जितेंद्र कुमार घरों की पुताई करता है। वह कोतवाली क्षेत्र के हरदो गांव में घर की पुताई कर रहा था। तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसको हरदो सीएचसी पहुंचा गया। जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### टक्कर से दम्पति घायल

**फतेहपुर।** कौशांबी जनपद के मंझनपुर थाना क्षेत्र के नया नगर निवासी असद उल्ला अपनी पत्नी ताहेरा बेगम को बाइक पर सवार कर रिश्तेदारी में आया था। जब उसकी बाइक खखरेरू थाना क्षेत्र के पौली गांव के पास पहुंची। तभी ई-रिक्शा ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दम्पति घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### होटल में घुसा ट्रक

होटल में घुसा ट्रक, बाल-बाल बचे

थरियांव। स्थानीय थाने के सामने बने ओवर ब्रिज के नीचे रंजित कुमार अपनी दुकान खोले हुए है। रंजित कुमार ने बताया कि ओवरलोड मोरंग से लोड ट्रक कानपुर की तरफ से आ रहा था। शनिवार सुबह ट्रक ने दुकान में टक्कर मार दी। जिससे दुकान का कुछ समान क्षतिग्रस्त हो गया।

# नालियों में 'बीमारी' बहा रहे शहर के निजी अस्पताल

## स्वास्थ्य विभाग नहीं दे रहा कोई ध्यान, बीमारी फैलने का डर

संवाददाता फतेहपुर

- रिहायशी मोहल्लों की नालियों में बह रहा प्रदूषित पानी
- संक्रमण घरों तक पहुंचने का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ा

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग की भारीभरकम टीम होने के बावजूद जिले के निजी अस्पताल इमरजेंसी से लेकर आपरेशन थिएटर तक से निकलने वाले दूषित पानी को बिना शोधित किए नाली में बहा रहे हैं। साथ ही बीमारी के वायरस व बैक्टीरिया भी अस्पताल की बेसिन से होते हुए नाली में जा रहे हैं। इसी नाली से रिहायशी घरों की नालियां भी जुड़ी हैं इसलिए संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

अस्पताल के ड्रेसिंग रूम, इमरजेंसी, माइनर ओटी, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम आदि से निकलने वाले गंदे पानी को सीधे नाली में नहीं बहाया जा सकता। इसके लिए अस्पतालों में ईटीपी (इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) लगाना जरूरी है। जिला अस्पताल के पीछे की तरफ ईटीपी चल रही है। लेकिन निजी अस्पतालों में ईटीपी नहीं बनी है। इसके बावजूद सीएमओ कार्यालय की जांच टीम इसे क्यों नजरअंदाज कर रही है इसे लेकर तरह-तरह की चर्चा है।

> अस्पतालों में ईटीपी के लिए शासनादेश आया है। इसका पालन कराया जाएगा। निजी अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों में मानकों की चेकिंग चल रही है।
>
> **डा. अशोक कुमार, सीएमओ**

सीएमओ डा. अशोक कुमार का कहना है कि अस्पतालों में ईटीपी आवश्यक है। इन अस्पतालों की नालियां व लोगों के घरों की नालियां एक ही मुख्य नाली या नाले से जुड़ी हैं। इसलिए अस्पतालों में मरीजों के ऑपरेशन आदि में निकले विभिन्न बीमारियों के कीटाणुओं से संक्रमित खून, पस, यूरिन, पित्त से दूषित पानी को ट्रीटमेंट करने के बाद ही नाली में छोड़ने का शासनादेश है। लेकिन इसकी धज्जियां उड़ाए जाने से बीमारियों का संक्रमण अस्पतालों व उनकी नालियों से होते हुए लोगों के घरों तक पहुंचने का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

### शहर के पॉश इलाकों को भी नहीं बख्शा

प्रमुख जनप्रतिनिधियों व आला अधिकारियों के कार्यालयों व आवासों के आसपास चलने वाले निजी अस्पतालों में भी ईटीपी नहीं लगी है। उनके ऑपरेशन थिएटर व लेबररूम से निकलने वाला दूषित पानी, खून व पस आदि सीधे नालियों में जा रहा है, लेकिन स्वास्थ्य महकमा इसे नजरअंदाज कर रहा है।

# समाधान दिवस में 72 शिकायतें आठ निस्तारित

**फतेहपुर।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधितों को शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

एसपी उदय शंकर सिंह शनिवार को समाधान दिवस में कोतवाली बिन्दकी पहुंचे। जहां पर राजस्व की अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। तीनों तहसीलों के थानों में शनिवार को आयोजित हुए संपूर्ण थाना दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुए। राजस्व संबंधित शिकायत के मद्देनजर टीम बनाकर मौके पर भेजी गई। शाम तक समस्या का समाधान कराने में टीम जुटी रहीं। पूरे जनपद के थानों में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 शिकायती पत्र पहुंचे। जहां राजस्व संबंधित 51, पुलिस से संबंधित 21 शिकायतें पहुंचीं।

# सीएमएस को निरीक्षण के दौरान ओटी परिसर में घूमते मिले दलाल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में ऑपरेशन के नाम पर डॉक्टर के एजेंट के द्वारा मरीज के तीमारदार से 12 हजार रुपए लेने का वीडियो वायरल होने पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने तीन सदस्यीय टीम बनकर जांच का आदेश दिया था। पांच दिन बाद बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद ओटी परिसर (ऑपरेशन कक्ष) का सीएमएस ने टीम के साथ मिलकर निरीक्षण किया तो मौके से कई दलाल मिले, जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए ओटी प्रभारी से रिपोर्ट मांगी है।



ओटी परिसर में निरीक्षण के दौरान सीएमएस डा. पीके सिंह। अमृत विचार

- सीएमएस ने टीम के साथ ओटी परिसर का किया निरीक्षण
- घूमते मिले चार दलालों के खिलाफ होगी कार्यवाही

जिला अस्पताल में डॉक्टर के एजेंट के द्वारा भर्ती मरीज और ऑपरेशन के नाम पर पैसों की उगाही जमकर किया जाता है। दलाल पर लगाम लगाने के लिए सीएमएस डा पीके सिंह ने टीम के साथ शनिवार को ओटी परिसर (ऑपरेशन कक्ष) का निरीक्षण किया तो मौके पर तीन दलाल मिले और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी, जिनसें टीम ने पूछताछ की तो सही जवाब नहीं दे पाए। सीएमएस ने सभी का नाम पता पूछकर पुलिस कर्मियों को पकड़कर ओटी प्रभारी रेखा सिंह चंदेल से सभी के खिलाफ रिपोर्ट देने का आदेश दिया। मामले में सीएमएस पीके सिंह कुछ और ही कहते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कक्ष में मिले लोग आउटसोर्सिंग करने वाले छात्र है, जो लोग मिले हैं उनकी रिपोर्ट ओटी प्रभारी से मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने पर सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के नाम पर पैसा लेने वाला व्यक्ति जिला अस्पताल का नही है। फिर भी जांच चल रही है। आपको बता दें कि निरीक्षण के दौरान कैमरे चलता देखकर दलाल भागने लगे, लेकिन गेट बंद होने से पकड़ में आ गए।



गंदगी के बीच जीवन यापन करने को मजबूर कॉलोनीवासी। अमृत विचार

# कांशीराम कॉलोनी के वाशिंदों ने डीएम आवास को घेरा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- नाला चोक होने से भीषण जलभराव के साथ फैली गंदगी
- नगर पालिका से राहत नहीं, डीएम से लगाई गुहार

**अमृत विचार।** शहर के महर्षि विद्या मंदिर के समीप स्थित कांशीराम कॉलोनी के लोगों का शनिवार को सब्र का बांध टूट गया। यहां के लोग डीएम आवास में डेरा डाल दिया। इनका आरोप था कि कॉलोनी में जलनिकासी न होने के कारण लोग गंदगी के बीच जीवन यापन कर रहे हैं, कई बार नगर पालिका प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि इन दिनों बद से बदतर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। साफ सफाई के आभाव में जल निकासी न होने से भीषण जलभराव एवं फैली गंदगी के दुर्गंध से यहां के लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। कॉलोनीवासी नगर पालिका के ईओ को प्रार्थना पत्र सौंप कर समस्या से निदान की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बताया कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने से चारों ओर गंदगी का अम्बार है। नगर पालिका द्वारा बनवाए गए नाले को कुछ लोगों ने बंद कर दिया है। जिससे जलनिकासी नहीं हो पा रही है।

गंदा पानी परिसर में भर रहता है। जिससे उठ रही दुर्गंध से लोग बीमार हो रहे हैं। डीएम आवास पहुंचे कॉलोनी के लोगों ने मांग कि इस गम्भीर समस्या को निस्तारण कराते हुए लोगों को राहत दी जाए।

# सर्दियों में बढ़े टीबी मरीज, सतर्कता बरतने की सलाह

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा डॉटस केन्द्रों के माध्यम से टीबी मरीजों का इलाज कर रहा है। इसके बावजूद सर्दियों में नगर में एक दर्जन टीबी के मरीज बढ़े हैं। जिससे स्वास्थ्य विभाग इसे चिंताजनक बता रहा है। वहीं डॉक्टर दो सप्ताह तक खांसी आने पर तुरंत सतर्कता बरतते हुये सरकारी अस्पताल में जांच कराने की बात कही है।



- जनवरी में 16 तो फरवरी में अब तक सामने आए पांच मरीज
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा डाट्स केन्द्रों में हो रहा उपचार

टीबी एक खतरनाक बीमारी है। समय रहते इलाज होने पर मरीज पूरी तरह स्वस्थ्य हो जाता है। इसके बावजूद अगर लापरवाही की तो इसके परिणाम घातक सिद्ध हो सकते हैं। दो सप्ताह तक खांसी आती है तो सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जांच की जाती है। यदि टीबी के लक्षण पाये गये तो लगातार इलाज चलने से यह बीमारी ठीक हो सकती है। बताया कि जनवरी माह में 16 टीबी के मरीज पाये गये हैं। जबकि फरवरी माह में अब तक पांच नये मरीज प्रकाश में आये हैं। डाक्टर ने बताया कि सर्दियों में एक ही कमरे में कई लोग सोते हैं। जिससे यह बीमारी एक दूसरे में फैल जाती है। वैसे नगर में करीब एक सैकड़ा टीबी मरीज एक्टिव हैं। उनका बराबर इलाज चल रहा है और नजर रखी जा रही है।

### यह हैं सावधानियां

- डॉक्टर ने बताया कि किसी भी हालत में डॉटस केन्द्र का कोर्स अधूरा न छोड़े। खांसी हो तो मुंह में रूमाल से ढकें। टीबी के जीवाणु खांसने व छींकने से फैलते हैं।

### यह हैं टीबी के लक्षण

- दो सप्ताह तक लगातार खांसी आना, बुखार आना, रात में पसीना आना, भूख कम लगना और लगातार वजन घटना यह टीबी के लक्षण हैं।

# यातायात के प्रति किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को यातायात प्रभारी एवं यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चार पहिया वाहनों पर काली फिल्म एवं दो पहिया वाहन पर लगे मोडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों एवं तीन सवारी व चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म में 12 साल की सजा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को कोर्ट ने 12 साल कारावास की सजा सुनाई हैं। कोर्ट ने पांच हजार का अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक लड़की 11 जनवरी 2013 को जंगल में लकड़ी बीनने गई थी।



**11** साल बाद कोर्ट ने सुनाई सजा, असोथर क्षेत्र में 2013 की है घटना

इसी दौरान गांव का ननकवा कोरी किशोरी को पैसा देने का लालच देकर खेतों की ओर ले गया। वहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने घर आकर अपनी दादी को आपबीती बताई। दादी आरोपी के घर उलाहना देने गई तो गाली गलौज कर भगा दिया। दादी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो प्रथम अनिल कुमार की कोर्ट में मामले की अंतिम सुनवाई हुई। मामले में सात गवाह पेश हुए। न्यायाधीश ने दोनों बच्चों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए 12 साल कारावास की सजा और पांच हजार के अर्थदंड से दण्डित किया। अर्थ दंड न जमा करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए हैं।

## सार-संक्षेप



जेसीबी से तोड़ा गया अतिक्रमण। अमृत विचार

### अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर, मचा हड़कंप

**गाजीपुर फतेहपुर।** कस्बे के चौराहे पर पीडब्लूडी तथा राजस्व टीम की मौजूदगी में अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर से मुक्त कराया गया। जिससे अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी देखने को मिली। पीडब्लूडी के अधिकारियों व पुलिस कर्मचारी व राजस्व टीम के नेतृत्व में शनिवार को सुबह दस बजे से चौराहे पर जेसीबी द्वारा मानकविहीन बनी दुकानों को तोड़ा गया। बल्कि कुछ दुकानदारों ने स्वयं से ही अपनी दुकानें तोड़ना चालू कर दिया था। दुकानें टूटने पर राजू जनपद बांदा जो फिलहाल गाजीपुर चौराहे पर किराना की दुकान लगा रखी थी। पुलिस को दुकान तोड़ने से मना करने के लिए कहा कि अब दुकान पर जेसीबी नहीं चलेगी, तभी पुलिस ने राजू को थाने ले जाकर बैठा दिया। इस मौके पर पीडब्लूडी विभाग के एके गुप्ता, जेई विजय कुमार तथा राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार रजनीश श्रीवास्तव तथा क्षेत्रीय लेखपाल व कानून गो तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

### वार्षिक समारोह में बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोहा मन

**चौडगरा फतेहपुर।** मलवां विकास खंड के संदीपनी पब्लिक स्कूल अदमापुर, कोरसम में शनिवार को कलरव वायस आफ किड्स वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्रबन्धक आशीष सिंह ने दीप प्रजवलित कर किया। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। छात्रा प्रज्जवलिता द्वारा काव्य ग्रंथ रश्मिरथी की पंक्तियां सुना तालियां बटोरी गईं। ओ माई फ्रेंड्स गणेशा... पर डांस छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। मेरे घर राम आये हैं... की प्रस्तुति देखकर उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। हिन्दु मुस्लिम एकता पर नाट्य प्रस्तुति, इतिहास का मैं आइना हुं...पर राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियों से मन मोह लिया। प्रबन्धक आशीष सिंह ने कहा कि बच्चों को संस्कार परक शिक्षा देना उद्देश्य है। प्रधानाचार्य श्रवेंद्र कुमार सिंह ने स्वागत किया। पूर्व प्रधानाचार्य कल्लू सिंह, प्रधान गंगा प्रसाद तिवारी, युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण शुक्ला, लालू सिंह, गणेश दीक्षित, सज्जन सिंह, कुलदीप साहू, प्रभात सिंह, राजू सिंह, संजय सिंह, पप्पू सिंह रहे।

लोकसभा चुनाव

स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, मतदान अवश्य करने की दिलाई गई शपथ

# बिना सोचे सारे काम छोड़ दो, पहले जाकर अपना वोट दो

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों के साथ अधिकारी, समाजसेवी और ग्रामीणों ने रैली के माध्यम से मतदान के लिए आम जनमानस को जागरूक किया। रैली को स्वीप आइकॉन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शहर के खुशवंत राय नगर स्थित एक स्कूल से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल स्कूली बच्चे, समाजसेवी, अधिकारी और ग्रामीणों ने आम जनमानस को मतदाता करने के लिए जागरूक किया। हाथ में पम्पलेट लिए बच्चे नारा लगा रहे थे कि सारे काम छोड़ दो पहले जाकर वोट दो, मतदान हमारा अधिकारी व कर्तब्य भी है, पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाते रहे। इस मौके पर मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। स्वीप आइकॉन अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा बढ़े उसके लिए मतदाता जागरूकता निकाला गया है। साथ ही बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें प्रथम आए छात्र शिवंशी शुक्ल, आरोही सिंह और गौरी तिवारी रही। इस मौके पर मौजूद लोगों को मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने कहा कि मतदाता हमारा अधिकारी है और हम अपने मत का प्रयोग कर एक अच्छी सरकार का चुनने का काम करते हैं।



स्कूली बच्चों को शपथ दिलाते जिम्मेदार। अमृत विचार

- पहले मतदान फिर जलपान के नारों के साथ निकाली रैली
- मतदान का प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने को जागरूकता

स्वीप आइकॉन ने कहा कि इस बार 18 साल के ऊपर करीब 50 हजार नए मतदाता बने है, जो अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मौका 5 साल में एक बार आता है। रैली में महेंद्र शुक्ल, प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी, मयंक विश्वकर्मा, श्याम मोहन, सुरेश श्रीवास्तव और रीता श्रीवास्तव मौजूद रहे।





रैली के माध्यम से फैलाई गई जागरुकता। अमृत विचार

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**फतेहपुर।** चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बिंदकी के बच्चों ने नुक्कड नाटक व रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक किया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। बिंदकी तहसील के नायब तहसीलदार, लेखपाल व विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन तिवारी व शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में बच्चों ने चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल परिसर से ललौली चौराहा, तहसील परिसर, बजाजा गली, फाटक बाजार व नाही गली होते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने नुक्कड नाटक के माध्यम से भी मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया।

# अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया गांव में शुक्रवार की रात एक अधेड़ घर के बाहर दरवाजे पर सो रहा था। तभी बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर उसको घायल कर दिया। लोगों के जाग जाने पर मौके से फरार हो गए। परिजन घायल को इलाज के लिये नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया गांव निवासी रामशरन अपने घर के बाहर दरवाजे सोया था। तभी अज्ञात बदमाशों ने उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गए। परिजन उसको इलाज के लिए असोथर सीएचसी लेकर पहुंचे।

# प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का 'वृहत्साम'। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।" सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं "सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।" वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की द्रष्टा प्रवृत्ति है। द्रष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय द्रष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं "हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।" वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को 'भरतजन' नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा 'भारत' कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे 'रसो वे सः' गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-"जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।" श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है "वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।" कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब "सखि वसंत आया" जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को 'ऋत' कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

# रत्नों की बारिश

> मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को 'रामास्त्र' पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी 'अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग 'चेयरसिंह' कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, 'मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए'। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, "बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई"।

# मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की "रक्षा" का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। "धर्म की रक्षा" के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और 'धर्म' का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली 'धर्म' का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्त्येयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92)

(धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने- श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है 'ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः' वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

# महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य 'रामायण' के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं " प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।" (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।- अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते । (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म,अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

# कहां है साहित्य की वह धारा


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

# आओ ऋतुराज वसंत


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं 'देव', कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

# अयोध्या और तुलसी


डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-'बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।' अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

## एक नजर

### विधानसभा का सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

### छह माह से बंद पड़े हैं विद्युत व्यथा निवारण फोरम

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य विद्युत नियामक आयोग के तहत खोले गये विद्युत व्यथा निवारण फोरम पिछले छह माह से बंद पड़े हुए हैं। इससे बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बंद पड़ फोरमों को शीघ्र खोले जाने की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत व्यथा निवारण फोरम में पूर्व में शिकायतें दर्ज होती थीं। शिकायतों पर संबंधित बिजली अभियंताओं से जवाब तलब किया जाता था, पर फोरम के बंद होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं।

# यूपी में आया 2300 करोड़ का विदेशी निवेश

## विधानसभा में मुख्यमंत्री ने पेश किया अवस्थापना व औद्योगिक विकास के परिदृश्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है। स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा।

योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू


विधानसभा में कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य सदस्य।

**▸▸ सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी**

करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।

**गंगा एक्सप्रेसवे पर महाकुंभ के पहले यातायात संचालन पर फोकस:** प्रदेश के अंदर बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए योगी सरकार में हुए कार्यों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विकास हमारे कार्यकाल में हुआ जिसे हम पहले ही पूरा कर चुके हैं।

मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे को भी पूरा करने पर हमारा फोकस है तथा हमें विश्वास है कि महाकुंभ 2025 के प्रारंभ से पहले इसे संचालित करने में सफल होंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आगरा-लखनऊ से जोड़ने तथा एक लिंग एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया के लिए भी बजट में धनराशि का प्रावधान किया गया है।

### इन पर भी रहा मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान

**▸▸ अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन :** वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

**▸▸ एमएसएमई :** 2017 के पहले उपेक्षित सेक्टर में 2016-17 तक 2028 करोड़ के ऋण का वितरण प्रदेश में होता था। वहीं, 2022-23 में 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए का ऋण एमएसएमई यूनिट को उपलब्ध कराया गया। वर्ष 2024-25 के लिए इसे 2 लाख 91 हजार करोड़ रुपए करने का संकल्प रखा गया है।

**▸▸ युवा उद्यमी विकास :** यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

**▸▸ उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष :** इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।

**▸▸ वस्त्रोद्योग :** 2024-25 में वस्त्रोद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक नई निफ्ट समेत आंगनबाड़ी के विकास का भी कार्य हुआ है।

**▸▸ सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम :** इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।

**▸▸ खेल :** प्रदेश में खेल के स्तर को सुधारने के लिए कोई योजना नहीं थी, मगर उत्तर प्रदेश अब पहला राज्य है जो बाकायदा पॉलिसी लाकर 500 से ज्यादा खिलाड़ियों को रोजगार दे चुका है। हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी को डीएसपी बनाया व सम्मानित भी किया गया।

# नकल माफिया बोर्ड परीक्षा में लेते थे गांरटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विप में शनिवार को जैसे ही नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आने से पहले उत्तर प्रदेश में भर्ती का मतलब घोटाला होता था। अगर बोर्ड की परीक्षा होती थी, तो नकल माफिया बोर्ड से लेकर भर्ती तक नकल की गारन्टी लेते थे। जब भाजपा सरकार आयी तो हमने नकल विरोधी अध्यादेश लाकर नकल बन्द करायी। छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जवाब सुनते ही सपा के विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी और सदन से बहिर्गमन कर गये।

शनिवार होने के कारण आज प्रश्न प्रहर नहीं हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सदन के पूर्व सदस्य सरदार महेन्द्र सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजलि अर्पित की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री, नियम 105 के तहत सपा सदस्यों द्वारा उठाए गए बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षित बेरोजगारों की आत्महत्या के सवालों का जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि सपा ने बिना तैयारी के बेरोजगारी के विषय को उठाया है, प्रदेश सरकार पारदर्शी तरीके से नौकरी दे रही है। समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं हो रही हैं, पारदर्शी तरीके से रिजल्ट निकल रहे हैं। रोजगार के क्षेत्र में भी उप्र को नम्बर वन बनाने के लिए हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत जिले स्तर पर बच्चों को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। सरकार की मंशा है कि बच्चे पढ़ लिखकर देश व दुनिया में किसी भी परीक्षा को उत्तीर्ण कर आगे बढ़ें। शिक्षित बेरोजगारो के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने 2015 के सचिवालय में चपरासी के 368 पदों के सापेक्ष 23 लाख आए आवेदन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इनमें से 250 पीएचडी, 24 हजार ग्रेजुअट थे। इसके बाद सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और बेरोजगार विरोधी होने का आरोप लगाते हुए सपा सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

## विधान परिषद कार्यवाही

### दोनो सदनों में पास हुए पांच विधेयक

भोजनावकाश के बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा पारित भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024 और उप्र निजी विश्वविद्यालय( संशोधन) विधेयक,2024 को सदन की मेज पर रखा गया और ध्वनिमत से पारित हुए। इसके अलावा उप्र लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक,2024, उप्र लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक,2024 और उप विनियोग विधेयक,2024 तीनो विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए।

### हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया

बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने औरैया के ग्राम शहबदिया में ग्राम प्रधान रमाकांत उर्फ रिंकू व उनके चचेरे भाई रविन्द्र कुमार की हत्या का मुद्दा कार्य स्थगन के रूप में उठाया। उन्होंने कहा कि एक ही मामले में दो हत्याएं हो गईं, मगर संबन्धित थाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा घटना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराध करनेवाला कोई भी बच नहीं पायेगा। प्रधान की हत्या का दोषी जेल जा चुका है, मामला न्यायालय में हैं जबकि दूसरी घटना में कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। अगर सदस्य विवेचना से संतुष्ट नहीं हैं तो किसी अन्य अधिकारी से विवेचना करायी जा सकती है।

# बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

**▸▸ योगी सरकार के बजट पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कसा तंज**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बेरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। सरकारी क्या बताएं कि बिजली के नए कारखाने के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है? नई सड़कों को तो छोड़िए, सड़कों के गड्ढे भरने में कोई प्रावधान है या नहीं है। यह देखा जाना चाहिए। गड्ढों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है। नगर विकास विभाग से लेकर गृह विभाग तक के बजट का आंकड़ा पेश करते हुए कहा कि जो बजट प्रावधान किए गए, उसका आधा पैसा भी खर्च नहीं हो पाया।


विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने के लिए जाते सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य सदस्य।

### अयोध्या नहीं जाना है वोट बैंक पर पड़ेगा असर

नेता विरोधी दल अखिलेश यादव द्वारा राम के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि हमने तो कभी राजनीति नहीं की। राम तो हमारे अराध्य हैं। राम के बिना कोई काम कैसे हो सकता है। उठते-जागते हर समय राम-राम का संबोधन होता है, लेकिन अयोध्या नहीं जाना है क्योंकि वोटबैंक पर असर पड़ जाएगा।

### राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसा बनेगा? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

### मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में कंसेशन 5 फीसदी तक नहीं है।

# आशा बहुओं के भुगतान की उठी मांग

**▸▸ भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उठाया मुद्दा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता कानून (यूनिफार्म सिविल कोड) लागू करने के संबंध में बधाई की सूचना दी। साथ ही उन्होंने नियम 115 में आजमगढ़ की आशा बहुओं के बकाया भुगतान की मांग उठी। सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, शाहनवाज खान एवं मो.जासमीर अन्सारी ने उप्र राज्य शिक्षा सेवा आयोग के गठन के बाद अभी तक अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। निर्दल समूह के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग 2023 के अधिनियमित होने के बाद से आ रही कठिनाईयों का निदान कराये जाने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा आयोग के गठन की प्रक्रिया संचालित है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने शाम को 7.20 बजे सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है।

### शंकराचार्य के बाद हिंदू उत्थान का काम कर रहे मोदी: राजा भैया

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुंडा से निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने सदन की कार्यवाही के दौरान योगी सरकार के बजट का समर्थन किया और योगी-मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मंदिरों की दीवारों पर गुंबद बना देने से गंगा-जमुनी तहजीब नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये हम लोगों का सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर को देखने को मिला। आदि शंकराचार्य के बाद अगर कोई सनातन उत्थान का, हिंदू उत्थान का काम कर रहा है तो वह नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली-339

**बाएं से दाएं**

1. 1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8. 1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2. 1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6. 1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7. 1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।




### वर्ग पहेली - 338 का हल




# करने पड़े बड़े सुधार, तब आया सुशासन

## मुख्यमंत्री ने सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित 'सुशासन दिवस 2024' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर सुधार किये गये। पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया।

**▸▸ बोले, पहले की सरकारों ने प्रदेश की क्षमता का नहीं किया बेहतर उपयोग**

नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय 'सुशासन महोत्सव 2024' के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुशासन महोत्सव प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर प्रदेश में नये उद्यमियों के लिए लाई गई पांच लाख तक के ब्याज मुक्त ऋण की भी चर्चा की।

### बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है।

### आसान होगा मुरादाबाद, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और श्रावस्ती का सफर

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं इस माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो सकती हैं। फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएंगी। विमान का किराया और शेड्यूल भी जल्द जारी होने की संभावना है। राज्य सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन पांच शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं, उनका किराया 1800 से 2500 रुपये के बीच होगा। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर सवा से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा।

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 6 | | 1 | | 8 | | 7 |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | 3 | | | | | 5 | | 2 |
| | | 7 | | 9 | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 5 |
| | | | 8 | 2 | | 4 | | |
| 9 | | 5 | | | 6 | | 8 | |
| | 4 | | | | 3 | | | |
| 8 | | 3 | | | | 2 | 1 | |

### सुडोकू - 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 9 | 1 |
| 3 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 4 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।


मेष

आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।


वृष

आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।


मिथुन

आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।


कर्क

आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।


सिंह

आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।


कन्या

आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।


तुला

आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।


वृश्चिक

आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।


धनु

आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।


मकर

आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।


कुंभ

आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।


मीन

आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
कूली
सुबह : 09.00
सिंह इज ब्लिंग
रात : 09.00

Sony Max
पीकू
सुबह : 08.00
गुमराह
रात : 07.00

Utsav Gold
बजरंगी भाईजान
सुबह : 09.15
सीता रामम
शाम : 06.45

Zee Cinema
पड़ोसन
सुबह : 09.40
रेड
रात : 07.00

Colors Cineplex
हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां
सुबह : 10.23
गोविंदा मेरा नाम
शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...
बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?
संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

# फिरोजाबाद समेत दो लोस सीटों पर लड़ेंगे शिवप्रसाद

## दूसरी सीट मैनपुरी व कन्नौज में से कोई एक होगी ,सर्वजन सुखाय पार्टी से इटावा में जसकरन कटेरिया प्रत्याशी बने

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सर्वजन सुखाय पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव के लोकसभा चुनाव में फिरोजाबाद के अलावा कन्नौज और मैनपुरी में से किसी एक सीट से मैदान में उतरने की घोषणा से राजनैतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। तीनों ही लोकसभा सीटों को सपा का गढ़ माना जाता है। फिरोजाबाद से सपा ने पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव के पुत्र पूर्व सांसद अक्षय यादव एवं मैनपुरी से पूर्व सीएम अखिलेश यादव की पत्नी एवं वर्तमान सांसद डिंपल यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। कन्नौज से सैफई परिवार का ही कोई व्यक्ति चुनाव लड़ेगा, इस बात की संभावनाएं प्रबल हैं। सैफई परिवार के लिए सबसे मजबूत समझी जाने वाली तीनों सीटों में से दो सीटों पर शिवप्रसाद यादव के चुनाव मैदान में आने से मुकाबला काफी रोचक होगा। एसएसपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को हुई बैठक

- सपा के गढ़ हैं तीनों लोकसभा क्षेत्र, फिरोजाबाद में सपा के अक्षय यादव की बढ़ी मुश्किलें
- मैनपुरी और कन्नौज सीट पर सैफई परिवार से टकराव की संभावना बढ़ी


बैठक को संबोधित करते सर्वजन सुखाय पार्टी के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव।


एसएसपी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। अमृत विचार

में यह निर्णय लिया गया। बैठक में लोकसभा चुनावों की तैयारी एवं प्रत्याशियों के विषय में चर्चा की गई। बैठक में इटावा लोकसभा से सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जसकरन सिंह कठेरिया को सर्वसम्मति से लोकसभा इटावा का प्रत्याशी घोषित किया गया। संगठन के सभी लोगों की मांग पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्र से एसएसपी के प्रत्याशी होंगे। मैनपुरी, कन्नौज दोनों लोकसभा में से किसी एक लोकसभा में भी प्रत्याशी रहेंगे। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में संगठन कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बलबूते पर सर्वजन सुखाय पार्टी केवल चुनाव ही नहीं लड़ेगी बल्कि जीतने का काम भी करेगी।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दशरथ सिंह यादव मैनपुरी, राष्ट्रीय महासचिव राम शंकर शर्मा, सत्यराम सिंह यादव, बुंदेलखंड प्रभारी उमेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष जसकरन सिंह कठेरिया, कानपुर मंडल प्रभारी सत्येंद्र कठेरिया, कमलेश यादव शिकोहाबाद प्रदेश महासचिव रामदास यादव, आगरा मंडल प्रभारी वीकेश यादव, जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद विनीत यादव, जिला अध्यक्ष मैनपुरी सत्येंद्र यादव, जिला अध्यक्ष कन्नौज प्रिंस यादव ने ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से अपनी-अपनी जगह से लोकसभा प्रत्याशी बनने के लिए आग्रह किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद सामोद यादव, जिला महासचिव औरैया रामकुमार यादव, रानू खान, विक्रम सिंह शाक्य, हरि गोविंद सिंह राजपूत, राकेश कुमार वर्मा, मनोज यादव ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। आज की इस बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष इटावा जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

# आज होगी आरओ व एआरओ की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जिले में 32 विद्यालयों को बनाया गया है परीक्षा केंद्र

**अमृत विचार।** समीक्षा अधिकारी तथा सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच 11 फरवरी को कराई जाएगी। इसके लिए सभी तैयरियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। इसके लिए कक्ष निरीक्षक तैनात कर दिए गए हैं। स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए हैं।

इस आरओ एआरओ परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है। पिछले दिनों डीएम तथा एसएसपी ने बैठक करके प रीक्षा की तैयारियों के संबंध में जरुरी निर्देश भी दिए थे। इसके साथ ही यह व्यवस्था भी की गई है कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहे। इसके लिए परीक्षा केन्द्रों के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आसपास भी सुरक्षा बल मुस्तैद रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आसपास फोटो कापी की दुकाने बंद रखी जाएंगी। प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कराने की तैयारी कर ली है। अधिकारी भी परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमणशील रहेंगे और पूरी स्थिति पर नजर रखेंगे। परीक्षा केन्द्रों की स्थिति गूगल पर शेयर कर दी गई है ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पहुंचने में परेशानी न हो।



**परीक्षा एक नजर में**

- परीक्षा केन्द्र– 32
- परीक्षार्थी– 14188
- स्टेटिक मजिस्ट्रेट– 32
- सेक्टर मजिस्ट्रेट– 10

# मानसिक रोग के कारण बताए गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसईनावर में मेंटल हेल्थ कार्यक्रम में मानसिक बीमारियों के कारण और उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने नसबंदी कार्यक्रम में सहयोग करने वाली आशाओं को सम्मानित किया। दस लाभार्थियां को आयुष्मान भारत के तहत कार्ड वितरित किए।

अपर मुख्य अधिकारी एवं मेंटल हेल्थ के नोडल डा श्री निवास ने मानसिक विकार रोग के बारे में बताया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित एमडब्लूसी पर पांच लाभार्थियों नरेंद्र सिंह परिहार, मोनिका यादव, पवन पटेल, शीलू और सुभाश को लेपटाप दिए गए। अब एनडब्लूसी पर डिजिटल रिपोर्ट की जा सकेगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि मानसिक बीमारियों के बारे में अज्ञानता नुकसानदेह होती है। इसलिए आवश्यक है कि हम जागरूक रहें। यदि हमारे शरीर अथवा विचारों में कुछ भी असामान्य हो रहा है तो तुरंत चिकित्सक से सलाह दें। समय पर रोग की पहचान होने से उससे बचाव हो सकता है।

कार्यक्रम में चिकित्सा अधीक्षक डा उदय प्रताप यादव एवं लेखा प्रबंधक संजय ने अतिथियों का प्रतीक चिंह एवं शाल पहनाकर सम्मान किया। ताखा मंडल अध्यक्ष सुदेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशनीत यादव, राहुल राज, सौरभ दीक्षित, गोविंद दुबे,जितेंद्र आदि रहे।


जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत का स्वागत करते सीएचसी अधीक्षक डॉ. उदयप्रताप।

- भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत ने बांटे आयुष्मान कार्ड

## शार्ट सर्किट से सराफा दुकान में लगी आग

**भरथना,इटावा।** भरथना कोतवाली के मोहल्ला बालूगंज शहीद चंद्र शेखर पार्क के निकट अजय कुमार की सराफा दुकान में आग लग गई। दुकान से आग की लपटें आग निकलते देखी तो हड़कंप मच गया।

दुकान में आग लगने की सूचना मौजूद लोगों ने सर्राफ और फायरबिग्रेड को दी। दुकान स्वामी सर्राफ अजय कुमार मौके पर पहुंचे। इसी बीच फायर कर्मी मय मशीन के मौके पर पहुंच गए। फायर कर्मियों ने बिना समय बिताए सर्राफ की दुकान में लगी आग पर काबू पा लिया। अग्नि पीड़ित ने फायर कर्मियों को बताया कि फायर बिग्रेड ने समय से घटना स्थल पर पहुंच कर उनका बड़ा नुकसान होने से बचाया। फायर कर्मियों ने बताया कि सर्राफ की दुकान में बिजली का शार्ट सर्किट होने से आग लगी थी।

# चार शिकायतें आई , निस्तारण किसी का नहीं

**समाधान दिवस**

संवाददाता, बकेवर-इटावा

**अमृत विचार।** शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर न्यायिक तहसीलदार भरथना अवधेश गुप्ता व प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने शिकायतों को सुना बकेवर थाने पर चार शिकायतें आयी मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका । वहीं चकर नगर सक्रिल के चारों थानों में कोई भी फरियादी शिकायत लेकर नही पहुंचा। शनिवार को बकेवर थाने में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम कछपुरा निवासी राम नारायण ने दिये शिकायती पत्र में बताया है कि पड़ोस के ही विपक्षीगणों ने सार्वजनिक खड़जा उखाड़कर उनके परनाले का जबरन पानी रोक दिया है जब वह कहते है कि नाली का पानी क्यों रोक देते हो तो विपक्षीगण गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी देते है।ग्राम मड़ैया दिलीपनगर के संजीव कुमार अपने मकान का निर्माण कर रहे है कि तभी पड़ोस के ही विपक्षीगण मकान बनाने का विरोध करते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते है। ग्राम सराय इलाही के गेदालाल ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही विपक्षीगण उनको अपनी निजी भूमि पर निर्माण नहीं करने दे रहे हैं। लखना के दीक्षितान मुहाल निवासी आंखों से दिव्यांग अभिषेक ने अंत्योदय राशनकार्ड बनाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया। तहसीलदार ने बताया कि जमीन से जुड़े मामलों में लेखपालों को पुलिस टीम के साथ भेजा जा रहा है।अंत्योदय राशन कार्ड को प्रार्थनापत्र सम्बंधित विभाग को भेजा जा रहा है। समाधान दिवस में उपनिरीक्षक अलख निरंजन,आर के निषाद,चौकी इंचार्ज बराउख अनुज बालियान,दीवान चंद्र पाल के अलावा लेखपाल रोमेश कुमार अग्निहोत्री सुधीर चौबे, कृष्ण कुमार ,मनोज कुमार अर्जुन सिंह चौहान,विकास कुमार, प्रवीण कुमार आदि लेखपाल मौजूद रहे।

**चकरनगर संवाददाता के अनुसार** सक्रिल के चकर नगर सहसों भरेह व बिठौली थाने में कोई भी फरियादी अपनी शिकायत लेकर नही पहुंचा। समाधान दिवस में गए अधिकारी फरियादियों के आने का इंतजार करते रहे।


बकेवर में जन शिकायतें सुनते तहसीलदार सीओ। अमृत विचार

- चकरनगर सर्किल के चारों थानों में एक भी फरियादी नहीं

# नई गाइडलाइन से छाया कोचिंग पर संकट

कार्यालय संवाददाता इटावा

- जिले में 41 कोचिंग रजिस्टर्ड जहां पढ़ते हैं 4000 से अधिक छात्र-छात्राएं

**अमृत विचार।** शिक्षा मंत्रालय ने नई गाइडलाइन जारी की है जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के छात्र छात्राओं के कोचिंग जाने पर मनाही की बात कही गई है। शिक्षा विभाग की गाइडलाइन के चलते कोचिंग सेंटरों पर संकट के बादल छा गए हैं। क्योंकि इन कोचिंगों में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। जो छात्र-छात्राएं कक्षा 9 व 10 के हैं उनकी आयु 16 वर्ष से कम होती है। यह गाइडलाइन लागू होती है तो फिर कोचिंग संस्थानों में कक्षा 9 और कक्षा 10 के बच्चे कैसे पढ़नें आएंगे।

अभी बड़ी संख्या में इन कक्षाओं के बच्चे भी कोचिंग संस्थानों में जाते हैं जिसके चलते सुबह शाम कोचिंग संस्थानों में भारी भीड़ दिखाई देती है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के मुताबिक जिले में 41 कोचिंग रजिस्टर्ड है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें लगभग 4000 छात्र छात्राएं पढ़ने के लिए आते हैं। इनमें से आधे से अधिक कक्षा 9 और कक्षा 10 के हैं। यदि यह नई गाइडलाइन लागू हुई तो फिर यह बच्चे कोचिंग पढ़ने नहीं आ पाएंगे। इससे कोचिंग संचालकों को काफी नुकसान होगा। ऐसी स्थिति में तो कोचिंग संचालक कक्षा 12 को ही कोचिंग दे पाएंगे और कुछ बच्चे जो कक्षा 11 में है, उन्हीं को कोचिंग दे पाएंगे। शहर में इन दिनों चौगुर्जी मोहल्ला कोचिंग का हब है।

## सामूहिक विवाह का लक्ष्य पूरा करने की कवायद जारी

**इटावा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादियां कराईजा रही हैं। इसके लिए सरकार की ओर से 1100 शादियां कराए जाने का लक्ष्य दिया गया है उसे पूरा करने की कवायद चल रही है। पिछले महीने सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन के बाद इस महीने फिर 19 फरवरी को आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है और अब तक 200 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। लक्ष्य को लेकर अब तक 800 से अधिक जोड़ों के विवाह कराए जा चुके हैं।

सरकार की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत आर्थिक रुप से कमजोर लोगों की पुत्रियों के विवाह कराए जाते हैं। प्रत्येक जोड़े पर सरकार की ओर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं।

# महिलाओं को आरक्षण मोदी की देन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर शक्ति वंदन के तहत सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में शक्ति संवाद-चाय पर चर्चा कार्यक्रम हुआ ।

शक्ति संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है । 2024 के लोकसभा चुनाव में भी नारी शक्ति वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेगी। सबका साथ सबका विकास के मजबूत इरादे से सत्ता में आई भाजपा सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए अनेक जन कल्याणकारी कार्य किए हैं और हर बार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित किया है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त करने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल पास किया। उज्ज्वला योजना के तहत धुंआ रहित जीवन दिया, शौचालय बनवाकर आत्मसम्मान दिया, लखपति दीदी अभियान के तहत महिलाओं का जीवन सरल बनाकर महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है। तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर मुस्लिम बहिनों के अधिकारों की रक्षा करने का काम भी पीएम मोदी ने ही किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने मातृ शक्ति को समर्पित कई योजनाएं लागू की है। संचालन राहुल राजपूत ने किया। शक्ति संवाद कार्यक्रम में प्रमनीषा शुक्ला, ममता कुशवाहा, विरला शाक्य, रजत चौधरी, संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य आदि रहे।


शक्ति वंदन कार्यक्रम में बोलते भाजपा सांसद डा रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

- सांसद डा रामशंकर ने शक्ति संवाद चाय पर चर्चा में कहा

**सार-संक्षेप**

### कांग्रेसी दावेदारों से लिए जाएंगे बायोडॉटा

**इटावा।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस से टिकट दावेदारों से बायोडॉटा एकत्रित करेगी। जिलाध्यक्ष मलखान सिह यादव व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कांग्रेसजनों से कहा है कि 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यालय पर इटावा लोकसभा क्षेत्र प्रभारी देवेन्द्र पाण्डेय आ रहे हैं। वह लोकसभा चुनाव के लिए सभी दावेदारों से बायोडाटा लेंगे। पीसीसी सदस्यों, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जिला कांग्रेस कमेटी, शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक अध्यक्षों, वार्ड अध्यक्षों, न्याय पंचायत अध्यक्षों, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा, जिला व शहर अध्यक्ष, सेवादल पदाधिकारियों से बैठक में आने के लिए कहा गया है।

### बचपन प्ले ने मनाया स्थापना दिवस

**जसवंतनगर, इटावा।** बचपन प्ले स्कूल परिसर में 20वां स्थापना दिवस मनाया गया। 20 वर्ष पूर्व दिल्ली में एसके एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड संस्था की स्थापना की गई थी। उसी के अंतर्गत बचपन प्ले स्कूल खोले गए थे। जसवंतनगर स्थित बचपन प्ले स्कूल के एमडी राहुल दीक्षित ने केक काटा। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति भी दी। श्री दीक्षित ने कहा कि वर्ष 2004 में दिल्ली में संस्था के फाउंडर एवं सीईओ अजय गुप्ता ने बचपन प्ले स्कूल श्रंखला की स्थापना की थी। इन दिनों लगभग 1200 से अधिक स्कूल संस्था की ओर से चल रहे हैं। भारत के अलावा यह स्कूल भूटान नेपाल तथा श्रीलंका में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जसवंतनगर के स्कूल को खुले हुए अब तक 12 वर्ष बीत चुके हैं। स्कूल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी भाग लेने के लिए पहुंचे थे।

### कनौजिया कान्यकुब्ज सभा ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**बकेवर, इटावा।** लखना कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में कनौजिया कान्यकुब्ज सभा के वार्षिक सम्मेलन में समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । इसके साथ ही कुरीतियों को दूर कर समाज को एकजुट करने पर बल दिया। समाजसेवी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने कहाकि संगठित समाज आदर और सम्मान का पात्र होता है ।इस लिए समाज के लोग संगठित रहने के साथ साथ शिक्षित और दीक्षित बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभा के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू त्रिपाठी ने कहाकि समाज तभी उन्नति कर सकता है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षा रुपी मशाल के प्रकाश से प्रकाशित हो । कनौजिया सभा के पदाधिकारी राजेश त्रिपाठी, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी,शिवजीवन, सुरेश, श्याम सरोवर, अतुल, रामानंद त्रिपाठी,डा वेदप्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य वक्ताओं ने समाज के लोगों से सुन्दर आचरण, एकता व सतत प्रयास कर उन्नति पर बल दिया ।इस मौके पर हाईस्कूल की परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने पर कार्तिक त्रिपाठी, तृप्ति,अंश त्रिपाठी को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया वहीं समाज के दो दर्जन से अधिक मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड देकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र त्रिपाठी सराय मिट्ठे के द्वारा व संचालन रामानंद त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

### दुकान से लापता युवक का तीन दिन बाद भी सुराग नहीं

**इटावा।** फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पक्का बाग से एक युवक वुधवार की शाम को अचानक लापता हो गया। शहर के मोहल्ला कटरा शमशेर खां निवासी योगेंद्र चौधरी उर्फ सोनू चौधरी की पक्का बाग पर हर्षवर्धन होटल के सामने सरताज बैट्री के नाम से बैट्री की दुकान है। बुधवार की शाम को करीब पौने नौ बजे वह अपनी दुकान बंद कर निकल गए । लेकिन घर नही पहुंचे । परिजनों ने उनकी खोजबीन की लेकिन उनका कोई सुराग नही लग सका। पुलिस ने तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नही की है। सोनू का सुराग न लगने पर परिजनों का बुरा हाल है।


गायब हुआ सोनू।

### वार्षिक समारोह 13 को

**महेवा।** ब्लाक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत उझियानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 13 फरवरी को सुबह 10 बजे से खंड शिक्षा अधिकारी महेवा धर्मेंद्र प्रसाद के निर्देशन में होगा।

**आंदोलन** — प्रांतीय अध्यक्ष व महामंत्री ने राज्य स्तर पर हड़ताल का किया आह्वान

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए राज्य कर्मचारियों की 16 को हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राज्य कर्मचारी 16 फरवरी को हड़ताल पर रहेंगे। प्रांतीय नेताओं ने राज्यव्यापी हड़ताल का आह्वान करते हुए जनपद स्तर पर सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कुशलपाल सिंह एवं प्रांतीय महामंत्री राजीव यादव ने केंद्रीय बजट में पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में कोई प्रावधान न होने पर गहरी निराशा व्यक्त की है। कहा कि अप्रैल 2005 से समाप्त पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुनः लागू कराने के लिए गत एक अक्टूबर व तीन नवम्बर 2023 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्तर आयोजित महाशंखनाद व महाहुंकार रैलियों में स्थानीय निकाय के लाखों कर्मचारियों व पेंशनर्स ने भाग लिया था । वर्तमान सरकार पर इस का कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला। राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधान सभाओं के निर्वाचन उपरान्त वहां की पूर्व सरकारों ने नये सिरे से पुनः लागू पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर कर्मचारियों का आर्थिक शोषण व कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के अन्तरिम बजट में भी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए कोई आर्थिक राहत नही दी गई।

आठवें वेतन आयोग के गठन की आशा भी धूमिल है। इस प्रकार सरकार पूरी तरह कर्मचारी विरोधी है। यदि हम समस्त को अपना भविष्य सुरक्षित रखना है तो आन्दोलन व संघर्ष का रास्ता अपनाने पर विवश होना पड़ेगा। समय रहते यदि हम अपने आर्थिक अधिकारों की रक्षार्थ एवं प्राप्ति के लिए जागृत नहीं हुए तो भविष्य अंधकार मय हो जाएगा ।

कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली, संविदा कर्मियों का नियमितीकरण, नवीन नियुक्तियां ठेका प्रथा पर कम से कम 18 हजार रुपये मासिक वेतन देने आदि मांगों के लिए हड़ताल की जाएगी।

## अटेवा का ताखा में हुआ जनसंवाद कार्यक्रम

संवाददाता, ऊसराहार-इटावा

**अमृत विचार।** ऑल टीचर्स इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा के राष्टीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के आव्हान पर जिला इकाई ने जनसंवाद कार्यक्रम चलाया । जिसमें आम जनता अधिकारियों कर्मचारियों से पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कराने हेतु रणनीति पर चर्चा परिचर्चा की। ताखा में अटेवा के मांडलिक महामंत्री केके यादव के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यकारणी ने जनसंवाद आंदोलन चलाया। अटेवा के सभी पदाधिकारियों ने बीईओ बीरेंद्र सिंह पटेल, एआरपी अनिल दुबे, शैलेंद्र यादव, बीरेंद्र सिंह, अनमोल कुशवाहा को अटेवा की डायरी भेंट की। पुरानी पेंशन के आंदोलन में सहयोग करने को कहा। बीईओ ने कहा पुरानी पेंशन बहाली की एकमात्र आशा अटेवा एवं नेशनल मूमेंट ओल्ड पेंशन स्कीम के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों से ही संभव है। यह कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है। सरकार को मानवीय संवेदनाओं के आधार पर पुरानी पेंशन योजना लागू कर देनी चाहिये। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत सैकड़ों शिक्षकों से संपर्क किया गया । इस मौके पर केके यादव मंडलीय मंत्री कानपुर मंडल, प्रभाकर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ताखा, नितिन चौबे ब्लाक संरक्षक ,अरविंद कुमार ब्लाक संरक्षक ,मनीष कुमार ब्लॉक महामंत्री ,जितेंद्र पाल सिंह ब्लॉक संरक्षक, अमित यादव ब्लाक उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार पाल ब्लाक उपाध्यक्ष,अवधेश राठौर जिला कोऑर्डिनेटर, रवि नामदेव आय व्यय निरीक्षक ब्लॉक ताखा आदि मौजूद रहे।


पुरानी पेंशन संबंधित संबंधित प्रपत्रों से जानकारी देते अटेवा के पदाधिकारी।

# अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह निकाला है सही सलामत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का विपक्ष को दिया जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।



उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा-मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

### श्वेत पत्र ध्यान भटकाने के लिए लाया गया : वेणुगोपाल



कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है।

### किसानों के दिल्ली कूच के मद्देनजर सिरसा में धारा 144 लागू

**सिरसा।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनैतिक) व किसान मजदूर मोर्चा द्वारा 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के आह्वान के मद्देनजर जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछित तत्वों का जिला में प्रवेश रोकने के लिए जिला प्रशासन ने धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगाने के आदेश दिए हैं। इसी के साथ किसान संगठनों के 'दिल्ली कूच' को लेकर हरियाणा के सात जिलों में रविवार से अगले तीन दिनों तक इंटरनेट सेवा ठप रहेगी। जिलाधीश पार्थ गुप्ता ने कहा है कि जिला में तुरंत प्रभाव से पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, डंडा, बरछा, कुल्हाड़ी, जाली, फरसा, गंडासी, भल्ला आदि हथियार के रूप में इस्तेमाल की जा सकती है।

### 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला...



फ़रीदाबाद जिले में 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में परेड के दौरान अलग-अलग किरदारों में सजे कलाकार प्रदर्शन करते हुए। यहां कई राज्यों के कलाकारों ने हिस्सा लिया है। ● एजेंसी

### एक नजर

#### हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

**सोनीपत।** सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडकंप मच गया।

#### देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया-प्रधानमंत्री विकास की हर परियोजना पर प्लानिंग की जगह मॉडलिंग कर रहे हैं और हम ईडी, सीबीआई से लड़ रहे हैं।

## दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति दूर का सपना नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह

▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी




देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

## ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित 2 लोग गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, ''धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।'' अधिकारी के अनुसार, गबन की राशि से आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने उदयपुर-नाथद्वारा रोड पर एक 'फार्म हाउस' खरीदा। उन्होंने बताया कि मामला उस समय सामने आया जब बैंक के एक ग्राहक के खाते से चार फरवरी को 32 लाख रुपये निकाल लिये गये। अधिकारी के मुताबिक, बाद में जब बैंक के अन्य ग्राहकों के खातों की जांच की गई तो गबन की जानकारी हुई।

## सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी भरा पत्र मिला

**नासिक।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

## दलित, ओबीसी और आदिवासी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी

डीसा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है। मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के

▸▸ लोगों से मोदी बोले- हमारी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला



तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा केंद्र पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी की अनदेखी करने के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा। मोदी ने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**झाबुआ (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे। गुजरात की सीमा से लगे झाबुआ में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में झाबुआ और आसपास के जिलों के हजारों की संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग भी शामिल होंगे। व्यापक भीड़ के मद्देनजर समारोहस्थल पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

# कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5400 -5500 |
| अरहर | 8000 -8300 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 4400 -4500 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 15000-15200 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6900-7000 |
| मटरदाल | 5300-5400 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 7050-7100 |
| उड़ददाल | 8800- 12500 |
| उड़द धोवा | 10200- 12800 |
| मूँगदाल | 9500 -10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

## सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

### पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों को रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे.लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

#### ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं



1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।
2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।
3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।
4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।
5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

#### प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

| वाहन का प्रकार | ट्रांसपोर्ट गाड़ियां |
|---|---|
| बस | 744 |
| ई-रिक्शा | 5,50,689 |
| ई-रिक्शा विद कार्ट | 21,689 |
| थ्री व्हीलर यात्री | 15,633 |
| थ्री व्हीलर गुड्स | 1,288 |
| गुड्स कैरियर | 177 |
| मोटर कैब | 138 |
| बाइक-स्कूटर किराए वाली | 35 |
| एक्स-रे वैन | 1 |

| वाहन का प्रकार | नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल |
|---|---|
| मोटर साइकिल स्कूटर | 66,960 |
| बाइक-स्कूटर विद साइड कार | 52 |
| मोपेड | 703 |
| मोटर-कार | 4,712 |
| मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी | 2,198 |
| कृषि ट्रैक्टर | 91 |
| एडाप्टेड वाहन | 03 |
| फारक लिफ्ट | 01 |
| थ्री व्हीलर पर्सनल | 01 |
| कुल ट्रांसपोर्ट ईवी | 5,90,394 |
| कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी | 74,721 |
| कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या | 6,65,115 |

## आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,350 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में 40 हजार करोड़ का लगाएगा विद्युत वाहन, बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

### नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

## वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित

▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी



अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

## एक नजर

### इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

**एपी।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

### यूक्रेन के खारकीव पर रूस का ड्रोन हमला, 3 बच्चों समेत 7 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर रूस ने ड्रोन से शुक्रवार-शनिवार की रात बड़ा हमला बोला। हमले में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनिहुबोव ने शनिवार को कहा कि ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से नेमिश्लियन जिले में नागरिक बुनियादी ढांचा को निशाना बनाया गया। इस हमले के कारण भीषण आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर 15 घरों को नुकसान पहुंचा है। गृहमंत्री इहोर क्लिमेंको ने कहा कि वहां से 50 लोगों को निकाला गया है।

### कनाडाः भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

**टोरंटो।** कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

### अमेरिका के हवाई- कैलिफोर्निया में 5.7 तीव्रता से आया भूकंप

**होनोलूलू/मालिबु।** अमेरिका के हवाई के बिग आइलैंड और मालिबु के निकट सदर्न कैलिफोर्निया में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूभौतिय सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि हवाई में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र नालेहु से 11 मील (18 किलोमीटर) दक्षिण में और छह मील (10 किलोमीटर) गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि सुनामी की कोई आशंका नहीं है। दूसरी तरफ कैलिफोर्निया में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप आया जिसके झटके लॉस एंजिलिस क्षेत्र में भी महसूस किए गए।

## जेलों में गर्भवती हो रहीं महिला कैदियों के मामले में उच्चतम न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदियों के गर्भवती होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की जांच के लिए, सहमति व्यक्त



करते हुए जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल से इस मुद्दे को देखने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

अग्रवाल जेलों में बढ़ते कैदियों के मामले में न्याय मित्र के रूप में सुप्रीम कोर्ट की सहायता कर रहे हैं। गुरुवार को बंगाल के सुधार गृहों में में महिला कैदियों के गर्भवती होने का मुद्दा हाई कोर्ट में उठाया गया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले को आपराधिक मुकदमों की सुनवाई करने वाली खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसमें कोर्ट द्वारा नियुक्त न्याय मित्र तापस कुमार भांजा ने दावा किया था कि बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। इसलिए 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न सुधार गृहों में रह रहे हैं। भांजा ने सुधार गृहों के पुरुष कर्मचारियों को महिला कैदियों के सेल में प्रवेश पर रोक लगाने का सुझाव दिया है।

## महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा हैं चार्जिंग स्टेशन

# यूपी ईवी में अव्वल

*देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।*

**12,146** कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 18 सौ से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

**2030** तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत



### देश में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

### 2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

### उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।



## इमरान खेमे में दोहरी खुशी, पीटीआई समर्थित प्रत्याशियों ने जीतीं सर्वाधिक सीटें

# इमरान को 12 केसों में मिली जमानत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिली है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है।

इमरान के लिए ये दोहरी खुशी इसलिए भी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी उनकी पार्टी पीटीआई के समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इसके अतिरिक्त, इमरान खान के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है। इमरान को आर्मी म्यूजियम पर हमलों में भी जमानत दे दी गई है। अदालत ने सभी 12 मामलों में 1 लाख पाकिस्तान रुपये के जमानत बांड पर जमानत दी है। जमानत आवेदनों पर एटीसी न्यायाधीश मलिक इजाज आसिफ ने फैसला सुनाया कि पीटीआई संस्थापक को हिरासत में रखने का कोई औचित्य नहीं है और 9 मई के मामलों में सभी संदिग्धों को जमानत दे दी गई। इमरान और कुरैशी को 6 फरवरी को आरोपों के अनुसार दोषी ठहराया गया था।



### पीटीआई के उम्मीदवारों को मिलीं 99 सीटें

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक 99 सीट जीती हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित हैं। नवाज की पीएमएल-एन ने 71, पीपीपी ने 53 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

### बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती, कोर्ट पहुंचे पीटीआई नेता



पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई है। याचिका में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने दावा किया कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उन्हें 'फर्जी' परिणाम पर विजेता घोषित किया।

### राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकारः मुनीर



पाकिस्तान के चुनावी परिणाम आने के बाद शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने इसी के साथ कहा कि मेरी कामना है कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा और आगे बढ़ने के लिए स्थिर सरकार मिलेगी। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

## 100% भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारत

**पर्थ, एजेंसी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं।'

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे थे जिनमें कई लोगों के हित शामिल थे लेकिन वैश्विक बहस पर कुछ ही लोगों का दबदबा था।

### आने वाले वक्त में क्वाड की प्रासंगिकता बढ़ेगी



भारतीय समुदाय को संबोधित करते जयशंकर।

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं। उन्होंने कहा कि ये चारों देश इस समुद्री क्षेत्र के चार कोनों पर स्थित हैं।

### भारत में एक दशक में 8 नए एयरपोर्ट बने

जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की जमकर सराहना की। उन्होंने कोरोना महामारी (कोविड) के दौर में भारत में हुई सकारात्मक पहल और गरीबों को मुफ्त राशन जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि कोरोना से उबरने में प्रोत्साहन की अहम भूमिका रही। विदेश मंत्री ने कहा कि जब पूरी दुनिया कोरोना से जूझ रही थी, उस समय भारत में सभी के मन में एक ही बात और भावना थी, किसी भी सूरत में इस संकट के समय को पीछे छोड़ना है। उन्होंने बीते एक दशक में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं।

## अमेरिकाः घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

**2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी**

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

## संगम पर उमड़े भक्त...



**प्रयागराज :** चल रहे माघ मेले के तीसरे और मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार शाम तक 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी



## मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तीन दशक बाद भारत में होगी, 18 से होगा आगाज

**नई दिल्ली।** करीब तीन दशक बाद भारत में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता होने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता का यह 71वां संस्करण होगा, जो 18 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये वर्तमान मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का, पूर्व विजेता टोनी एन सिंह (जमैका) ने प्रतियोगिता की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 20 फरवरी को भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) करेगा। प्रतिस्पर्धा इंडिया वेलकम द वर्ल्ड गाला के साथ शुरू होगी और इसका ग्रैंड फिनाले 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। नई दिल्ली में भारत मंडपम समेत विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। इसमें दुनिया भर के देशों के 120 प्रतियोगी भाग लेंगे।

## पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखीः गिलोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच,



भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

## टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

**विज्ञान** नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

# शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरीक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।



शनि का उपग्रह मीमास।

### एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

## 88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

**मुबंई।** हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



## सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासनः उद्धव ठाकरे

**मुबंई, एजेंसी**



**कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा**

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।